मंगलवार

02 जुलाई 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



तेजस्वी ने जारी किया बिहार का क्राइम बुलेटिन, बोले- अपराधी जब चाहे कर रहे लूट-हत्या

2

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ

# संसद में हंगामा... राहुल बोले- जो लोग अपने को हिंदू कहते हैं, वह हिंसा की बात करते हैं

- बीजेपी समेत तमाम सत्ता पक्ष के सदस्यों ने राहुल गांधी की बातों पर जताई आपत्ति
- पीएम नरेंद्र मोदी ने इसका विरोध करते हुए कहा कि पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना गंभीर विषय है

**एजेंसी/नई दिल्ली**

लोकसभा में सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 'हिंदू हिंसा की बात करते हैं' और 'अभय मुद्रा' वाले बयान पर भारी हंगामा हो गया। राहुल ने लोकसभा में अपने भाषण के दौरान भगवान शंकर की तस्वीर दिखाई और कहा कि यह अभय रहने का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि शिव की तस्वीर में त्रिशूल बाएं हाथ में होता है, यह दरअसल अहिंसा का प्रतीक है। शिव की तस्वीर



में कांग्रेस का चुनाव चिह्न 'अभय मुद्रा' भी है, जो अभय रहने की बात करता है। यहां तक तो ठीक था लेकिन इसके बाद राहुल ने वह कह दिया जिस पर हंगामा बरप गया।

### लगाया आरोप... संविधान पर योजनाबद्ध तरीके से हो रहे हैं हमले

राहुल गांधी इसके बाद अपने साथ लाई गई गुरुनानक देव, भगवान महावीर और जीजस क्राइस्ट की तस्वीरें दिखाते हुए कहा कि सभी में अभय मुद्रा है, जो न डरने की सीख देती हैं। उन्होंने कहा कि इस्लाम में भी दोनों हाथों से नमाज पढ़ना भी एक तरह से 'अभय मुद्रा' का ही रूप है। राहुल ने कहा कि एक तरफ शिव 'डरो मत, डराओ मत' और अहिंसा की बात करते हैं, वहीं जो लोग अपने आप को हिंदू कहते हैं, वह हिंसा हिंसा हिंसा की बात करते हैं। राहुल के यह बोलते ही सदन में हंगामा शुरू हो गया। बीजेपी समेत तमाम सत्ता पक्ष के सदस्यों ने इस पर आपत्ति जताई। इतना ही नहीं, सदन में मौजूद पीएम नरेंद्र मोदी खुद को रोक नहीं पाए और उन्होंने इसका विरोध करते हुए कहा कि पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना गंभीर विषय है।

राहुल गांधी ने अपने भाषण की शुरूआत में बीजेपी और पीएम मोदी पर जमकर हमला बोला। राहुल ने जैसे ही बोलना शुरू किया, वैसे ही सदन में भारत माता की जय और मोदी-मोदी के नारे लगने शुरू हो गए। इसके बाद राहुल गांधी ने मुस्कुराते हुए कहा- जय संविधान। और कहा कि हमने देश के लोगों के साथ मिलकर इसकी रक्षा की है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया, पिछले कुछ समय से संविधान पर योजनाबद्ध तरीके से हमले हो रहे हैं। हम में से कई पर पर्सनली अटैक हुआ है। हम में से कई नेता जेल में हैं। मेरे ऊपर भी हमला हुआ है। 20 से ज्यादा केस, 2 साल की जेल, मुझे घर से बाहर कर दिया गया। फिर लगातार मुझ पर मीडिया के द्वारा भी हमने होते रहे। इसके बाद हुई 55 घंटों की ईडी की पूछताछ को मैंने काफी एंज्वॉय किया। राहुल गांधी ने स्पीच के दौरान भगवान शंकर की तस्वीर लहराई। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने उन्हें टोका तो नियम की पुस्तिका निकाल ली और कहा, क्या सदन में हम शिवजी की तस्वीर भी नहीं दिखा सकते...? मेरे पास और भी तस्वीरें थीं, जिन्हें दिखाना चाहता था। इसके बाद उन्होंने कई भगवानों की तस्वीरें दिखाईं।

### समझाया मतलब कि हिंदू कभी भी डर, नफरत नहीं फैला सकते

राहुल गांधी ने कहा कि वह भगवान शिव से प्रेरणा लेते हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष में कहा, भगवान शिव से मुझे विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष की प्रेरणा मिली। शिव के गले में सांप है, जो विपत्तियों के सामने डटे रहने की प्रेरणा देता है। शिव के बाएं हाथ में त्रिशूल अहिंसा का प्रतीक है। अगर उनके दाएं हाथ में त्रिशूल होता, तो वह वार करने की स्थिति में होते, लेकिन ऐसा नहीं है। ऐसे ही हम अहिंसा के साथ खड़े रहे हैं। हमने सच की रक्षा की है, हिंसा के बिना। अगर आप भगवान शिव की छवि देखेंगे, तो आपको पता चलेगा कि हिंदू कभी भी डर, नफरत नहीं फैला सकते। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, अभय मुद्रा कांग्रेस का प्रतीक है... अभयमुद्रा निर्भयता का संकेत है, आश्वासन और सुरक्षा का संकेत है, जो भय को दूर करता है और हिंदू, इस्लाम, सिख धर्म, बौद्ध धर्म और अन्य भारतीय धर्मों में दैवीय सुरक्षा और आनंद प्रदान करता है.... हमारे सभी महापुरुषों ने अहिंसा और भय खत्म करने की बात की है...लेकिन, जो लोग खुद को हिंदू कहते हैं वे केवल हिंसा, नफरत, असत्य की बात करते हैं।

राहुल गांधी ने यूपी के अयोध्या में बीजेपी को मिली हार पर तंज कसते हुए कहा, भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या ने बीजेपी को एक संदेश दिया है। मैंने कल कॉफी पीते हुए इनसे (अवधेश पासी) पूछा कि हुआ क्या। आपको कब पता लगा कि आप अयोध्या में जीत रहे हैं। इन्होंने कहा कि पहले दिन से पता था। सशस्त्र बलों में प्रवेश के लिए अग्निवीर योजना पर बोलते हुए, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, एक अग्निवीर ने बारूदी सुरंग विस्फोट में अपनी जान गंवा दी, लेकिन उसे 'शहीद' नहीं कहा जाता... 'अग्निवीर' इस्तेमाल करो और फेंक दो' वाला मजदूर है। इस अग्निवीर को कुछ नहीं मिलता।इस पर आपत्ति जताते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा कि अग्निवीर यदि युद्ध के दौरान मारे जाते हैं, तो उन्हें एक करोड़ रुपये दिये जाते हैं।

## बरबीघा थाना क्षेत्र के हटिया मोड़ के पास स्थित बैंक में हुई घटना

# शेखपुरा के एक्सिस बैंक में हथियार के बल पर 30 लाख रुपए की लूट

- बैंक खुलते ही छह अपराधियों ने ग्राहक बनकर बैंक में किया प्रवेश
- अपराधियों ने हथियार के बल पर बैंक प्रबंधक सहित अन्य कर्मी को बंधक बनाकर लूट की घटना को दिया अंजाम

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के शेखपुरा जिले के बरबीघा में अपराधियों ने दिन-दहाड़े बैंक लूट की घटना को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार बरबीघा थाना क्षेत्र अंतर्गत हटिया मोड़ के पास एक्सिस बैंक की शाखा से अपराधियों ने सोमवार की सुबह करीब 10 से 11 बजे के बीच 30 लाख रुपये लूट लिए। बताया जा रहा है कि बैंक कर्मियों ने जैसे ही सुबह बैंक खोला उसी के बाद बैंक लूट की इस बड़ी घटना को अंजाम दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही बरबीघा पुलिस के साथ ही एसपी एसडीपीओ घटना स्थल पर पहुंचे। एसपी ने स्वयं जांच की कमान संभालते हुए अलग एंगल से घटना की जांच की।

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि बैंक खुलते ही तीन बाइक पर सवार लगभग 6 अपराधियों ने ग्राहक बनकर बैंक में प्रवेश किया, जिसमें दो बिना मास्क है और अन्य मास्क लगाए हुए थे। इसके बाद अपराधियों ने हथियार के बल पर बैंक प्रबंधक सहित अन्य कर्मी को बंधक बना दिया और लूट की घटना को अंजाम दिया गया। बताया जा रहा है कि बैंक लूट की इस घटना के दौरान अंदर मौजूद ग्राहकों के साथ भी लूटपाट की गई है। घटना को लेकर एसपी ने बताया कि लगभग 28 से 30 लाख रुपए की लूट हुई है। सभी बिंदुओं की जांच की जा रही है। सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जा रहा है। पटना से भी फॉरेंसिक टीम पहुंच चुकी है। जल्द ही अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा। सभी की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। वहीं बैंक लूट की इस घटना के बाद से इलाके में हड़कंप मच गया ह।. दिन-दहाड़े हुई इस लूट की घटना को लेकर लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। साथ ही लोग जिले में लॉ एंड ऑर्डर पर सवाल भी उठा रहे हैं। बहरहाल पुलिस बैंक लूट की इस घटना में अलग-अलग एंगल से जांच कर रही है। बैंक के कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है। वहीं सीसीटीवी फुटेज भी अहम सुराग निकालने की कोशिश की जा रही है।







### मैनेजर के साथ मारपीट, कर्मियों को बाथरूम में किया बंद

बताया जा रहा है कि बैंक खुलते ही करीब 6 की संख्या में अपराधी शाखा के भीतर घुस गए। सभी बदमाश ग्राहक बनकर आए थे। बैंक का बिजनेस समय से शुरू हुआ कि अचानक अपराधियों ने अपने हथियार निकाल लिए और वहां मौजूद कर्मियों और ग्राहकों पर तान दिया। बैंक में मौजूद सभी ग्राहक और कर्मी डर गए। विरोध करने पर बदमाशों ने बैंक के मैनेजर के साथ मारपीट की और बंदूक की नोक पर अपराधियों ने सभी कर्मियों को बाथरूम में बंद कर दिया। उन्होंने सभी कर्मियों और ग्राहकों के मोबाइल भी छीन लिए और बैंक में मौजूद करीब 30 लाख रुपए लूट लिए और फरार हो गए। बैंक में हुई लूट की इस घटना के बाद देर तक अफरातफरी का माहौल कायम रहा।

# कई विभागों में तबादला... 14 जिलों के सिविल सर्जन समेत 197 मेडिकल अफसर बदले गए

## बिहार सरकार का फैसला

**केटी न्यूज/पटना**

नीतीश कुमार की सरकार ने कई विभागों में बड़े पैमाने पर अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादले किए हैं। स्वास्थ्य विभाग में सबसे अधिक 197 मेडिकल अफसरों के तबादले हुए हैं। इनमे 14 जिलों के सिविल सर्जन भी शामिल हैं। इसके अलावा परिवहन विभाग, भवन निर्माण विभाग, समाज कल्याण विभाग और जल संसाधन विभाग में भी अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादले हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग में हुए तबादलों में 14 जिलों को नए सिविल सर्जन मिले हैं। इनमे सहरसा, नवादा, नालंदा, सीतामढ़ी, शिवहर, रोहतास, पूर्णिया, अररिया, भागलपुर, दरभंगा, पश्चिम चंपारण, भोजपुर और जहानाबाद शामिल हैं।

इसके अलावा 19 सहायक औषधि नियंत्रक, दंत चिकित्सक, विशेष चिकित्सा पदाधिकारी, जनरल सर्जन, सहित 197 मेडिकल ऑफिसर्स के भी तबादले हुए हैं। तबादलों के बाद डॉ. कात्यानी मिश्रा को सहरसा का सिविल सर्जन नियुक्त किया गया है। डॉ. गीता अग्रवाल को नवादा, जितेंद्र कुमार सिंह को नालंदा, डॉ. सुरेश प्रसाद को सीतामढ़ी, डॉ. देवदास चौधरी को शिवहर और डॉ. मणिराज रंजन को रोहतास का सिविल सर्जन बनाया गया है। डॉ. प्रमोद कुमार को कनौजिया को पूर्णिया का सिविल सर्जन बनाया गया है जबकि डॉ. श्रीनिवास प्रसाद को सिवान भेजा गया है। डॉ. कृष्ण कुमार कश्यप को अररिया, डॉ. अशोक कुमार को भागलपुर, डॉ. अरुण कुमार को दरभंगा, डॉ. विजय कुमार को पश्चिम चंपारण, डॉ. शिवेंद्र कुमार सिन्हा को भोजपुर का सिविल सर्जन बनाया गया है। डॉ. देवेंद्र प्रसाद को जहानाबाद का सिविल सर्जन नियुक्त किया गया है।

**भवन निर्माण विभाग में भी तबादला:** भवन निर्माण विभाग में भी 31 कार्यपालक अभियंताओं के तबादले किए गए हैं। परिवहन विभाग में भी बड़े पैमाने पर तबादले हुए हैं। पटना, मुजफ्फरपुर समेत कई जिला परिवहन पदाधिकारी और अपर जिला परिवहन पदाधिकारी बदल गए हैं। उपेंद्र पाल को पटना और सत्येंद्र यादव को मुजफ्फरपुर का डीटीओ बनाया गया है। अब तक पटना के डीटीओ रहे श्रीप्रकाश को दरभंगा डीटीओ की जिम्मेदारी दी गई है। सुशील कुमार को अररिया और शशिशेखरम को मधुबनी डीटीओ की जिम्मेदारी मिली है। इसके अलावा उन्हें सुपौल का अतिरिक्त प्रभार भी मिला है। विनोद कुमार को पटना, संजय को भागलपुर और उपेन्द्र राव को दरभंगा और अर्चना कुमारी को सिवान का नया एडीटीओ बनाया गया है। कटिहार, सारण, औरंगाबाद, भोजपुर, गोपालगंज और नालंदा के एडीटीओ भी बदल गए हैं। वैशाली, रोहतास, नालंदा, पूर्णिया और भागलपुर के मोटरयान निरीक्षक भी बदल गए हैं। इसके अलावा पांच दर्जन से अधिक प्रोग्रामर, लिपिक और अन्य संवर्ग के कर्मियों का भी तबादला किया गया है।

### ट्रांसफर एक नजर में

- 14 जिलों में नए सिविल सर्जन नियुक्त किए गए हैं।
- 197 मेडिकल ऑफिसर्स का इधर-उधर किया
- भवन निर्माण विभाग के 31 कार्यपालक अभियंताओं का तबादला
- बिहार के कई जिलों के परिवहन पदाधिकारी बदल गए
- समाज कल्याण विभाग के 18 जिला प्रोग्राम स्तर के पदाधिकारियों का स्थानांतरण
- जल संसाधन विभाग 366 अभियंताओं के दायित्व में परिवर्तन
- 130 अभियंताओं का तबादला लघु जल संसाधन विभाग में हुआ है

# राजस्थान में कार और ट्रक के बीच टक्कर में नौ लोगों की मौत

**एजेंसी/जयपुर**

राजस्थान के करौली शहर में सोमवार का दिन दुखद खबर लेकर आया। यहां भीषण सड़क हादसा ने एक साथ मौ लोगों की नौ लोगों की जिंदगी छिन ली। करौली जिले में कार और ट्रक की टक्कर में 9 लोगों की मौत हो गई। इनमें 2 बच्चे भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार एमपी के श्योपुर निवासी बोलेरो से केलादेवी दर्शन करने के लिए आये थे। केलादेवी दर्शन कर वह घर के लिए लौट रहे थे, तभी मंडरायल रोड पर डूंडापुरा के पास ट्रक और बोलेरो में आमने सामने की भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो का आगे का हिस्सा चकनाचूर हो गया। इसमें 9 लोग की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि 4 घायलों होने की सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन की ओर उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। पूरे घटनाक्रम कैसे हुआ, हादसे में मूल कारण क्या था, इसकी जानकारी पुलिस की ओर से जुटाई जा रही है।

# तीन नए कानूनों के कार्यान्यन के बाद दंड की जगह न्याय होगा, त्वरित सुनवाई होगी : शाह

**एजेंसी/नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देशभर में नए आपराधिक कानून लागू होने के बीच सोमवार को कहा कि अब तीन नए कानूनों के कार्यान्यन के बाद दंड की जगह न्याय होगा और देरी की जगह त्वरित सुनवाई होगी। अमित शाह ने कहा कि आजादी के 77 साल बाद आपराधिक न्याय प्रणाली स्वदेशी हो रही है और यह भारतीय लोकाचार के आधार पर चलेगी। भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 सोमवार से पूरे देश में प्रभावी हो गए। इन तीनों कानून ने ब्रिटिश कालीन कानूनों क्रमशः आईपीसी, सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ली है। उन्होंने कहा कि, तीनों आपराधिक न्याय कानूनों के कार्यान्वयन से सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली की स्थापना होगी।

अमित शाह ने कहा कि इन कानूनों के लागू होने से दंड की जगह न्याय मिलेगा और देरी की जगह त्वरित सुनवाई एवं त्वरित न्याय होगा। उन्होंने कहा कि पुरानी व्यवस्था में केवल पुलिस के अधिकार सुरक्षित थे, लेकिन अब पीड़ितों और शिकायतकताओं के अधिकार सुरक्षित होंगे। उन्होंने कहा कि इन तीनों आपराधिक न्याय कानूनों पर 4 वर्ष से अधिक समय तक विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने उम्मीद जताई कि नए आपराधिक न्याय कानूनों के तहत दोषसिद्धि दर 90 प्रतिशत तक होगी और अपराधों में कमी आएगी।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की बाढ़ प्रबंधन तैयारियों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश

# बाढ़ के समय जन-धन की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता, अलर्ट मोड में रहें

**केटी न्यूज/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रबंधन और जन-जीवन की सुरक्षा के दृष्टिगत जारी तैयारियों की समीक्षा की और व्यापक जनहित में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में व्यापक जन-धन हानि के लिए दशकों तक कारक रही बाढ़ की समस्या के स्थायी निदान के लिए विगत 07 वर्षों में किए गए सुनियोजित प्रयासों के अच्छे परिणाम मिले हैं। बाढ़ की दृष्टि से अति संवेदनशील जिलों की संख्या में अभूतपूर्व कमी आई है। विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार हमने आधुनिकतम तकनीक का प्रयोग कर बाढ़ से खतरे को न्यूनतम करने में सफलता पाई है। बाढ़ से जन-जीवन की सुरक्षा के लिए अंतरविभागीय समन्वय से अच्छा कार्य हुआ है। इस वर्ष भी बेहतर कोऑर्डिनेशन, क्विक एक्शन और बेहतर प्रबन्धन से बाढ़ की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित कराई जाए।

योगी ने कहा कि प्रदेश में बाढ़ की दृष्टि से 24 जनपद अति संवेदनशील श्रेणी में हैं। इसमें महाराजगंज, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, गोरखपुर, बस्ती, बहराइच, बिजनौर, सिद्धार्थनगर, गाजीपुर, गोण्डा, बलिया, देवरिया, सीतापुर, बलरामपुर, अयोध्या, मऊ, फरुर्खाबाद, श्रावस्ती, बदायूं, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, संतकबीर नगर, पीलीभीत और बाराबंकी शामिल हैं। जबकि सहारनपुर, शामली, अलीगढ़, बरेली, हमीरपुर, गौतमबुद्ध नगर, रामपुर, प्रयागराज, वाराणसी, उन्नाव, लखनऊ, शाहजहांपुर और कासगंज संवेदनशील प्रकृति के हैं।

अति संवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ की आपात स्थिति हेतु पर्याप्त रिजर्व स्टॉक का एकत्रीकरण कर लिया जाए। इन स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था एवं आवश्यक उपकरणों का भी प्रबन्ध होना चाहिए। माननीय जल शक्ति मंत्री एवं दोनों राज्य मंत्री द्वारा अति संवेदनशील तथा संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण करें, साथ ही बाढ़ बचाव से जुड़ी परियोजनाओं का निरीक्षण करें। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार इस वर्ष पर्याप्त वर्षा होगी। नेपाल और उत्तराखंड की सीमा से लगे जनपदों में सतर्कता बनाए रखें। आमजन की सुविधा और राहत एवं बचाव कार्य के बेहतर बेहतर प्रबंधन के लिए बाढ़ बुलेटिन और मौसम का पूवार्नुमान नियमित रूप से जारी किया जाना चाहिए। राज्य स्तर और जिला स्तर पर बाढ़ राहत कंट्रोल रूप 247 एक्टिव मोड में रहें। उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय द्वारा बाढ़ से प्रभावित जनपदों में 113 बेतार केंद्र अधिष्ठापित किए गए हैं। पूरे मॉनसून अवधि में यह केंद्र हर समय एक्टिव रहें।





CMYK

# तेजस्वी ने जारी किया बिहार का क्राइम बुलेटिन, बोले- अपराधी जब चाहे कर रहे लूट-हत्या

**केटी न्यूज/पटना**



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बिहार में कानून व्यवस्था की बदहाली एवं अपराधियों के बुलंद हौसलों को लेकर एक बार फिर डबल इंजन की एनडीए सरकार पर हमला बोला है। तेजस्वी ने बिहार का तीन दिनों का क्राइम बुलेटिन जारी करते हुए 'एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, दो-दो बड़बोले उपमुख्यमंत्री एवं 6 दलों वाले एनडीए के सौजन्य से बिहार में सरकारी अपराधी पूर्ण मौज में मनमर्जी से जब चाहे, जहां चाहे, जैसे चाहे किसी को भी गोली और चाकू मार हत्या कर दे रहे।

तेजस्वी ने आगे लिखा, शिक्षक, कर्मचारी-व्यापारी, किसान-मजदूर, महिला-पुरुष, बच्चे-बुजुर्ग कोई भी कहीं भी सुरक्षित नहीं है। सत्ता संरक्षित अपराधियों ने तांडव मचा रखा है। 2 दिन की इन आपराधिक घटनाओं पर सरकार में कोई भी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है।

तेजस्वी यादव के ये हमले सरकार के लिए मुश्किलें बढ़ा रहे हैं। उनकी सोशल मीडिया पोस्ट्स पर जनता की प्रतिक्रिया भी मिल रही है, जिससे सरकार पर दबाव बढ़ता जा रहा है। तेजस्वी यादव के इन आरोपों का जवाब अभी तक सरकार की तरफ से नहीं आया है, लेकिन वे लगातार अपनी आवाज उठाते रहेंगे। बिहार की जनता में बढ़ते अपराध के खिलाफ तेजी से असंतोष बढ़ रहा है, और तेजस्वी यादव इसे लेकर लगातार सरकार को घेरने में जुटे हुए हैं। उनकी कोशिश है कि जनता के मुद्दों को जोर-शोर से उठाया जाए और सरकार की नीतियों पर सवाल खड़े किए जाएं। इस प्रकार, तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार के खिलाफ एक मजबूत मोर्चा खोला है, और वे इसे जारी रखते हुए जनता के बीच अपनी पकड़ मजबूत कर रहे हैं।

### 28 से 30 जून तक बिहार में हुईं आपराधिक घटनाएं

- सासाराम थाने से 500 मीटर दूर जिम संचालक की गोली मारकर हत्या
- गोपालगंज में मां के सामने बेटे की गोली मारकर हत्या
- मधुबनी में मजदूरी मांगने पर महिला के सर पर वार कर हत्या
- बांका जिले के चांदन प्रखंड में महिला की पत्थर से कुचलकर हत्या
- जमुई में 13 साल के बच्चे की हत्या
- अरवल में चोरों ने तीन शोरूम लूटे
- वैशाली में बिजली विभाग के ठेकेदार की गोली मारकर हत्या
- गोपालगंज में 20 लाख रंगदारी नहीं देने पर शख्स की गोली मार हत्या

**29 जून को घटीं घटनाएं**

- वैशाली में युवक की गोली मारकर हत्या
- मधुबनी में नाबालिग के साथ दुष्कर्म
- गया में घर में घुसकर महिला की हत्या
- जमुई में युवक की पीट-पीटकर हत्या
- पटना में गोली मार 7 लाख लूटे

**28 जून की घटनाएं**

- नालंदा में युवक की हत्या
- मुजफ्फरपुर में भाजपा के पूर्व मंत्री की बहू ने एक महिला पर कराया फायरिंग
- गोपालगंज में राजद नेता के भाई को बदमाशों ने मारी गोली
- पटना में बदमाशों ने कारोबारी को आरओबी से नीचे फेंका, मौत

## नौकरी देने का क्रेडिट ले रहे हैं तो पुल गिरने की भी लें, मांझी के बाद संतोष सुमन ने भी तेजस्वी पर उठाए सवाल

बिहार में लगातार धराशायी हो रहे पुलों को लेकर सियासत थमने का नाम नहीं ले रही है। एक तरफ जहां डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव इसको लेकर सरकार पर हमला बोल रहे हैं तो दूसरी तरफ एनडीए विपक्ष को कठघरे में खड़ा कर रही है।केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने पिछले दिनों पुल गिरने की घटना के पीछे बड़ी साजिश की आशंका जताई थी। अब उनके मंत्री बेटे संतोश सुमन ने भी कहा है कि तेजस्वी यादव के पथ निर्माण मंत्री रहते ही इन पुलों को डीपीआर तैयार हुआ था, ऐसे में जिस तरह वह नौकरी का क्रेडिट ले रहे हैं उसी तरह से पुल गिरने का भी क्रेडिट लें। मंत्री संतोष कुमार सुमन ने गया में कहा कि तेजस्वी यादव बिहार के उपमुख्यमंत्री रहे हैं। उनके कार्यकाल में भी पुल के गिरने की घटना हुई थी। हाल में जो पुल गिरे हैं, उसका डीपीआर भी उन्हीं के कार्यकाल में तैयार हुआ और काम शुरू किया गया। ऐसे में हम उन्हें नसीहत देना चाहते हैं कि जब वह नौकरी बांटने का क्रेडिट जबरन लेने में जुटे हैं तो पुल के गिरने का भी डिस्क्रेडिट भी उन्हें लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि नौकरी देने का काम मुख्यमंत्री का होता है बावजूद इसके वह क्रेडिट लेने में जुटे हैं।

### पटना के पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र के नेहरू नगर का मामला, छानबीन में जुटी पुलिस

# किराये पर कमरा लेने के बहाने घर में घुसे तीन अपराधियों ने महिला की कर दी हत्या

- मृतका की पहचान इंजीनियर दिवगंत चंद्रशेखर की पत्नी के रूप में हुई है
- उनके चेहरे पर चोट के निशान थे और फर्श पर खून पसरा था
- सिटी एसपी बोले- आरोपितों की पहचान के लिए खंगाला जा रहा सीसीटीवी फुटेज



**केटी न्यूज/पटना**

पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र के नेहरू नगर स्थित मकान नंबर 378 में रविवार की शाम किराये पर कमरा लेने के बहाने घर में घुसे तीन अपराधियों ने मकान मालकिन की गला घोंटकर हत्या कर दी। मृतका की पहचान इंजीनियर दिवगंत चंद्रशेखर की पत्नी 63 वर्षीय रंजना देवी के रूप में हुई है। उनके चेहरे पर चोट के निशान थे और फर्श पर खून पसरा था। घटना की सूचना मिलते ही पाटलिपुत्र थाना पुलिस, डीएसपी-2 दिनेश पांडेय व सिटी एसपी चंद्रप्रकाश मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर एफएसल और श्वान दस्ते को भी बुलाया गया। सिटी एसपी ने बताया कि तीनों आरोपितों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है। फुटेज में तीनों दिख रहे हैं। अपराधी कौन थे? हत्या के पीछे क्या मंशा थी? इन सभी बिंदुओं पर छानबीन की जा रही है। चार मंजिला मकान की पहली मंजिल पर रंजना देवी बेटी अंकिता के साथ रहती थीं। छह माह पूर्व उनके पति चंद्रशेखर का बीमारी की वजह से निधन हो गया था। उनकी एक बेटी दिल्ली में रहती है।

अंकिता ने पुलिस को बताया कि शाम लगभग साढ़े चार बजे तीन लड़के आए। उन्होंने कहा कि किराये पर कमरा लेना है। तब उनकी मां मौसी से फोन पर बात कर रही थीं। वह मां से बोली कि कुछ लोग कमरा देखने आए हैं। इसके बाद रंजना देवी तीनों को कमरा दिखाने तीसरी मंजिल पर ले गई। इधर, अंकिता अपने कमरे में चली गई। कुछ देर बाद अपराधी नीचे आए। एक अपराधी ने अंकिता से कहा कि जाओ तुम्हारी मम्मी तुमको बुला रही है। अंकिता का आरोप है कि अपराधियों ने उसका भी गला दबाने का प्रयास किया। इसके बाद सभी भाग निकले। इसके बाद वह भागकर तीसरी मंजिल पर पहुंची तो देखा कि मां फर्श पर बेहोश पड़ी हैं। फिर उसने दिल्ली में रह रही बहन को फोन किया। शोर मचाने पर पड़ोसी जुट गए। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

पाटलिपुत्र थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। कमरे में एक गमछा और एक जोड़ी चप्पल मिला। घटनास्थल पर छानबीन और मिले साक्ष्य से प्रथम दृष्टया गमछे से महिला की गला दबाकर हत्या की बात सामने आ रही है। घर में लूटपाट के प्रमाण नहीं मिले हैं। पुलिस की शुरूआती छानबीन में पता चला कि तीनों अपराधियों में एक बौने कद का युवक भी शामिल था। तीनों का रंग काला था। उनकी आयु 20 से 25 वर्ष के बीच थी। अंकिता ने पुलिस को बताया कि एक लड़के को शायद उसने पहले भी देखा है। वह पहले भी किराये पर कमरा मांगने आया था। अंकिता पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रही हैं।

### चोरी करने पहुंचे बदमाशों ने महिला को बनाया हवस का शिकार

**वैशाली।** वैशाली में चोरी करने पहुंचे बदमाशों ने महिला को अपना हवस का शिकार बना लिया। पीड़ित महिला ने न्याय की गुहार लगाई है। घटना हरिलोचनपुर थाना क्षेत्र की है। अज्ञात चोरों पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर लिया है और मामले की जांच पड़ताल में जुटी गई है। पीड़ित महिला को पुलिस अपने मेडिकल के लिए सदर अस्पताल लेकर गई। बताया जा रहा है कि रविवार देर रात चोरी करने घर में घुसा था। उसने लॉकर समेत अन्य चीजों को खंगाला लेकिन उसे कुछ नहीं मिला। कुछ देर बाद जब मेरी नींद खुली तो मैं चोर को देख सहम गई। इसके बाद उसने जेवरात को खोजने की कोशिश की। लेकिन, जब कुछ भी हाथ नहीं लगा तो वह महिला के साथ गाली-गलौज करने लगा। महिला ने विरोध किया था चोर ने उसका हाथ-पैर बांध दिया। इसके बाद उसके साथ दरिंदगी कर फरार हो

## तरकस में से दूसरा तीर 2 अक्टूबर को निकलेगा: पीके

**केटी न्यूज/पटना**

जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत ने मौजूदा समय में बिहार में अलग-अलग पार्टियों में हो रहे जातिवाद की बातें और उनपर राजनीतिक रोटी सेंक रहे नेताओं पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए हुए कहा कि राजनीति सिर्फ समीकरण की बात करने से नहीं होती बल्कि जनता का विश्वास जितना बहुत जरूरी है। प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि अभी सरकार को बदले डेढ़ से 2 ही महीने हुए हैं और आप देख रहे होंगे कि बिहार से दिल्ली तक नेताओं में छटपटाहट होने लगी है। ऐसा इसलिए हो पा रहा क्योंकि बिहार में जमीन में लोगों को जन सुराज की ताकत दिख रही है।

मुझे अगर कोई धंधे बाज कह रहा है तो मैं बस इतना ही कहना चाहुंगा की हां मैं इस बार बिहार के लोगों और बिहार को सुधारने के लिए काम ले लिया है। हम बिहार इसबार जनता का ठेका लेकर आए हैं ताकि जनता के लिए काम कर सकें। अभी तरकस में कई तीर बाकी है। बिहार में कई लोग कह रहे हैं कि पदयात्रा हो गई अब क्या करेंगे तो मैं उनको बतला दूं कि अभी इससे बड़ा बुलेट दागना बाकी है। जब हम पदयात्रा में आए थे तो 1 सौ से 50 लोगों के साथ आए थे मगर आज हजारों से भी ज्यादा लोग जन सुराज के साथ जुड़ गए हैं। बिहार के अन्य पार्टियों को समीकरण बनाने दीजिए कोई ट समीकरण बना रहा है कोई ढ बना रहा है। कोई अ ३ङ्क बना रहा है। आप देखियेगा 1 ही समीकरण होगा वो होगा जन बल का समीकरण। देश में जन बल के आगे कोई समीकरण नहीं है।






## नालंदा में जदयू की ओर से आयोजित कार्यक्रम में डांसरों के साथ नेताओं ने लगाए ठुमके, उठे सवाल

**केटी न्यूज/पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह क्षेत्र नालंदा में उन्ही की पार्टी जनता दल यूनाईटेड का प्रोग्राम था। इस कार्यक्रम में बार-डांसरों ने जमकर ठुमके लगाये। भोजपुरी के अश्लील गानों पर बार-बालाओं के साथ डांस करते जेडीयू नेताओं का वीडियो अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। बताया जाता है कि कौशलेंद्र कुमार के सांसद बनने और राज्यसभा सांसद संजय झा के पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने की खुशी में जेडीयू के व्यावसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विजय कांत ने इस रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन राजगीर के एक होटल में किया था। जिसमें जेडीयू के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम को और रंगीन बनाने के लिए बाहर से बार डांसरों को भी बुलाया गया है। इस कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन से भी ऑर्डर नहीं ली गयी थी। बिना ऑर्डर के ही इस रंगारंग प्रोग्राम का आयोजन राजगीर के होटल में हुआ।

जिसमें भोजपुरी अश्लील गानों पर एक नहीं बल्कि कई बार बालाओं ने जमकर ठुमके लगाए। बार-बालाओं के डांस करते देख जेडीयू नेता भी खुद को रोक नहीं पाए और वो भी मंच पर आकर बार-डांसरों के साथ झूमने लगे। वायरल वीडियो के बार में जब कार्यक्रम के आयोजक विजयकांत से बात करने की कोशिश की गयी तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। बता दें कि कुछ दिन पहले जेडीयू व्यवसायिक प्रकोष्ठ व उद्योग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विजयकांत का एक वीडियो और ऑडियो वायरल हुआ था। जिसमें ग्रामीण विकास विभाग में नौकरी लगाने की बात की जा रही थी। शायद इसी पर पर्दा डालने के लिए व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विजयकांत द्वारा सांसद कौशलेन्द्र कुमार जीत की खुशी में और संजय झा के जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने की खुशी में बार-बालाओं को राजगीर में जेडीयू के कार्यक्रम में डांस करने के लिए बुलाया।

## लेडिज डाक्टर ने घर बुला वार्ड पार्षद का प्राइवेट पार्ट काट डाला

**छपरा।** छपरा जिले से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने निकल कर आ रही है। जहां नर्सिंग होम संचालक एक प्रेमिका ने वार्ड पार्षद प्रेमी का प्राईवेट काट डाला। घटना मढ़ौरा में की है। जहां निजी अस्पताल चलाने वाली महिला का प्रेम प्रसंग पिछले पांच वर्षों से एक वार्ड पार्षद से चल रहा था। पिछले कुछ दिनों से मढोरा के वार्ड संख्या 12 का पार्षद वेद प्रकाश और अस्पताल संचालिका लिव इन रिलेशन रह रहे थे। दोनों के बीच कई बार संबंध भी बने। परन्तु महिला जब भी वार्ड पार्षद से शादी की बात कहती तो वह उसे टाल-मटोल कर देता था। जिसके बाद अस्पताल संचालिका ने वार्ड पार्षद प्रेमी वेद प्रकाश को शादी के लिए राजी किया था। दोनों की कोर्ट मैरिज होने थी। महिला शादी के जोड़े में कोर्ट पहुंची और वार्ड पार्षद का इंतजार करती रह गई लेकिन वह नहीं पहुंचा। प्रेमी के धोखे से आहत हो उसे सबक सिखाने के तहत वार्ड पार्षद को घर बुला घटना को अंजाम दिया।






### जांच पड़ताल से बिहार के करीब पांच लाख शिक्षकों की अब उड़ेगी नींद

# पटना के स्लम बस्ती में पहुंचे सीनियर आईएएस अधिकारी एस सिद्धार्थ, लोगों से पूछा- स्कूल क्यों नहीं गए आपके बच्चे

**केटी न्यूज/पटना**






बिहार के सीनियर आईएएस अधिकारी और कई विभागों के अपर मुख्य सचिव का जिम्मा संभाल रहे डॉ एस. सिद्धार्थ सोमवार को अचानक से पटना के गर्दनीबाग स्लम बस्ती में पहुंच गये। स्लम बस्ती में पहुंचे डॉ सिद्धार्थ ने घरों के दरवाजों पर दस्तक देना शुरू कर दिया। इतने बड़े अधिकारी को स्लम एरिया में देखकर वहां के लोग हैरान थे। लोग जुटे और फिर एस. सिद्धार्थ ने उनसे पूछताछ शुरू कर दी। पूरा मामला ऐसा है कि बिहार के करीब पांच लाख शिक्षकों की नींद उड़ जायेगी। दरअसल पिछले महीने केके पाठक के शिक्षा विभाग से हटने के बाद डॉ एस. सिद्धार्थ ने शिक्षा महकमे के अपर मुख्य सचिव का जिम्मा संभाला है। वे अपने तरीके से शिक्षा विभाग और सरकारी स्कूलों को दुरूस्त करने में लगे हैं। पटना के गर्दनीबाग स्लम एरिया में उनके पहुंचने का मकसद भी यही था। डॉ एस. सिद्धार्थ ने स्लम एरिया में स्कूली बच्चों की खोजबीन शुरू कर दी। वहां जितने बच्चे मिले उनसे ये पूछा जाने लगा कि स्कूल क्यों नहीं गये हो।

डॉ एस. सिद्धार्थ ने बच्चों के साथ साथ उनके माता-पिता से भी पूछताछ की। बच्चों को स्कूल क्यों नहीं भेजा। क्या स्कूल में कोई परेशानी है। अगर नहीं तो फिर बच्चे घर पर क्यों नहीं है। वे गार्जियन को ये समझा भी रहे थे कि अगर बच्चे को स्कूल नहीं भेजेंगे तो उनका नुकसान होगा।

**स्कूल भी पहुंचे अपर मुख्य सचिव:** स्लम एरिया के निरीक्षण के बाद डॉ एस. सिद्धार्थ वहां बने सरकारी स्कूल में भी पहुंच गये। सरकारी स्कूल का गेट बंद था। उसे खुलवाया गया। क्लास रूम में मैडम और बच्चे मौजूद दिखे। अपर मुख्य सचिव ने बच्चों को बिना ड्रेस का देखा तो मैडम से पूछा कि ड्रेस कहां है। शिक्षिका ने कहा कि बच्चों को स्कूल ड्रेस के लिए पैसा दे दिया जाता है लेकिन वे कपड़े नहीं बनवाते। बच्चों से भी पूछताछ की गयी कि वे ड्रेस पहन कर क्यों नही आ रहे हैं। बच्चों ने कहा-गर्मी लगती है। इसके बाद डॉ एस. सिद्धार्थ ने स्कूल में बिजली और पंखे को लेकर छानबीन शुरू की। स्कूल में बच्चों को पंखे की हवा मिल रही है या नहीं इसे लेकर शिक्षिका और प्रधान शिक्षक से पूछताछ की गयी।

# शराब खोजने गई पुलिस को मिला देशी ऑटोमेटिक कार्बाइन, एक गिरफ्तार

♦ एनएच 922 पर स्थित एक ढाबा में शराब परोसे जाने की सूचना पर पुलिस ने की थी छापेमारी

**केटी न्यूज/बक्सर**



बक्सर पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने कंट्री मेड ऑटोमेटिक कार्बाईन, मैग्जिन व कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। वही उसके ढाबा तथा घर से 8 पीएम ब्रांड की 9.72 लीटर शराब भी बरामद हुआ है। जबकि उसका भाई जो शराब व हथियारों के तस्करी में उसके साथ शामिल था, पुलिस को देखते ही फरार हो गया। सोमवार को एसपी मनीष कुमार ने प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी। पुलिस को यह कामयाबी रविवार की रात कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र अंतर्गत चौकिया गांव के समीप संचालित होने वाले विकास ढाबा तथा छोटका ढकाईच स्थित आरोपी के घर से मिला है। रामबाबू प्रधान पिता अनंत प्रधान ने पुलिस को हथियार व शराब तस्करी के संबंध में कई अहम जानकारियां दी है। जबकि उसका भाई विकास प्रधान पुलिस को देखते ही घर से भागने में सफल रहा।

## एसपी को मिली थी शराब तस्करी की सूचना

एसपी ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के चौकियां गांव के समीप स्थित विकास ढाबा की आड़ में शराब की तस्करी की जा रही है। उन्होंने तत्काल डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापेमारी करने का निर्देश दिया। टीम में कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष नीतीश कुमार तथा थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी व सिपाही शामिल थे। इस टीम ने सबसे पहले बिकास ढाबा पर दबिश दे छापेमारी किया। छापेमारी के दौरान ढाबा के अंदर रखे फ्रिज में अन्य शीतल पेय पदार्थों के साथ 8 पीएम ब्रांड की 6 फ्रुटी पैक शराब मिली। जिसके बाद पुलिस ने उससे पूछताछ शुरू की। पूछताछ में रामबाबू ने बताया कि वह अपने भाई विकास के साथ मिलकर इस ढाबा की आड़ में शराब व हथियारों की तस्करी करता है। इसके बाद पुलिस ने उसे लेकर छोटका ढकाईच स्थित उसके घर पर छापेमारी की। इस दौरान उसके घर में रखे आलमीरा से एक देशी मेड ऑटोमेटिक काबाईन, एक मैग्जिन तथा 315 बोर का एक कारतूस मिला। वही उसके घर से पुलिस ने 8 पीएम ब्रांड शराब की एक पेटी जिसमें 48 पीस फ्रुटी पैक था, बरामद किया। हालांकि इस दौरान विकास पुलिस को देखते ही भागने में सफल रहा। एसपी ने बताया कि उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

**हथियारों व शराब तस्करी में स्वीकारी संलिप्तता :** एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी ने शराब व हथियारों के तस्करी में अपनी संलिप्तता स्वीकारी है। उससे पूछताछ के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। हालांकि, उसके पास कंट्री मेड कार्बाइन कहा से आया तथा वह इसका क्या उपयोग करने वाला था, इस संबंध में पुलिस ने कोई जानकारी नहीं दी।

## एक नजर

### बोले एसडीओ... समाज में रक्षक के रूप में काम करते है सभी चिकित्सक



**डुमरांव।** समाज के सजग प्रहरी के रूप में अपने समाज सेवा के बल पर चिकित्सक हमेशा से समाज रक्षक के रूप में 24 घंटे अपने दायित्व का बखूबी निर्वहन करते हैं। इनके लिए छुट्टी का दिन नहीं होता है। उक्त बाते नगर के छठिया पोखरा स्थित रेडक्रास सोसाइटी कार्यालय में सोसाइटी की तरफ आयोजित चिकित्सक सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मौजूद एसडीओ राकेश कुमार ने कही। इस मौके पर अनुमंडल के प्रमुख चिकित्सक मौजूद रहे अपनी बातों को साझा किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. गिरीश कुमार सिंह उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम का संचालन मोहन गुप्ता ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ चिकित्सक डा. बालेश्वर सिंह ने कहा कि मानव की सेवा करना मनुष्य का सेवा करना हर मनुष्य का कर्त्तव्य होता है। इसमें विशेष योगदान एक चिकित्सक का होता है। चिकित्सक अपने कार्य के प्रति हमेशा सजग और तैयार रहते हैं। वहीं मौके पर मौजूद डाक्टर आनंद पांडेय, डा. विनीत सिंह, डा. रवि प्रसाद, डा. शैलेश श्रीवास्तव, डा. चंद्रशेखर, डा. आर्यन शर्मा, डा. सुमित सौरव, डा. एस प्रिया, डा. अजाय कुमार, डा. लीना कुमारी, डाक्टर बील प्रवीण, डा. भाष्कर मिश्रा, डा. अब्दुल रशीद हाशमी, डा. साकार सिंह, डा. सिद्धार्थ सिंह, डा. अजीत सिंह, डा. प्रेमा कुमारी, डा. मोनिका सिंह, डा. एस के सैनी सहित अन्य को मोमेंटो व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर रेडक्रॉस सोसाइटी की तरफ से अजय सिंह, विमलेश कुमार, डा. मनीष कुमार शशि, पूर्व सचिव मोहन गुप्ता, धीरज कुमार, अजय राय, धीरेन्द्र सिंह, मंटू, अनिल केशरी, अभय पांडेय, सुरेन्द्र राय, रघुनाथ मिश्रा, लक्ष्मीनारायण पाठक सहित अन्य मौजूद रहे। वहीं, प्रतापसागर मेथोडिस्ट ऑस्पताल में भी डाक्टर्स डे पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर डाक्टर आर के सिंह ने कहा कि मताहत चिकित्सकों का मानव सेवा धर्म है, इस धर्म को चिकित्सक बखुबी निभाते हैं। इस मौके पर चिलहरी स्कूल के शिक्षकों ने भी अपने उद्गार व्यक्त किये। अन्य चिकित्सकों में डा. दीपक नेहार, डा. विभा सिंह, डा. एस धर विश्वास, डा. वृजभूषण सिंह, डा. एस के सिंगर, डा. दीलीप, डा. सत्यम, डा. रौशन, अभिषक आदि की सराहनीय भूमिका रही।

### बक्सर, डुमराव नप व चौसा, इटाढ़ी नपं के बदले ईओ, ब्रह्मपुर स्थायी पदाधिकारी से वंचित

**बक्सर।** लोकसभा चुनाव बाद नगर परिषद व नगर पंचायतों की विकास की रफ्तार पकड़ी ही थी, तभी, फिर से सरकार के तबादलों का दौर शुरू हो गया। हालांकि, अभी तीन माह पहले ही नगर परिषद व नगर पंचायत के नए कार्यपालक पदाधिकारियों का तबादला किया गया था। सोमवार को फिर से नगर विकास विभाग द्वारा कार्यपालक पदाधिकारियों का तबादला किया गया है। बक्सर और डुमरांव नगर परिषद के अलावे चौसा व इटाढ़ी नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारियों का तबादला हो गया है। उनकी जगह नये कार्यपालक पदाधिकारियों की तैनाती कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार आशुतोष कुमार को बक्सर नगर परिषद का कार्यपालक पदाधिकारी बनाया गया है। वे इससे पूर्व बाढ़ नगर परिषद में कार्यरत थे। जबकि, बक्सर नगर परिषद के पूर्व कार्यपालक पदाधिकारी अमित कुमार को हवेली खड़गपुर के नगर परिषद की कमान सौंपी गई है। वही, डुमरांव नगर परिषद की कमान मनीष कुमार को सौंपी गई है। इन्हें हबीबपुर से डुमराव भेजा गया है। पूर्व में यहां अनिरुद्ध प्रसाद कार्यपालक पदाधिकारी कार्यरत थे। उन्हें उप नगर आयुक्त पूर्णिया की कमान दी गई है। वही चौसा नगर पंचायत में भी आमिर सुहैल को वैशाली के महनार नगर परिषद की कमान दी गई है जबकि, उनकी जगह नवनियुक्त शुभम कुमार को ईओ बनाया गया है। वही, इटाढ़ी के ईओ अरविंद पासवान को माधोपुर सुस्ता नगर पंचायत जबकि, उनकी जगह नवनियुक्त विजय प्रताप सिंह ईओ बनाये गए है। जबकि, पूर्व में नए नगर पंचायत प्रभार में चल रहे थे। इस तबादले में भी ब्रह्मपुर नगर पंचायत को पदाधिकारी नही मिल सके। नगर विकास विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। जल्दी ही सभी नए कार्यपालक पदाधिकारी योगदान कर लेंगे।

### एसटीपीएल ने 13 युवाओं को प्रशिक्षण के लिए भेजा, मिलेगा रोजगार

**चौसा।** चौसा में निमार्णाधीन 1320 मेगावॉट थर्मल पॉवर से जुड़ी कम्पनी एसजेवीएन द्वारा प्रभावित क्षेत्र के 13 युवाओं का चयन किया गया है। उन्हें विशेष प्रशिक्षण के लिए यूपी के धौलाना रवाना किया गया है। उन्हें इलेक्ट्रिशियन विधा में सीआईडीसी का तीन माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जहा वे प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन जायेंगे। एसजेवीएन के मानव संसाधन प्रमुख बलजीत सिंह ने बताया कि एसजेवीएन थर्मल (प्रा.) लिमिटेड में निगमित सामाजिक दायित्व (बै्) के माध्यम से परियोजना प्रभावित क्षेत्रों से इच्छुक युवक-युवतियों को सीआईडीसी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाता रहा है। इसी क्रम में इस वर्ष भी इच्छुक युवक एवं युवतियों को इलेक्ट्रिशियन विधा में सीआईडीसी धौलाना (उत्तर प्रदेश) के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य परियोजना प्रभावित परिवारों, परियोजना प्रभावित पंचायतों एवं बक्सर क्षेत्र के युवकों युवतियों को रोजगार परक कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान कर-के उन्हे आत्मनिर्भर बनाना है। इस प्रशिक्षण उपरांत वे स्वरोजगार कर सकतें हैं अथवा प्रशिक्षण के द्वारा वर्धित तकनीकि दक्षता के आधार पर उचित रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। सीआईडीसी भी अपने माध्यम से प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रशिक्षुओं को रोजगार प्राप्त करने में सहायता प्रदान करता है। इस सत्र के तीन माह प्रशिक्षण हेतु, 13 युवकों को सीआईडीसी धौलाना के लिए विदा किया गया।

## खबरें फटाफट

### विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिले तो संन्यास ले सीएम

**बक्सर।** बिहार प्रदेश कांग्रेस के वरीय नेता टीएन चौबे ने बिहार राज्य को विशेष राज्य के दर्जे के मांग पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसमें नितीश जी पूर्णत: फेल हो जाएंगे। अंत में केन्द्र में बैठी एनडीए की सरकार को गिराने के लिए साजिश बनेगी। सीएम नितीश जी कई बार डबल इंजन की सरकार में रहें है और बिहार को विशेष राज्य के दर्जे की मांग कर चुके हैं लेकिन आज तक उनकी मांग को केन्द्र सरकार ने चभी तव्जो नहीं दी तो क्या अब देगी। यह मुराद अब पूरी नहीं होने वाली। जब केन्द्र में सरकार बनाने में इनका महत्वपूर्ण योगदान है। यह मांग अभी से केन्द्र सरकार को गिराने कि एक साजिश है।

### राहुल हिंदुओ से माफी मांगे : आदित्य

**बक्सर।** भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री आदित्य चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी आज सदन में यह बयान देकर की जो लोग अपने आप को हिंदू कहते हैं,वह हिन्दू नहीं है, हिंसक है, राहुल गांधी को इस तरह के बयान घोर निंदनीय है उन्हें अपने बयान पर देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। जबकि देश के करोड़ों लोग गर्व से कहते हैं कि हम हिंदू हैं यहां तक कि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भी अपने आप को हिंदू कह कर गौरवान्वित महसूस करते हैं। राहुल गांधी हिंदुओं का अपमान कर रहे हैं, हिंदुओं के आस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं, राहुल हिंदुओं से माफी मांगे नही तो देश की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी।

### जिला कृषि पदाधिकारी बने अविनाश शंकर

**बक्सर।** जिले के नए कृषि पदाधिकारी के रूप में अब अविनाश शंकर ने पदभार संभालेंगे। बताते चलें कि पिछले वर्ष जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार पर आय से अधिक संपत्ति के मामले में दोषी पाए गए थे। जिसके बाद विभाग ने उन्हें सस्पेंड कर दिया था। जिसके कारण जिला कृषि पिछले डेढ़ वर्ष से उक्त पद रक्ति चल रहा था। इस दौरान कृषि कार्यों में आ रहे व्यवधानों के निष्पादन के लिए विभाग ने जिले में अविनाश शंकर का पदास्थापन किया है।

## थानों में बैठक कर प्रतिनिधियों व प्रबुद्धजनों को दी गई नये कानूनों की जानकारी

# सीआरपीसी के तीन नये कानून लागू 160 धाराओं में बदलाव, 9 नई जोड़ी गई

**केटी न्यूज/डुमरांव**

एक जुलाई से आईपीएस में तीन नये कानून लागू हो गए है। इसको लेकर पुलिस विभाग द्वारा सोमवार को सभी थानों में बैठक आयोजित कर प्रबुद्धजनों, प्रतिनिधियों व शांति समिति के सदस्यों को इन नये कानूनों की जानकारी दी गई। एसपी के निर्देश पर इसके लिए सभी थानों में बैठक आयोजित की गई थी। बता दें कि अब आईपीसी को भारतीय न्याय संहिता ( बीएनएस ) के नाम से जाना जाएगा। बैठक में एक जुलाई से लागू हुए भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

बता दें कि जिला पुलिस इंडियन पैनल कोड (सीआरपीसी) 1973 और इंडियन एविडेंस एक्ट 1872 में हाल ही में हुए संशोधनों को एक जुलाई से लागू कर दिया गया है। लेकिन, लोगों को इन नये कानूनों के संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं है। उन्हें नये कानूनों के बारे में जानकारी देने के लिए ही थानों में बैठक आयोजित कर उन्हें जानकारी दी जा रही है। पुलिस सूत्रों की मानें तो पहले प्रबुद्धजनों व प्रतिनिधियों को इस संबंध में जानकारी दी जा रही है, इसके बाद जागरूकता अभियान चला आम लोगों को भी नयें कानूनों के बारे में जागरूक किया जाएगा। डुमरांव थाने में थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत के नेतृत्व में बैठक आयोजित कर नये कानूनों की जानकारी दी गई। इसके अलावे कोरानसराय थाना में थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह, मुरार थाने में थानाध्यक्ष कमलनयन पांडेय के नेतृत्व में यह बैठक आयोजित हुई, जिसमें थाना क्षेत्र के प्रबुद्धजन, प्रतिनिधि व शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।




### जिले में प्रभावी हो गए है नए कानून

कुछ दिन पहले पुलिस के कर्मचारियों और अधिकारियों को भारतीय दंड संहिता, सीआरपीसी व इंडियन एविडेंस एक्ट 1872 में हाल ही में किए गए संशोधनों के बारे जानकारी दी गई थी। आज से ये कानून प्रभावी हो गए है। आम नागरिकों को भी इन नये कानूनों और धाराओं की जानकारी हो, इसके लिए बैठक आयोजित कर प्रबुद्धजनों व प्रतिनिधियों को जानकारी दी गई है। आने वाले दिनों में जागरूकता अभियान चला आम लोगों को भी जानकारी दी जाएगी।

– **मनीष कुमार, एसपी, बक्सर**

### इन कानूनों में होगी इतनी धाराएं

- सीआरपीसी को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता से रिप्लेस किया गया। अब 533 धाराएं रहेंगी। 160 धाराओं को बदल दिया गया है। साथ ही, 9 नई धाराएं जोड़ी गई हैं और 9 निरस्त हुए है।
- आईपीसी को भारतीय न्याय संहिता से रिप्लेस किया गया है। इसमें पहले की 511 धाराओं के स्थान पर अब 356 धाराएं होंगी। 175 धाराओं में बदलाव किया गया है, 8 नई धाराएं जोड़ी गई हैं और 22 धाराओं को निरस्त किया गया है।
- एक्ट को भारतीय साक्ष्य विधेयक से रिप्लेस किया गया। इसमें पहले की 167 के स्थान पर अब 170 धाराएं होंगी, 23 धाराओं में बदलाव किया गया है, 1 नई धारा जोड़ी गई है और 5 धाराएं निरस्त की गई हैं।


**जस्टिस वर्मा समिति की सिफारिशों के बाद कानून में हुआ संसोधन :** बता दें कि दिल्ली में हुए सामूहिक दुष्कर्म की एक घटना के बाद जस्टिस वर्मा समिति का गठन किया गया था, जिसने आइपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट में संशोधन करने करने के लिए सिफारिशें दी थी। इसके बाद केंद्र सरकार ने कुछ सिफारिशें को सम्मिलित कर लिया। इनमें आइपीसी की धारा 166, 166 ए, धारा 100 में संशोधन, 326 ए, 326 बी, 354 ए, बी, सी, डी, धारा 375, 376, 376 ए, बी, सी, डी और 376 ई आदि धाराएं नई लागू की गई है।

### सोनवर्षा ओपी में लोगों को दी गई नए अपराधिक कानूनों की जानकारी

**नावानगर।** भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के सफल क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को सोनवर्षा ओपी परिसर में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए ओपीध्यक्ष नवीन कुमार ने आज लागू हुए नए अपराधिक कानून से उपस्थित जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया। साथ ही इसकी जानकारी अपने-अपने क्षेत्र में सभी को देने की अपील की। बैठक में ओपीध्यक्ष ने लोगों को बताया कि नए कानून में महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों में त्वरित न्याय और तुरंत दंड मिलने की व्यवस्था की गई है। अब पीड़ित महिला का बयान वीडियो रिकॉर्डिंग से भी दर्ज हो सकेगा। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम उम्र की युवती के साथ गैंग रैप के अपराध में मृत्यु दण्ड या फिर आजीवन कारावास का प्रावधान किया गया है। इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों के सबूत भी मान्य होंगे। एफआईआर के 60 दिनों के भीतर पुलिस को चार्जशीट दाखिल करनी होगी। नाबालिगों से दुष्कर्म के मामले में सजा सख्त की गई है। मॉब लिचिंग के मामले में आजीवन कारावास और मृत्यु दण्ड तक का प्रावधान होने के साथ अन्य अपराध मामले में अन्य दंड पर फोकस किया। बैठक में जिप सदस्य राजीव कुमार उर्फ राजू यादव, ददन आजाद, पूर्व उपप्रमुख दिनेश सिंह, बीडीसी अजय गुप्ता, मुन्ना यादव व अन्य लोग मौजूद रहे।

## तीन शराब तस्करों को पांच-पांच वर्षों की कारावास व एक-एक लाख का जुर्माना

**केटी न्यूज/बक्सर**



बक्सर एक्साइज कोर्ट ने शराब तस्करी के मामले में तीन अभियुक्तों को दोषी पाते हुए उन्हें पांच-पांच वर्षों के कारावास की सजा के साथ ही एक-एक लाख का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड नहीं देने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। यह सजा ब्रह्मपुर थाना कांड संख्या 661/2020 के अभियुक्तों विक्की तिवारी, काशी तिवारी और प्रदीप पांडेय को सुनाई गई।

उक्त फैसला विशेष उत्पाद न्यायालय संख्या दो के न्यायाधीश प्रेमचंद वर्मा ने सुनाया है। जानकारी के अनुसार ब्रह्मपुर पुलिस ने 13 दिसंबर 2020 को अभियुक्तों के पास से 16.200 एमएल विदेशी शराब बरामद किया था। पुलिस द्वारा प्रस्तुत किए गए साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने इस मामले में तीनों को दोषी पाया था, सोमवार को उक्त फैसला सुनाया गया बताते चले की विक्की तिवारी एवं काशी तिवारी पिता पुत्र हैं। जिसमें से विक्की तिवारी फरार चल रहा है न्यायालय ने उसके खिलाफ परमानेंट वारंट जारी करते हुए उक्त फैसला सुनाया। सुनवाई में सरकार की ओर से एक्साइज पीपी अवधेश कुमार राय, रविंद्र कुमार सिन्हा एवं श्याम श्री चंदा ने बहस में हिस्सा लिया।

## डीएम ने की आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा, आईटी मैनेजर से को शो-काज

**केटी न्यूज/बक्सर**

आयुष्मान कार्ड निर्माण को लेकर सोमवार को समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा आयुष्मान कार्ड निर्माण में प्रगति रिपोर्ट लक्ष्य से कम रहने पर असंतोष व्यक्त किया साथ ही निर्देशित करते हुए वरीय उप समाहर्ता अलामा मुख्तार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम समन्वयक आयुष्मान भारत एवं जिला प्रबंधक वसुधा केन्द्र आपसी समन्वय स्थापित करते हुए आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु एक



कार्य योजना बनाये, इस संबंध में डीएम ने पुनः 08 जुलाई को आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा करने की जानकारी दी। साथ ही बैठक से नदारद रहने वाले आयुष्मान भारत आईटी मैनेजर को अनुपस्थित रहने पर शो-काज करते हुए वेतन स्थगित रखने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि जिला में कुल 1187600 आयुष्मान कार्ड बनाया जाना था। जबकि, अभी तक कुल 518241 आयुष्मान कार्ड बना दिया गया है। उन्होंने इससे सम्बंधित जिले के बड़े अस्पतालों को अधिक से अधिक नियमानुसार आयुष्मान से सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया गया। ताकि अधिक से अधिक लाभुकों को आयुष्मान कार्ड का लाभ दिया जा सकें साथ ही जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के जन वितरण प्रणाली दुकानों को चिन्हित कर आयुष्मान कार्ड बनाने जाय। बैठक में वरीय उप समाहर्ता, चिकित्सा पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम समन्वयक आयुष्मान भारत एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## संघ के तत्वावधान में नए तैराकी पदाधिकारियों के चयन के लिए बैठक हुई संपन्न

# अंतरराष्ट्रीय तैराक कैप्टन बिजेंद्र सिंह बने बिहार के चीफ कोच

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

स्थानीय प्रखंड के सपही गांव निवासी तथा अंतरराष्ट्रीय तैराक कैप्टन बिजेंद्र सिंह को बिहार तैराकी संघ का चीफ कोच बनाया गया है। संघ की ओर से राजधानी पटना स्थित जीपीओ कैम्पस के सभागार में नए पदाधिकारियों के चयन के लिए बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से कैप्टन बिजेंद्र सिंह को बिहार का चीफ कोच चुना गया। इसकी जानकारी मिलते ही तैराकी से जुड़े लोगों में हर्ष व्याप्त है। चीफ कोच बनने पर कैप्टन बिजेंद्र सिंह को बधाई देने वालों का तांता लग गया।




बधाई देने वालो में डुमरांव महाराज चन्द्रविजय सिंह, बक्सर सांसद सुधाकर सिंह, जिला फुटबाल संघ के जिलाध्यक्ष सह शिक्षाविद् डॉ रमेश सिंह, सैनिक संघ अध्यक्ष रामनाथ सिंह, रेलयात्री कल्याण समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह, भाजपा नेता चुन्नु सिंह, शंभूनाथ पांडेय, सहित कई लोग शामिल हैं। बता दें कि वे पूर्व में भी अंतर्राष्ट्रीय रेफरी रह चुके है। वे अपने सेवाकाल में दस वर्षों तक आर्मी, नेवी और एयरफोर्स के वाटर पोलो गेम में बतौर कैप्टन विश्व स्तर पर प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

**स्वर्ण पदक जीत पूरे देश का मान था बढ़ाया :** इस बीच इंटरनेशनल तैराकी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर कई गोल्ड मेडल देश के नाम किये। इसी दौरान सन 1986 में ऑस्ट्रेलिया में आयोजित हुए अंतरराष्ट्रीय तैराकी में भाग लिया और स्वर्ण पदक जीत पूरे देश का मान बढ़ाया था। वही 15 किलोमीटर का लंग डिस्टेंस नेशनल तैराकी चौंपियनशिप में लगातार दो बार गोल्ड मेडलिस्ट रहे। जिसके बाद 1987 में सेना की ओर से विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वही 2008 में सेवानिवृत्त होने के बाद अब अपने पैतृक गांव सपही में ग्रामीण युवाओं को तैराकी गुरू फ्री में सिखाते है। वे हर साल अपने गांव के पास गोकुल जलाशय में तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन भी कराते है। उन्होंने बताया कि वे अबतक 500 से अधिक युवाओं को तैराकी सीखा चुके है, उनमें से कई युवाओं की नौकरी भी लग चुकी है। इतना ही नहीं लगभग 14 किलोमीटर क्षेत्र में फैले गोकुल जलाशय के जीर्णोद्धार के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। इनका मानना है कि जलाशय में पर्यटन के साथ साथ खेल की भी अपार संभावनाएं हैं।

## पंचायत सरकार भवन निर्माण को लेकर डीएम सख्त

**केटी न्यूज/बक्सर**

सोमवार को जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित होने वाले पंचायत सरकार भवन एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर लाईट योजना के बैठक की समीक्षा समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में की गई।

बैठक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल बक्सर के द्वारा 49 एवं भवन निर्माण विभाग के द्वारा 36 पंचायत सरकार भवनों का निमार्ण कराया जा रहा है। जिसके विरूद्ध संबंधित कार्यकारी एजेंसी से प्राप्त



प्रतिवेदन के अनुसार अब तक 13 पंचायत सरकार भवनों के लिए भूमि उपलब्ध नहीं हो सका है। जिला पदाधिकारी द्वारा उक्त के संबंध में असंतोष व्यक्त किया गया। साथ ही बताया गया कि पंचायत सरकार भवन सरकार की महत्वपूर्ण योजना की सूची में शामिल है। जिसके लिए भूमि उपलब्ध नहीं होना अंत्यंत ही चिंताजनक है।

बता दें कि 19 जून को हुए पिछली बैठक में पंचायत सरकार भवनों के लिए संबंधित कार्यकारी एजेंसी को अनापति प्रमाण पत्र एवं नजरी नक्शा उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया गया है। विभाग के द्वारा पंचायत सरकार भवन के लिए लगातार समीक्षा किया जा रहा है। संबंधित अंचलाधिकारियों के साथ पंचायतवार भूमि की उपलब्धता के संबंध में समीक्षा करते हुए दो दिनों के अंदर मानक के अनुरूप भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश सभी अंचलाधिकारियों को दिया गया। जिसकी समीक्षा बक्सर एवं डुमरांव के भूमि सुधार उप समाहर्ता एवं अनुमंडल पदाधिकारियों द्वारा की जायेगी। अपर समाहर्ता बक्सर उक्त कार्य का पर्यवेक्षण करते हुए पंचायत सरकार भवन हेतु भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे।

## नए आपराधिक कानून के तहत दर्ज हुआ जिले का पहला मामला, जांच में जुटी पुलिस

# वारदात : नसरतपुर में दालान में सो रहे युवक को अपराधियों ने सिर में गोलीमार की हत्या

- बोले एसपी... परिजनों व ग्रामीणों से हुई है पूछताछ, दर्ज की गई है प्राथमिकी
- परिजनों ने पुलिस को दिए हैं नाम और नंबर

**केटी न्यूज/आरा**



घटना को लेकर परिजनों से पूछताछ करते पुलिस अधिकारी।

भोजपुर जिले के संदेश थाना क्षेत्र अंतर्गत नसरतपुर गांव में अपराधियों ने एक युवक की गोलीमार कर हत्या कर दी गई। युवक घर के दालान में सो रहा था। तभी युवक को एक गोली सिर में मारी गई है। जिससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। घटना पूर्व विवाद को लेकर बताया जा रहा है। दूसरी तरफ घटना की सूचना मिलने के बाद संदेश थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और वारदात की जांच में जुट गई है। जिसके बाद 1 जुलाई 2024 से लागू किए गए तीन नए कानून के तहत यह मामला दर्ज किया जाएगा।

**सरकारी नौकरी की तैयारी करता था मृतक :** जानकारी के मुताबिक मृतक संदेश थाना क्षेत्र के नसरतपुर गांव के वार्ड नंबर 5 के निवासी संजय कुमार सिंह के 22 वर्षीय पुत्र विक्रम सिंह उर्फ गोलू कुमार है। घटना की जानकारी देते हुए मृतक गोलू के चचेरे भाई कुंदन ने बताया कि घर के बाहर दालान है, जहां गाय बांधी जाती है, वहीं पर गोलू प्रतिदिन सोता था। कल रात भी वहीं पर सोया था। गोली को गोली सोए हुए ही लगी है और यह सरकारी नौकरी की तैयारी करता था। उसने बताया कि कुछ दिन पहले आम के बगीचा में गांव के ही कुछ लड़कों के साथ मारपीट हुई था। यह मामला थाना तक भी पहुंचा था। जिसके बाद उन लोगों के द्वारा धमकी दी गई थी कि अच्छी तरीके से देख लेंगे और बहुत जल्दी देख लेंगे।

**घटनास्थल पर पहुंची एफएसएल की टीम :** वहीं घटना को लेकर भोजपुर पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि सोमवार की सुबह संदेश थाना क्षेत्र के नसरतपुर गांव से सूचना मिली थी कि एक युवक घर के दालान में सो रहा था, तभी उसके सिर में गोलीमार कर हत्या कर दी गई है। जिसके बाद हम लोग तीन नए कानूनों के तहत जल्द कार्रवाई करते हुए एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंची और वहां सीसीटीवी की तलाशी ली गई। एफएसएल द्वारा सभी प्रकार के सैंपल लिया गया, जो भी आईडेंटिफाई करना था वो कर लिया गया। एसपी ने बताया कि नए कानून के तहत यह पहला केस दर्ज हो रहा है।

**आम तोड़ने के विवाद को लेकर हुई थी मारपीट :** भोजपुर एसपी ने बताया कि हमारे अधिकारियों द्वारा मामले की जांच की गई है तो कुछ कुछ बात सामने आया है। इसमें कुछ संबंधों की भी बात सामने आई है। साथ ही मृतक के परिजनों के द्वारा भी कुछ बात बताई गई है। जिसमें आम के बगीचे में आम तोड़ने के विवाद को लेकर मारपीट हुई थी। इस मामले को लेकर परिजनों ने आशंका जाहिर की है। परिजनों द्वारा कुछ नाम और नम्बर दिए गए है। साथ ही हमारी टीम ने जो साक्ष्य प्राप्त किए है उस आधार पर जो भी शामिल होंगे जल्द ही उनपर कार्रवाई की जाएगी। वहीं घटना की जांच के लिए सहायक पुलिस अधीक्षक के निर्देश में टीम को गठित कर दिया गया है। एसपी ने बताया कि हत्या कब हुई गोली कब चली घर वालों को कुछ भी पता नहीं चला है। पुलिस जांच कर जल्द ही अभियुक्त को गिरफ्तार कर लेंगी।

## पुरानी रंजिया में दोस्त से मिलकर लौट रहे युवक पर अपराधियों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग, घायल

**केटी न्यूज/आरा**

रविवार की रात हथियारबंद अपराधियों ने शहर में जमकर तांडव मचाया। ताबड़तोड़ फायरिंग में एक युवक को दाहिने पैर में घुटने के नीचे गोली लगी है। नगर थाना क्षेत्र के आनंद नगर पुल के पास की है। फायरिंग की अवाज सुनकर गश्त कर रही पुलिस मौके पर पहुंची तबतक अपराधी भाग गये थे। वहीं सड़क पर गिरे युवक को पुलिस इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल पहुंचाया। गोलबारी की सूचना मिलते ही आरा नगर थानाध्यक्ष देवराज राय व भोजपुर एएसपी परिचय कुमार दलबल के साथ सदर अस्पताल पहुंचे घायल युवक से गोलीबारी की जानकारी ली। जख्मी युवक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के शीतल टोला मोहल्ला निवासी फुधुन यादव के बेटे महेश यादव उर्फ खटाई यादव के रूप में हुई है।

जख्मी महेश ने पुलिस को बताया कि रविवार की देर शाम आरा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिपराहियां गांव में दोस्त से मिलकर जब वह वापस लौट रहा था। उसी दौरान आनंद नगर पुल के समीप नौ-दस की संख्या में पहले से हथियारबंद हमलावर घात लगाए हुए थे। मैं जैसे ही वहां ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें उसके पैर में गोली लगी। गोली लगने के बाद हाईवे पेट्रोलिंग कर रही पुलिस की टीम ने मुझे आरा सदर अस्पताल लाया। जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। महेश यादव खटाई यादव ने पुलिस को दिए वयान में पूर्व के विवाद को लेकर मंटू कहार एवं बिशु पासवान के कहने पर लाला व उसके साथ रहे अन्य अपराधियों द्वारा उसे गोली मारने एवं करीब दस राउंड खुद पर फायरिंग करने का आरोप लगाया है। जख्मी युवक महेश यादव उर्फ खटाई यादव के उपर शहर के नवादा एवं टाउन थाना क्षेत्र में करीब छह से अधिक एफआईआर दर्ज है।

## एक नजर

### सड़क हादसे में पति-पत्नी समेत तीन की मौत



**सासाराम।** रोहतास जिले में रफ्तार की कहर ने पति-पत्नी समेत तीन की जान ले ली। कार तथा अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन की मौत हो गई जबकि एक घायल का इलाज जारी है। जबकि एक युवती का इलाज जारी है। घटना सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खंडा चांदी गांव के पास की बताई गई है। मृतक के परिजन तथा चौकीदार ने बताया कि सासाराम मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में घटी इस घटना के बाद तीनों मृतकों के शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपते हुए अगली कार्रवाई जारी है। परिजनों ने बताया कि कार पर सवार होकर बघैला थाना क्षेत्र के पंडरिया के वीरेंद्र पांडेय अपने पत्नी इंदा देवी तथा पुत्री के साथ इलाज करा कर गांव लौट रहे थे। जहां अगरेर थाना क्षेत्र के खुढ्ढुनु निवासी स्वास्थ्य कर्मी गुड्डू कुमार भी कार में सवार हो गए। इसी बीच सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चांदी खडा गांव के पास अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने कार में टक्कर मार दिया। जिससे कार सवार पति-पत्नी समेत स्वास्थ्य कर्मी गुड्डू कुमार की मौत हो गई। जबकि वीरेंद्र पांडेय कि पुत्री का फिलहाल इलाज जारी है घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### बीडीओ ने जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक



**नोखा।** रोहतास जिले के नोखा प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बीडीओ अतुल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित जीविका प्रबंधन रविकांत शर्मा, मुखिया दयानंद सिंह, मुखिया प्रतिनिधि विवेक सिंह, राकेश कुमार, सीडीपीओ आभा कुमारी सहित अन्य कर्मी मौजूद थे। जो बीएससीसी बिहार क्रेडिट स्टूडेंट क्रेडिट एएसए स्वयं सहायता भत्ता के एपी कुशल एवं कार्यक्रम के काउंसलिंग कार्यक्रम का शुरूआत की गई।

### महुआ शराब के साथ तीन कारोबारी धराए

**दिनारा।** पुलिस ने देशी महुआ शराब के साथ तीन कारोबारी को धर दबोचा। नटवार थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के रामगढ़ टोला से भीम चौधरी की पत्नी पार्वती देवी, रामधनी चौधरी की पत्नी कुंती देवी एवं रामबड़ी चौधरी के पुत्र सत्येंद्र चौधरी को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार तीनों कारोबारियों के पास से कुल मिलाकर 21 लीटर देशी महुआ शराब पुलिस ने बरामद कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तीनों कारोबारियों के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया

### एससी-एसटी एक्ट के मामले में एक गिरफ्तार

**दिनारा।** पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दिनारा थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के पोंगाढ़ीं गांव से छोटन तिवारी उर्फ विशाल तिवारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गय । उन्होंने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट के मामले में प्राथमिकी दर्ज था।

## ई-मेल के माध्यम से भी दर्ज करा सकते हैं शिकायत

- नए आपराधिक कानून को लेकर अनुमंडल के सभी थाना परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**केटी न्यूज/बिक्रमगंज**




एक जुलाई से देशभर में तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो गए हैं। जिसको लेकर रोहतास एसपी विनीत कुमार के निर्देश के आलोक में बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को नए कानून के बारे में जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में महिलाओं एवं युवाओं की अच्छी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए डीएसपी संजय कुमार के अध्यक्षता में थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सहित क्षेत्र के आमजन को नए आपराधिक कानून की खास बातों के प्रति जागरूक किया गया।

थानाध्यक्षों ने बताया कि एक जुलाई से नए कानून के लागू होते ही केस करने की प्रक्रियाएं पूरी तरह बदल दी गई है। साथ ही कांडों में धाराओं में भी तब्दीली कर दी गई हैं। पीड़ितों की सुविधा का ख्याल रखते हुए थाना की सीमा की बाध्यता को समाप्त करते हुए जीरो एफआईआर को अनिवार्य कर दिया गया हैं। इस दौरान थाने में काराकाट थाना में आमंत्रित नागरिकों को महिला पुलिस अंजली कुमारी द्वारा विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों से संबंधित प्रमुख प्रावधानों से अवगत कराया गया। थानाध्यक्ष फुलदेव चौधरी ने बताया कि वर्तमान में एससीआरबी की वेबसाइट (https://scrb.bihar.gov.in/) पर प्राथमिकी डाउनलोड करने की सुविधा उपलब्ध है। वेबसाइट पर तीनों आपराधिक कानून हिन्दी एवं अंग्रेजी वर्जन में उपलब्ध हैं। जहां तीनों नए आपराधिक कानून से जुड़ी जानकारी दी गई हैं। साथ ही शिकायत एवं सुझाव के लिए भी एक आइकन बना हुआ है, और थाना के नंबर एवं ई-मेल आईडी की जानकारी दी गई है। थानों के ई-मेल के माध्यम से भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। मौके पर काराकाट मुखिया योगेंद्र सिंह, जयश्री रितेश सिंह, जयशंकर पटेल, वार्ड पार्षद संतोष कुमार तिवारी, मुखिया राजीव रंजन सिंह, दरोगा संजय ठाकुर, रफीक अंसारी,रमन सिंह, रविन्द्र यादव, भरत साहनी,निशांत कुमार, मिथलेश कुमार, अंजली कुमारी सहित क्षेत्र के आमजन मौजूद थे ।

## जिम संचालक की हत्या मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

**केटी न्यूज/नसरीगंज**

नासरीगंज पुलिस ने जिम संचालक हत्याकांड के मामले में आरोपित एक आरोपी को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बीते दिन पूर्व शनिवार की रात करीब 8:40 बजे नासरीगंज थाना के समीप झंझरिया पुल के पास जिम संचालक अमियावार निवासी आदित्य कुमार श्रीवास्तव उर्फ आदि को घर जाने के क्रम में अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

जिस मामले में मृतक के भाई प्रिंस कुमार श्रीवास्तव के द्वारा लिखित आवेदन में आठ लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। जिस मामले में आरोपित पुलिस ने उसी गांव के रहने वाले राजाराम पासवान के पुत्र बिरजू पासवान को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। इसकी जानकारी नासरीगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि हत्याकांड के मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए स्थानीय पुलिस सभी आरोपियों के संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है। उन्होंने कहा कि मामले में शामिल सभी आरोपियों को बहुत जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पंचायत स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं एवं सुधार को लेकर हुई चर्चा




ग्रामीणों के साथ पीरामल फाउंडेशन के अधिकारी।

**नोखा।** जिले के नोखा प्रखंड के धर्मपुरा पंचायत में डेवेलोपमेंट् प्लान के सफल संचालन एवं पंचायत स्तरीय लक्ष्य की प्राप्ति हेतु पंचायत स्तरीय का बैठक की गई। बैठक पंचायत के स्वास्थ्य उपकेंद्र धर्मपुरा के भवन में मुखिया मलती देवी के अध्यक्षता में आहूत की गई। कार्यक्रम तहत नीति आयोग के सहयोगी संस्था पिरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर अर्जुन गोस्वामी ने पंचायत के चिन्हित थीम पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। जबकि मुखिया द्वारा पंचायत को मॉडल पर चर्चा की गई। मौके पर स्वाथ्य, पोषण, शिक्षा के सूचकांकों को पंचायत में कैसे सुधार किया जाये। इस पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। एएनएम ने परिवार नोजोजन पाखवारा, एनबीएस, एमडीए एवं गर्भवती महिलाएं के प्रसव पूर्व जांच, प्रसव पश्चात जांच, कुपोषण के उपर विश्तार पूर्वक बताया। बैठक में सभी नामित सदस्य एवं प्रतिभागियों के सर्व सहमति से जीपीपीएफटी फोरम के गठन की सहमति बनी। वहीं, ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण प्रक्रिया में सम्मिलित किये जाने वाले मुद्दे पर भी चर्चा की गई। मौके पर सभी वार्ड सादश्य, सीएम जीविका, सेविका दीदी, आशा दीदी, जीविका के सादश्य, पिरामल स्वास्थ्य के प्रोग्राम लीडर अर्जुन गोस्वामी, एएनएम लीलावता देवी, इंदु देवी, शिला देवी ने भाग लिया।










# तीन नये कानून व योगी के बुल्डोजर राज के खिलाफ माले ने किया प्रदर्शन

♦ माले ने लगाया आरोप नए कानून से देश में घोषित पुलिस राज स्थापित होगा

**केटी न्यूज / बलिया**




प्रदेश के जनपदों में गरीबों के मकानों को अवैध घोषित कर बुल्डोजर से ढाहने तथा नये भारतीय दंड सहिता के खिलाफ भाकपा माले के राज्यव्यापी के कार्यक्रम के तहत पार्टी के कार्यकताओं ने पार्टी के केन्द्रीय कमेटी के सदस्य श्रीराम चौधरी एवं राज्य कमेटी के सदस्य ओम प्रकाश सिंह के नेतृत्व में सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान राष्ट्रपति और राज्यपाल को अलग अलग तीन सुत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। जिसमें केन्द्र सरकार से तीन नए आपराधिक कानूनों पर रोक लगाने तथा उसका उचित परीक्षण करने और फिर से संसद में पेश कर विपक्ष का भी विचार लेने की मांग की। प्रदेश में गरीबों के घरों पर बुल्डोजर चलाना बन्द करने और उनकी बेदखली रोकने तथा गरीबों की बस्तियों को नियमितिकरण करने तथा लखनऊ के अकबर नगर के विस्थापितों को पुनः क्षतिपूर्ति के साथ निःशुल्क मकान व नागरिक सुविधाएं मुहैया कराने की मांग की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से लाल साहब, बसंत सिंह, भागत बिन्द,वशिष्ठ राजभर, लक्ष्मण यादव, रामानन्द गोंड, लक्ष्मण पाण्डेय,शैलेश सिंह, नियाज अहमद, मो युसुम, रमेश बिन्द, राजेश गोंड, विनय खरवार, राजू राजभर, राधेश्याम चौहान, रामप्रवेश शर्मा, सुधीर पासवान, आशा देवी, सिंहासन पटेल, लल्लन गोंड, जितेन्द्र पासवान आदि लोग शामिल रहे।

## कोर्ट की आड़ में गरीबों के मकान पर चलाया गया बुल्डोजर

पार्टी नेता श्रीराम चौधरी ने कहा कि जो भी सरकार अदालत की आड में गरीबों के मकानों पर बुल्डोजर चला रही है। वहीं ग्रामसभा और बंजर भूमि जो दबंग किस्म के लोग कब्जा किये हुए हैं। उनके खिलाफ कार्यवाही नहीं हो रही है। वहीं पार्टी के राज्य कमेटी सदस्य ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि नए तीन अपराधिक कानून लागू होने से देश और प्रदेश में घोषित तौर पर पुलिस राज स्थापित होगा और निर्दोषों को दोषी ठहराया जायेगा। कहा कि यह कानून जब संसद में पेश और पास किया गया उस समय विपक्षीय सांसदों को संसद से निलंबित किया गया था।

## एक नजर

### तीन चोर गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद



**मऊ।** पुलिस अधीक्षक इलामारन के निर्देशन में अपराध-अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह अत्री के कुशल पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी घोसी के नेतृत्व में थाना घोसी पुलिस को उस समय अहम सफलता हाथ लगी। जब देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर अमिला थानीदास मार्ग पर प्रकाश में आये अभियुक्तगण राकेश मल्लाह उर्फ गुड्डू मल्लाह पुत्र रामचरन मल्लाह निवासी राहुल नगर मठिया थाना कोतवाली, संजय यादव पुत्र रामअवध यादव निवासी एकरामपुर थाना सिधारी, शुभम तिवारी पुत्र दिनेश तिवारी निवासी चकगुरिया थाना सिधारी जनपद आजमगढ़ के कब्जे से चोरी की एक अदद प्रिंटर, एक अदद डीवीआर, एक अदद मार्कशीट, 8000 रुपये व एक अदद नाजायज तमन्चा तथा एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

### बाइक पलटने से दो युवक घायल

**रसड़ा।** रसड़ा कासिमाबाद मार्ग स्थित अखनपुरा गांव के समीप सोमवार के दोपहर दो बाइक सवार युवक बाइक सहित गड्ढे में पलटने से गंभीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के दौरान बाइक सवार युवक की हालत गंभीर होने पर मऊ जनपद के लिए रेफर कर दिया। गाजीपुर जनपद के थाना कासिमाबाद रामगढ़ निवासी सोमवार के दोपहर अपने रामगढ़ निवासी राज निषाद 21 पुत्र अमरनाथ निषाद, पतीराम निषाद 23 पुत्र सुरेंद्र निषाद सोमवार को दोपहर अपने गांव से रिश्तेदारी चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के रामपुर गांव जा रहे थे कि अखनपुरा गांव के सामने बाइक अनियंत्रण होकर गड्ढे में पलट गई। जिससे दोनों बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

### बेल्थरा रोड से मऊ के बीच रोडवेज बस सेवा शुरू



**मऊ।** विधान परिषद सदस्य विच्छे लाल राजभर ने मऊ से बेलथरा रोड के लिए प्रारंभ हुई। नई बस सेवा का गहना ग्राम पंचायत की चट्टी पर स्वागत किया। विधान परिषद सदस्य विच्छे लाल राजभर के अनुरोध पर उत्तर प्रदेश शासन के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने मऊ डिपो से एक नई बस सेवा शुरू की। यह बस बलिया जनपद के बेल्थरा रोड से बेलौली, उधरन , क्रिडिहिरापुर,बाहरपुर ,गहना, गहनी, साहुपुर, हलधरपुर होते हुए मऊ तक चलेगी। यह बस बेल्थरा रोड से प्रातः 7:00 बजे मऊ के लिए प्रस्थान करेगी और 9:30 बजे मऊ पहुंचेगी और पुनः सायंकाल मऊ से 4:00 बजे चलेगी। इस बस सेवा के प्रारंभ होने से क्षेत्रीय लोगों में काफी हर्ष है। विधान परिषद सदस्य विच्छे लाल राजभर के नेतृत्व में पहले दिन मऊ से वापस जाते समय सायं लगभग 5:00 बजे गहना ग्राम पंचायत की चट्टी पर बड़ी संख्या में लोगों ने इस बस का स्वागत किया और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त की ।लोगों ने इस बस सेवा के लिए विधान परिषद सदस्य विच्छे लाल राजभर एवं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया ,और कहा कि इस बस सेवा से क्षेत्रीय लोगों को काफी सहूलियत एवं सुविधा मिलेगी।

### रोजगार मेले का आयोजन 04 जुलाई को

**मऊ।** जिला सेवायोजन अधिकारी आशुतोष प्रसाद ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आईटीआई परिसर सहादतपुरा मऊ में दिनांक 04 जुलाई 2024 को बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार हेतु उप्र परिवहन निगम मऊ द्वारा संविदा चालक के 50 पदों पर चयन सम्बन्धि कार्यवाही पूर्ण की जायेगी जिसकी न्यूनतम योग्यता 8 पास, लम्बाई 5 फुट 3 इन्च, उम्र 23 से 40 वर्ष एवं 02 वर्ष पुराना हैबी ड्राईविंग लाइसेन्स होना आवश्यक है, बाम्बे इन्टग्रेटेड सिक्योरिटी इण्डिया लि, बजाज एलियांज लाईफ इंश्योरेंस कम्पनी लि, एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस कम्पनी लि, डिक्शन (मोबाईल मैनुफैक्चरिंग कम्पनी) प्रालि नोएडा, द्वारा कैम्पस किया जायेगा। जिसमें अभ्यर्थियों को 10000 से 18000 वेतनमान मिलेगा। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यर्थियों को सबसे पहले रोजगार संगम पोर्टल पर ऑनलाईन पंजीयन करना अनिवार्य है।

### मनाया गया पूर्व सीएम अखिलेश यादव का जन्मोत्सव

**गाजीपुर।** शहर के लंका मैदान स्थित पेट्रोल पंप पर सपा नेताओं द्वारो जन साधारण को जागरूक कर अनोखे अंदाज में अपने नेता व सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव का जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे युवा सपा नेता अभिनव सिंह ने बताया कि सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अपना सर्वस्व देश की जनता के हित के लिए समर्पण करके जनसेवा में लगे हुए है ऐसे में हम सभी को उनका सहयोग करना चाहिए। सपा नेता ने बिना हेलमेट पहने हुए मोटरसाइकिल चालकों को रोक कर उन्हे गुलाब का फुल देकर उनसे हेलमेट पहनने का आग्रह कर रहे थे तथा ऐसी असावधानी से भविष्य में बचने के लिए जागरूक कर रहे थे। अभिनव सिंह ने लोगों को एक-एक पौधे देकर पौधारोपण करने के लिए संकल्पित किया गया।

## खबरें फटाफट

### डीएम एसपी ने नये कानूनों से कराया लोगों को परिचित

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने थाना शादियाबाद पर एक जुलाई से लागू हो रहे नये कानूनों के सम्बन्ध में जन जागरूकता गोष्ठी को संबोधित किया। गोष्ठी में नये कानूनों में वर्णित प्रावधानों से अवगत कराया गया। इसी क्रम सें जनपद के समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों द्वारा भी अपने-अपने थानों पर गोष्ठी आयेजित कर, लोगों को विस्तार से नये कानूनों में वर्णित प्रावधानों से अवगत कराया गया। वहीं महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा महिलाओं एवं बच्चों से सम्बन्धित अपराधों के सम्बन्ध में पुस्तिका में वर्णित प्रावधानों की जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों से इसके प्रचार प्रसार के सम्बन्ध में विचार विमर्श करते हुये शंकाओं का समाधान भी किया गया। इसके साथ ही नये कानूनों के सम्बन्ध में तैयार किये गये पम्पलेटों का वितरण किया गया। गोष्ठी में थाना क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों, पत्रकारों सहित क्षेत्रीय व स्थानीय लोग सम्मिलित रहे।

### एक युवक पर फिदा दो प्रेमिकाओं ने आपस में की झगड़ा,पहुंची पुलिस

**दयाछपरा।** बैरिया थाना क्षेत्र के एक गांव के एक युवक पर फिदा दो प्रेमिकाओ ने आपस मे जम कर झगडा करने के साथ ही नाक मुंह नोच बैठी, फिर दोनो ने मिल कर प्रेमी की जम कर धुनाई की ।इसी बीच सूचना पर पहुंची 112 नम्बर पुलिस ने तीनों प्रेमी प्रेमिकाओं को थाने ले गई। जहां समझा बुझा कर मामला शांत किया गया। जो क्षेत्र मे चर्चा का विषय बना हुआ है। ममला रविवार की शाम का है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बैरिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी स्वर्ण आभूषण का कारीगरी करने वाले एक युवक से एक विवाहिता व पड़ोस के गांव की एक युवती से इश्क चल रहा था। युवती व विवाहिता ने एक दूसरे का फोटो अपने प्रेमी युवक के मोबाईल में देख ली। अब क्या था?दोनो एक दूसरे को खोजने लगी। तब तक रविवार की शाम दोनो खखन बाबा स्थान के पास मिल गईं और मामला तू तू -मैं मैं से होते बाल नोचने से लेकर लात- मुक्का तक पहुंच गया ।उसके कुछ देर बाद दोनो मिल कर अपने प्रेमी के दुकान पर पहुंच गई।

## यूपी में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में सीएम योगी ने तैयार की विस्तृत कार्ययोजना

# 2500 सोलर मास्ट लाइटिंग सिस्टम से लैस होंगे उत्तर प्रदेश के कई जिले

♦ उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा अभिकरण (यूपीनेडा) ने शुरू की प्रक्रिया, 29.78 करोड़ रुपए से कार्यों को किया जाएगा

**केटी न्यूज / लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर रही योगी सरकार प्रदेश में सौर ऊर्जा व स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए भी लगातार प्रयास कर रही है। प्रदेश में सौर ऊर्जा के प्रसार को बढ़ाने व आम लोगों में इसके प्रति जागरूकता लाने के भी विभिन्न प्रयास कर रही है। ऐसे में, प्रदेश के विभिन्न जिलों को सौर ऊर्जा चालित सोलर मास्ट लाइटिंग सिस्टम से लैस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी की मंशा अनुसार उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई थी। इस कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा अभिकरण (यूपीनेडा) ने प्रदेश के विभिन्न जिलों को 2500 सोलर मास्ट लाइटिंग से लैस करने के लिए ई-निविदा माध्यम के जरिए एजेंसी निर्धारण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस प्रक्रिया के पूरा होने पर कार्य प्राप्त करने वाली एजेंसी को 4 माह के भीतर 29.78 करोड़ रुपए की लागत से इन लाइट्स की सप्लाई, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग, व कमीशनिंग प्रक्रिया को पूर्ण करना होगा। इन कार्यों को अतिरिक्त, लैंड बैंक मैनेजमेंट पोर्टल व विभिन्न स्कीमों को बढ़ावा देने के लिए आईवीआर तथा डैशबोर्ड मॉनिटरिंग सिस्टम के भी विकास कार्य पर यूपीनेडा फोकस कर रही है। एक ओर, यूपीनेडा द्वारा लैंड बैंक मैनेजमेंट एप्लिकेशन के विकास की प्रक्रिया शुरू की गई है, वहीं दूसरी ओर वह पीएम सूर्य घर योजना तथा पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत होने वाले कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए जेनरेटिव एआई बेस्ड आईवीआर व डैशबोर्ड मॉनिटरिंग सिस्टम का विकास भी करवा रही है। यूपीनेडा द्वारा इस कार्य का जिम्मा भी यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी) को ही सौंपा गया है। गौरतलब है कि यूपीनेडा द्वारा पराली को बायो फ्यूल में कन्वर्ट करने के लिए एक ऐसे पोर्टल का विकास किया जा रहा है जहां किसान पराली बेच सकेंगे और यूपीनेडा इस पराली को बायो फ्यूल में कन्वर्ट कर सकेगा। इस पोर्टल के विकास के साथ ही अब जेनरेटिव एआई की मदद से आईवीआर व डैशबोर्ड मॉनिटरिंग सिस्टम का भी विकास किया जा रहा है। यह पीएम सूर्य घर योजना तथा पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत लाभान्वितों को ट्रैक व मॉनिटर करने में सक्षम होगा। जिससे आम जनता को काफी सहूलियत मिलेगी।



### 5 वर्ष की वारंटी युक्त होगा सोलर मास्ट लाइटिंग सिस्टम

योजना के अनुसार, प्रदेश के विभिन्न जिलों की चयनित साइट्स पर सोलर पीवी ह्वाइट एलइडी लाइट हाई मास्ट लाइट सिस्टम को लगाया जाएगा। ये सौर ऊर्जा चालित मास्ट लाइट्स कई मायनों में विशिष्ट हैं। यह लिथियम फेरो फॉस्फेड बैटरी बेस्ड सिस्टम होगा जो 12.8 वोल्ट कैपेसिटी पर कार्य करेगा और ह्वाइट लाइट होने के बावजूद यह अल्ट्रा वॉयलेट रेज का एमीशन नहीं करेगा। यह 135 ल्यूमेंट प्रतिवाट के हिसाब से प्रकाश उत्पन्न करेगा। यानी, आउटडोर्स में ये लाइटें प्रकाश तो अच्छा उत्पन्न करेंगी ही साथ ही जीरो से लेकर 60 डिग्री तक के तापमान में भी यह आसानी से संचालित हो सकेंगीं। इन लाइटों को लगाने वाली एजेंसी द्वारा न केवल इनकी गुणवत्ता को सुनिश्चित करेगी बल्कि 5 वर्ष के वारंटी पीरियड के अंतर्गत संचालन व रखरखाव की प्रक्रिया को भी सुनिश्वत करेगी।

### लैंड बैंक मैनेजमेंट एप्लिकेशन के विकास पर हो रहा काम



यूपीनेडा द्वारा लैंड बैंक मैनेजमेंट एप्लिकेशन के विकास के लिए भी कार्य शुरू कर दिया गया है। इस क्रम में, यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी) को जिम्मा सौंपा गया है जो अपने यहां इंपैनल्ड सॉफ्टवेयर डेवलमेंट एजेंसी के जरिए इस कार्य को पूर्ण कराएगी। कार्य के पूरा होने के उपरांत यूपीनेडा की वेबसाइट पर लैंड बैंक पोर्टल के जरिए आउटलाइन एप्लिकेशन मैनेजमेंट, रेगुलर कॉम्पलायंस, डॉक्यूमेंट्स व कॉन्ट्रैक्ट्स एसेसमेंट, टेनेंट व फाइनेंशियल मैनेजमेंट जैसे तमाम कार्यों को बेहतर तरीके से पूरा कर सकेगा। साथ ही, हितधारकों के साथ संवाद कायम करने में भी यह एक अच्छा माध्यम साबित होगा। यह एप्लिकेशन 3 टीयर बेस्ड सिस्टम पर आधारित होगी। जिससे हर स्तर पर पारदर्शिता बनी रहेगी।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण के लिए करें साफ सफाई, कचरा निस्तारण व छिड़काव : डीएम

**केटी न्यूज / मऊ**

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के द्वितीय चरण (01 जुलाई से 31 जुलाई 2024 ) का उद्घाटन किया।जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नन्द कुमार, नोडल अधिकारी वेक्टर बार्न डा आरएन सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी बेदी यादव, नगर पालिका परिषद मऊ के सफाई निरीक्षक नरेन्द्र कुमार व सत्य प्रकाश यादव यूनिसेफ के डीएमसी सौरभ सिह, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ तथा मलेरिया निरीक्षक राजेश यादव, सरोज सिंह यादव, जेई कन्सल्टेन्ट डॉ उपेन्द्र सिंह व स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। डीएम ने कहा कि कि संचारी रोग नियन्त्रण अभियान के अन्तर्गत जनपद में साफ सफाई, कचरा निस्तारण एवं छिड़काव तथा प्रचार प्रसार किया जायेगा ताकि शासन की नीतियों के अनुसार शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति हो सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग एईएस/जेई रोकथाम एवं नियन्त्रण गतिविधियों हेतु राज्य, जनपद, ब्लाक तथा पंचायत/ग्राम स्तरों पर विभिन्न विभागों के बीच समन्वय हेतु नोडल विभाग का कार्य करेगा। आशा, एएनएम तथा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से समय पर उपचार एवं संदर्भ हेतु समुदाय स्तर पर बुखार के मरीजों की ट्रेकिंग की जायेगी। नोडल अधिकारी वेक्टर बार्न डा आरएन सिंह ने बताया कि आशाओं को बुखार के मरीजों की ट्रेकिंग हेतु प्रशिक्षित किया गया है। इस माह के दौरान दिनांक 10 जुलाई से 31 जुलाई 2024 के बीच विशेष दस्तक अभियान संचालित किया जायेगा।




# आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर सिकंदरपुर पुलिस ने की खानापूर्ति

**केटी न्यूज / बलिया**

शिक्षा क्षेत्र नवानगर के प्राथमिक विद्यालय उसरी के प्रधानाध्यापक कक्ष में लाठी लेकर घुसकर प्रधानाध्यापक को गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। इस मामले में सिकंदरपुर पुलिस ने दबंग युवक व उसके बाप के विरुद्ध मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज कर ली थी। परंतु पुलिस इस मामले में खानापूर्ति कर रही है। जिसको लेकर सिकंदरपुर पुलिस के कार्यशैली पर सवालिया निशान उठने लगे हैं। सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के बस्ती बुजुर्ग गांव निवासी मोहन प्रसाद गुप्ता पुत्र स्वर्गीय परशुराम प्रसाद गुप्ता शिक्षा क्षेत्र नवानगर के प्राथमिक विद्यालय उसरी पर प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात है। वह प्रतिदिन की भांति 27 जून 2024 की सुबह प्राथमिक विद्यालय उसरी पर पहुंचे। जहां वह अपने कक्ष में बैठकर विद्यालय का कार्य कर रहे थे, तभी उसरी गांव निवासी रविन्द्र यादव का पुत्र अतिश कुमार यादव लाठी लेकर उनके कक्ष में पहुंचा और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। जिसका वीडियो सोशलमीडिया पर वायरल हो गया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि दबंग युवक प्रधानाध्यापक को धमका रहा है कि तुम वीडियो बना लो मेरा कुछ नहीं होगा। तुम जल्दी दरवाजे पर आओ नहीं तो दोबारा आऊंगा तो पिटाई कर दूंगा।

## डीएम व एसपी ने बच्चों को ड्रेस सहित कई सामग्री किए वितरित

# स्कूल चलो अभियान के फेज टू का हुआ आगाज : जिलाधिकारी

♦ अभिभावकों से संपर्क स्थापित करते हुए अधिक से अधिक नामांकन करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का निर्देश

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



भुडकुड़ा कोतवाली कंपोजिट विद्यालय मंझनपुर कला में आज जिलाधिकारी आर्यका अखौरी व एसपी ओमवीर सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी हेमंत राव ने अपने काफिले के साथ पहुंचे और स्कूल चलो अभियान फेज टू के तहत नवीन नामांकन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत सोमवार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हेमंत राव के नेतृत्व में नामांकन प्रोत्साहन स्वरूप बच्चों में पाठ्य पुस्तक एवं ड्रेस का वितरण किया गया। इसी दौरान जिलाधिकारी आर्यका अखौरी,पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बच्चों को स्वच्छता जागरूकता संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिदिन स्नान करके साफ सुथरी ड्रेस पहनकर विद्यालय आने के लिए बच्चों अभिभावकों को जागरूक किया गया। विद्यालय अध्यापकों को अभिभावकों से संपर्क स्थापित करते हुए अधिक से अधिक नामांकन करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया गया। विद्यालय में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाते हुए घर-घर पहुंचकर संपर्क अभियान चलाने पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी प्रभारी प्रधानाध्यापक कंपोजिट विद्यालय मंझनपुर कला से छात्र नामांकन और विद्यालय के बारे में जानकारी दी गई विद्यालय के रसोई घर में टायलीकरण हेतु ग्राम पंचायत से संपर्क कर रसोईघर पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।विद्यालय में ऑपरेशन कायाकल्प प्राप्त 19 पैरामीटर संतृप्त ठीक पाया गया। 19 पैरामीटर के अतिरिक्त विद्यालय के मैदान परिसर में क्षेत्र पंचायत से इंटरलॉकिंग की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है ।विद्यालय में जल जमाव की समस्या के निराकरण हेतु क्षेत्र पंचायत से परिसर में गिराए गए मिट्टी को यथाशीघ्र मैदान में फैलाने हेतु ग्राम प्रधान को निर्देशित किया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा छात्र-छात्राओं को ड्रेस एवं जूता-मोजा, स्टेशनरी क्रय हेतु डीबीटी के माध्यम से खाते में प्रेषित राशि को सदुपयोग करने हेतु जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी के प्रयास से गरीब बच्चों को शिक्षा मिल सकती है। जब यह शिक्षित नहीं होंगे। तब तक समाज का विकास नहीं हो सकता है। यह आने वाले समय का भविष्य है। इस कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी नीलेन्द्र चौधरी, रामजन्म यादव, कैलाश यादव, हरेंद्र यादव, राधेश्याम यादव, मनोज सिंह, सहित अन्य अध्यापक मौजूद थे ।

# पेड़ से टकराकर खाई में पलटी कार, चालक की दर्दनाक मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**केटी न्यूज / मऊ**

सरायलखंसी थाना के मजखनी गांव के पास रविवार को देर शाम को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के सर्विस लेन पर अनियंत्रित कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा कर खाई में पलट गई। हादसे में कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार में आगे बैठा युवक घायल हो गया। दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। रानीपुर थाना के इटौरा गांव निवासी गौतम कुमार (25) पुत्र राजनेत्र राम अपने दोस्त चंदन (26) पुत्र सोचराम के साथ कार से किसी काम अपने गांव उसे पीपरीडीह बाजार जा रहा था। वह दोनों बाजार से कुछ दूरी पर पहुंचे थे कि कार अचानक अनियंत्रित हो गई। इसके बाद कार सर्विस लेन के किनारे एक पेड़ से टकरा गई। पेड़ से टकराने के बाद कार का अगला हिस्सा बुरी तरह चकनाचूर हो गया। टक्कर की आवाज सुनकर आस-पास के लोग भी एकत्र हो गए। स्थानीय लोगों के मुताबिक टक्कर इतनी तेज थी कि शीशा तोड़कर कार चला रहा गौतम बाहर कुछ दूरी पर जाकर गिरा था। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि वाहन की तफ्तार काफी तेज थी। जिस कारण वाहन पर नियंत्रण नहीं हो सका। इस घटना में युवक की मौत मौके पर हो गई। वहीं, कार की अगली शीट पर बैठा चंदन कार का एयर बैग खुलने से बच गया। हालांकि उसे भी गंभीर चोट आयी है। किसी तरह से चंदन को कार से बाहर निकाला गया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सदर जिला अस्पताल भेजा गया है। वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच-पड़ताल में जुटी रही और घायल से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने दोनों के परिजनों को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजवाया।



# गंगा –जमुनी तहजीब के मिसाल बने परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद

- कैप्टन मकसूद गाजीपुरी ने डॉ. मोहन राव भागवत को सौंपी ऐतिहासिक पुस्तक
- मुस्लिम जातियों की जड़े भारतीय पूर्वजों से जुड़ी हुई है

**अखिलानंद तिवारी / गाजीपुर**




दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के धामूपुर गांव में स्थित शहीद स्मारक में परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद के जयंती भव्य तरीके से मनाई गई। जयंती में उस वक्त चार चांद लग गए जब देश के संघ प्रमुख डा. मोहन राव भागवत शहीद स्मारक पहुंचे। वहां कैप्टन मकसूद गाजीपुरी के साथ परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद और रसूलन बीबी की प्रतिमा को माल्यार्पण कर नमन किया। इसके बाद मंच पर विराजमान हुए। संघ प्रमुख मोहन भागवत को शहीद परिवार के लोगों ने स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। उसके बाद मोहन भागवत ने शहीद के परिवार शमीम अहमद, परवेज, जैनुल को वस्त्र देकर सम्मानित किया। फिर महाराष्ट्र के लेखक डा.रामचंद्रन श्रीनिवासन द्वारा लिखित पुस्तक मेरे पापा परमवीर का विमोचन किया। उसके बाद कैप्टन मकसूद गाजीपुरी द्वारा लिखित बलिदानी पुस्तक को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित पुस्तक को संघ प्रमुख मोहन राव भागवत को सौंपा। लोग कार्यक्रम में गंगा -जमुनी तहजीब की मिसाल देते रहे। इस मौके पर कैप्टन मकसूद गाजीपुर ने कहा कि इस पुस्तक में देश के सभी बलिदानी का स्टोरी भरपूर मात्रा में संकलित किया गया है। मुख्य अतिथि संघ प्रमुख डॉ. मोहन राव भागवत ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशां होगा।

## सिद्धपीठ पर दर्शन-पूजन से मुझे मिलती है ऊर्जा: डॉ. मोहन भागवत

**गाजीपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत सोमवार को सिद्धपीठ स्थित बुढ़िया माई मंदिर में दर्शन- पूजन करने पहुंचे। इसके बाद वैदिक मंत्रोचारण के साथ सिद्धिदात्री माता के भी दर्शन -पूजन किए। दर्शन -पूजन के क्रम में काशी के वैदिक विद्वानों द्वारा रुद्राभिषेक पूजन भी संपन्न कराया गया। इस बीच मोहन भागवत ने कहा कि यहां स्थित बुढ़िया माई के चरणों में प्रणाम कर और महाराजजी से मिलने के बाद मुझे ऊर्जा प्राप्त होती है। गौरतलब हो की पिछले तीन वर्षों से प्रतिवर्ष संघ प्रमुख सिद्धपीठ पर दर्शन पूजन के लिए आते हैं, जहां वह बुढ़िया माई के साथ ही पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी भवानीनंदन यति का भी दर्शन पूजन करते हैं। उनके साथ क्षेत्र प्रचारक अनिलजी, प्रांत प्रचारक रमेशजी सहित संघ के तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस दौरान मोहन भागवत ने कहा कि देश के विकास के लिए अपनी संस्कृति को समझना जरूरी है। तभी हम आगे बढ़ सकते है। इसके पूर्व उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रचारक कानपुर के प्रांत प्रचारक श्रीरामजी के आवास पर पहुंचकर उनकी माताजी से भेंट मुलाकात किया। इस दौरान काफी बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### कुलपति ने पौधरोपण कर नए सत्र का किया शुभारम्भ



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मुक्तांगन में सोमवार को नए सत्र प्रारंभ होने के पहले दिन कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने चंदन का पौधा लगाया. वहीं कुलपति सभागार में विश्वविद्यालय परिसर के संकायाध्यक्षों और विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की.। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि विभागों में विद्यार्थियों के लिए जो सुविधाएं है उसे अद्यतन कर ले। नए सत्र के लिए विश्वविद्यालय पूरी तरह तैयार है। विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए विश्वविद्यालय बेहतर माहौल उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षक का दायित्व सबसे बड़ा है। विद्यार्थियों से मेंटर के माध्यम से जुड़े और उनकी समस्याओं का निदान करें। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि नया सत्र आज से प्रारंभ हो गया है. नए सत्र में नए के साथ, सभी लोग मनोयोग से जुटे। वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने कहा कि विभाग की जो भी आवश्यकतायें है उसकी सूची बनाकर शीघ्र प्रेषित करे दें। इस अवसर पर प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो मानस पाण्डेय, प्रो अजय प्रताप सिंह, प्रो मनोज मिश्र, प्रो राजेश शर्मा, प्रो सौरभ पाल, प्रो प्रमोद यादव, प्रो नुपुर तिवारी, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ अन्नू त्यागी, डॉ राजेश सिंह, रजनीश सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे।

### पुलिस ने तीन गांजा तस्करों को किया गिरफ्तार

**जौनपुर।** थाना बक्सर पुलिस व एंटी नारकोटिक्स बिभाग की संयुक्त कार्रवाई में तीन शातिरो को मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार किया हैं।उनके कब्जे से 50 किलो 200 ग्राम गांजा पुलिस में बरामद किया है। साथ ही उनके पास से पुलिस ने 1020रुपए तथा चार मोबाइल बरामद किया हैं। पकड़े गए सभी शातिर अपराधियों को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।एंटी नारकोटिक्स फोर्स व अजय पाल शर्मा के निर्देशन में चलाया जा रहे हैं अभियान के तहत थाना बक्सा पुलिस व एंटी आर्कोटिक्स टास्क फोर्स यूनिट ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए तीनों शातिरों 1- दयाशंकर पुत्र रघुपति निवासी डीह जहानिया थाना बक्शा 2- अनुज कुमार सिंह पुत्र विमल कुमार सिंह निवासी सराय भोगी थाना सुजानगंज 3-रोहित कुमार पुत्र राजकुमार निवासी सराय चंद थाना बक्सा को डीह जहानिया मोड थाना बक्सा से रविवार को गिरफ्तार किया गया है। जिस पर कार्रवाई करते हुए आज सोमवार को सभी शातिरों को जेल भेज दिया है। उनके कब्जे से पुलिस ने 50 किलो 200 ग्राम गांजा जिसकी बाजार में कीमत लगभग साढ़े बारह लाख आंकी गयी है तथा 1020 रुपया व चार मोबाइल बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि लगातार अभियान जारी रहेगा। तस्करों पर लगातार नजर रखी जा रही है। किसी को नहीं बख्शा जाएगा।

### हाइवे के सुस्त रवैये से त्रस्त लोगों ने किया प्रदर्शन

**चंदौली।** चंदौली से चहनियां तक हो रहे हाइवे निर्माण में सुस्ती से खिन्न होकर कस्बावासियों ने प्रदर्शन कर चेतावनी दिया। विगत दो माह से मार्ग पर गिट्टी डालकर छोड़कर आगे खाली स्थान पर कार्य कर रहे हैं। चंदौली से लेकर चहनियां क्षेत्र तक हाइवे का निर्माण हो रहा है। हाइवे मार्ग का निर्माण जहां पहले होना चाहिए वहां नही हो रहा है। प्रदर्शन कर रहे कस्बावासियों नीकू सिंह, विकास, कमलेश, रिंकू, शशि, जिया आदि ने कहा कि चहनियां कस्बा में विगत दो माह पहले दोनो पटरी को गड्ढा करके गिट्टी भर कर छोड़ दिया है । जो कस्बावासियों के लिए सिरदर्द बन गया है । बारिश होने के बाद दोनों पटरी में पानी भरने से लोग गिरकर घायल हो रहे हैं । ऊपर से धंधा भी चौपट हो गया है। कहीं नाली नीचे तो कही इतना ऊंचा कर दिये हैं कि सीढ़ी लगाकर लोगो को घरों में जाना पड़ता है।

## खबरें फटाफट

### अज्ञात वाहन की चपेट में आये युवक की मौत

**चंदौली।** अलीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंधीताली स्थित एनएच 19 पर बीती रात रामनगर की तरफ से चंदौली की तरफ आ रहे एक 30 वर्षीय युवक की किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार जनपद के बगेया निवासी प्रमोद कुमार यादव 30 वर्ष पुत्र सेचन यादव बीती रात बाइक से किसी कार्यवश रामनगर गया हुआ था। देर रात्रि वह वापस हो रहा था कि सिंधीताली के समीप एनएच 19 पर किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिससे स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना देकर ट्रॉमा सेंटर भिजवाया जहाँ उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। वह घर में इकलौता था। उसके मौत की खबर मिलते ही परिजनों सहित बगेया गांव में कोहराम मच गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

### सिद्धपीठ से शुरू हुआ रोडवेज बस सेवा

**गाजीपुर।** सिद्धपीठ हथियाराम मठ पर संघ प्रमुख दर्शन- पूजन करने पहुंचे थे, जहां उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री दयाशंकर सिंह भी पहुंचे। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में यातायात के साधन का अभाव देखते हुए व लोगों की भावनाओं का सम्मान करते हुए तत्काल प्रभाव से दो रोडवेज बस संचालन की घोषणा कर दी। घोषणा के कुछ देर बाद ही दो रोडवेज बसें सिद्धपीठ पर आ गई। जिनमें खुद परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, कानपुर प्राण प्रचारक श्रीराम जी व सिद्धपीठ हथियाराम मठ के पीठाधीश्वर स्वामी भवानीनंदन यतिजी महाराज सहित सैकड़ों लोग सवार हो गए। बस का एक प्रतीकात्मक संचालन शुरू कर दिया। आधिकारिक रूप से इन बसों का संचालन मंगलवार दो जुलाई से प्रारंभ कर दिया जाएगा। दो रोडवेज बसों में से एक रोडवेज बस सिद्धपीठ से गाजीपुर व एक रोडवेज बस सिद्धपीठ से बनारस के लिए संचालित होगी।

## स्वास्थ्य इकाइयों के एन्क्वास सर्टिफिकेशन से मरीजों को मिल रहा उच्च गुणवत्तापूर्ण इलाज

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर में लाभुकों को घर के समीप उपलब्ध होगी वर्ल्ड क्लास सुविधा

- योगी सरकार ने वर्ष 2026 तक प्रदेश की सभी स्वास्थ्य इकाइयों को एन्क्वास सर्टिफिकेशन के दायरे में लाने का रखा लक्ष्य

**केटी न्यूज / लखनऊ**




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को चुस्त-दुरुस्त बनाने में लगातार प्रयास कर रहे हैं। यही वजह है कि योगी सरकार लगातार स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक के बाद एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर रही है। सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि अब तक प्रदेश के 256 स्वास्थ्य इकाइयों को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड सर्टिफिकेट मिल चुका है। यह प्रमाण पत्र प्रदेश की स्वास्थ्य इकाइयों को गुणवत्तापूर्ण इलाज, स्वास्थ्य के मानकों को पूरा करने एवं उस पर खरा उतरने पर मिला है। योगी सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में लोगों को घरों के नजदीक ही वर्ल्ड क्लास हेल्थ फैसिलिटीज मिलें। साथ ही प्रदेश की जनता अपनी गाढ़ी कमाई निजी अस्पतालों या अप्रशिक्षित चिकित्सकों की क्लिनिक में इलाज पर न खर्च कर अपने परिवार के पालन-पोषण और खुशहाली पर खर्च कर सके। इतना ही नहीं योगी सरकार ने वर्ष 2026 तक प्रदेश की सभी स्वास्थ्य इकाइयों को एन्क्वास सर्टिफिकेशन के दायरे में लाने का लक्ष्य रखा है, जबकि दिसंबर 2025 तक प्रदेश की 50 प्रतिशत स्वास्थ्य इकाइयों को एन्क्वास प्रमाण पत्र से लैस करने का लक्ष्य रखा गया है। एन्क्वास प्रमाणित स्वास्थ्य इकाइयां अंतरराष्ट्रीय मानकों को कर रहीं पूरा एनएचएम के महाप्रबंधक डॉ. निशांत कुमार जायसवाल ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय केवल उन्हीं स्वास्थ्य इकाइयों को यह प्रमाणपत्र प्रदान करता है जो मरीजों के इलाज और देखभाल के हर मानक को पूरा करते हैं। अगले तीन महीने में इतनी ही और स्वास्थ्य इकाइयों को एन्क्वास के दायरे में लाने के हरसम्भव प्रयास जारी हैं। इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर क्वालिटी इन हेल्थ केयर द्वारा प्रमाणित होने के कारण एन्क्वास प्रमाणित स्वास्थ्य इकाइयां अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा कर रही हैं। इसकी पुष्टि इस बात से होती है कि 256 एन्क्वास प्रमाणित स्वास्थ्य इकाइयां लोगों को घरों के पास गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहीं हैं, इससे सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति उनका विश्वास भी बढ़ा है। इसमें परामर्श, प्रवेश, मूल्यांकन, देखभाल की निरंतरता, नर्सिंग देखभाल, दवा सुरक्षा, मानक उपचार दिशा निदेशों का उपयोग, प्रक्रिया के मानक शामिल हैं।

### वाराणसी के खरगरामपुर में दी जा रही टेली मेडिसिन की सुविधा

वाराणसी के पहले एन्क्वास प्रमाणित 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' खरगरामपुर के बारे में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप चौधरी ने बताया कि चार साल पहले सेंटर पर एएनएम द्वारा नियमित टीकाकारण, प्रसव पूर्व जांच और परिवार नियोजन परामर्श सेवाएं दी जाती थीं। वहीं स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों से वर्ष 2022 से सेंटर पर ओपीडी, प्रसव संबंधी सुविधाएं, मातृ व शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, किशोर-किशोरी स्वास्थ्य सेवाएं, संचारी व गैर संचारी रोग संबंधी सेवाएं, नियमित टीकाकारण, परिवार नियोजन सेवाएं व परामर्श के साथ 14 प्रकार की पैथालोजी जांच, टेली मेडिसिन सुविधा लगातार प्रदान की जा रही हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सीमा देवी, एएनएम और आशा कार्यकर्ता इन सेवाओं को घर के नजदीक ही प्रदान करने में बेहतर भूमिका निभा रही हैं। बहराइच के कैसरगंज ब्लॉक के परसेंडी में आयुष्मान आरोग्य मंदिर में ही मिल रही अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं एन्क्वास के मानकों पर खरा उतरने वाले बहराइच के कैसरगंज ब्लॉक के परसेंडी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश ने बताया कि ह्लजब से इसे एन्क्वास सर्टिफिकेट मिला है, तब से यह केंद्र बड़े-बड़े निजी अस्पतालों को भी मात दे रहा है। सभी मानकों को पूरा करने वाला यह जिले का पहला स्वास्थ्य उपकेंद्र है। केंद्र को अगस्त 2023 में न केवल भारत सरकार के एन्क्वास प्रमाणन से सम्मानित किया गया, बल्कि बदलाव में भागीदार बने। साथ ही यहां के स्वास्थ्य कर्मियों को राज्य स्तर पर सम्मानित भी किया गया।

## दरोगा की पत्नी से 3 बदमाशों ने छीनी चेन 24 घंटे में एनकाउंटर

**केटी न्यूज/वाराणसी**

वाराणसी के लालपुर पांडेयपुर थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़ हो गई। बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया, इसके बाद दोनों ओर से जवाबी फायरिंग हुई। इसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी। टीम ने उसे दबोच लिया। फिर उसे दीनदयाल अस्पताल में भर्ती कराया गया। पकड़ा गया बदमाश पुलिस के टॉप-10 सूची में है। लालपुर पांडेयपुर थाना क्षेत्र में एसओजी और थाना पुलिस की हाईवे पर बाइक सवार बदमाश से मुठभेड़ हो गई। पुलिस कार्रवाई में बदमाश किशन सरोज घायल हो गया, किशन शिवपुर में दरोगा की पत्नी से चेन स्नेचिंग में शामिल था। वारदात के बाद सीसीटीवी फुटेज से उसकी शिनाख्त हुई थी, तब से पुलिस लुटेरे की तलाश में थी। पुलिस के अनुसार काशीराम आवास के पास सुबह एक सिपाही ने बदमाश को पहचानते हुए रोका तो उसने बाइक भगा दी। पुलिस ने पीछा किया तो बदमाश ने फायरिंग कर दी। पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई और दोनों ओर से फायरिंग हुई। वाराणसी एसओजी, शिवपुर और लालपुर थाने की टीम के मुठभेड़ में शामिल रही और बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पैर में गोली लगने के चलते बदमाश को दीनदयाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके कब्जे से असलहा कारतूस भी बरामद हुआ है।

## मारपीट का समाचार कवरेज कर रहे पत्रकार को पीट कर किया घायल

**केटी न्यूज/चंदौली**



मुगलसराय कोतवाली अंतर्गत नई बस्ती स्थित शहीद अज्ञात पेट्रोल पंप के समीप दो पक्षों में हो रहे मारपीट का वीडियो/फोटो बनाकर समाचार कवरेज कर रहे डिजिटल समाचार पत्र के एक पत्रकार पर मारपीट कर रहे मनबढ़ लोगों ने हमला कर दिया और उसे मारपीट कर चोटिल कर उसका मोबाइल छीन लिये। जिसमें से वीडियो और फोटो डिलीट कर दिया। स्थानीय लोगों ने किसी प्रकार उनलोगों से उक्त पत्रकार को छुड़ाया तब जाकर भुक्तभोगी पत्रकार ने कोतवाली पुलिस को लिखित सूचना दी। जिसपर कार्रवाई का आश्वासन भर मिला। अभी तक कोई कार्रवाई नहीं होने से पत्रकारों में रोष व्याप्त है। पत्रकारों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। जानकारी के अनुसार पत्रकार अशोक जायसवाल ने सड़क पर लाठी डंडे से हो रहे दो गुटों में के बीच जमकर मारपीट होते देखा तो रूक गये और उस मारपीट का कवरेज करने की नीयत से फोटो वीडियो बनाने लगे। फोटो वीडियो बनाते देख लिया और चारो तरफ से घेरकर उनकी पिटाई शुरू कर दी। उसमें से कुछ लोगों ने उसका मोबाइल छीन लिया और बनाये गये फोटो या वीडियो को डिलीट कर दिया। इसी बीच आसपास के कुछ लोग इकट्ठा हो गया और उक्त लोगों से अशोक को छुड़वाया।

### फायर बिग्रेड आठ घंटे में भी नहीं बुझा सकी आग

चंदौली। मुगलसराय कोतवाली अंतर्गत जलीलपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के कटेसर स्थित एक कबाड़ के गोदाम में रविवार की रात अज्ञात कारणों से आग लग गई गई। जिसमें लगभग एक बीघे के क्षेत्रफल में फैले गोदाम में रखा कबाड़ धू-धू कर जल गया। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड जब तक आग पर काबू पाते तब तक लगभग 40 लाख रुपये मूल्य का कबाड़ पूरी तरह जलकर राख हो चुका था। लगभग 8 घंटे की मशक्कत के बाद भी आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका। वहीं आग की चपेट में आने से 15-20 हरे पेड़ भी जलकर नष्ट हो गए।




## काशी, गोमती और वरुणा जोन के 13 थानेदारों को तत्काल प्रभाव से हटाने का दिया निर्देश

# पुलिस कमिश्नर ने क्राइम मिटिंग से थानेदार को किये बाहर

- 22 दरोगा को तत्काल स्थानांरित करने का आदेश कमिशन ने दिया

**केटी न्यूज/वाराणसी**



वाराणसी में लगातार बढ़ते अपराध को लेकर अधिकारी सख्त है। जिसके तहत रविवार को पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल के द्वारा कैंप कार्यालय में काशी में गोमती और वरुणा जोन के पुलिस पदाधिकारियों के बीच बैठक आयोजित की गई। क्राइम मिटिंग में जेसीपी के अलावा तीनों जोन के डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी समेत सभी थानेदार, एलआईयू और अन्य टीमों के प्रभारी शामिल हुए। मिटिंग शुरू होते ही पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने पूछा कि अपराधी गांव से लेकर शहर तक तांडव मचा रहे है आप लोग क्या कर रहे है। वहीं दिनदहाड़े अपराधियों के द्वारा काशी के हाई सिक्योरिटी जोन में फायरिंग कर रहे है। इसके अलावे शिवपुर में लूट और अपहरण की घटनाओं पर काफी विफरे नजर आए। वाराणसी पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल क्राइम मीटिंग के दौरान तेवर में दिखे। थानाध्यक्ष को सख्ती बरतने और लापरवाहों की रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। सीपी मोहित ने लापरवाहों को चेतावनी देते हुए तैनाती में फेरबदल का आदेश जारी कर दिया। मीरघाट पर दिनदहाड़े फायरिंग और तीन लोगों को गोली लगने के बाद पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने कड़ा एक्शन लिया। सीपी ने दशाश्वमेध इंस्पेक्टर राकेश पाल और चौकी इंचार्ज को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। साथ उनकी भूमिका पर भी जांच बैठा दी है। वहीं शिवपुर क्षेत्र में ताबड़तोड़ चोरी, छिनैती समेत अन्य वारदातों से नाराज सीपी ने शिवपुर थानाध्यक्ष रवि शंकर त्रिपाठी को क्राइम मीटिंग के बीच से भगा दिया। वारदातों में सक्रियता नहीं बरतने के आरोप में सस्पेंड कर दिया। इसके बाद दोनों को लाइन हाजिर कर दिया। इसके साथ काशी, गोमती और वरुणा जोन के 13 थानेदारों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया। वहीं पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने एसओ, एसएचओ समेत 22 दरोगा का तबादला करने का निर्देश निर्गत किया।

## डीएम एसपी ने आगामी कावड़ यात्रा व मोहर्रम को लेकर की बैठक

**जौनपुर।** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी व एसएसपी ने जनपद के सभी आला अधिकारियों व समाजसेवीयों के साथ कावड़ यात्रा व आने वाले आगामी त्योहारों को लेकर बैठक की।बैठक में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदण्ड ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मोहर्रम पर ताजिये की ऊंचाई 10 फीट ज्यादा न हो तथा कावड़ यात्रा के दौरान बजने वाले डीजे की भी ऊंचाई ज्यादा न रहे।तथा कानून ब्यवस्था को कोई चुनौती न दे साथ ही कोई नई परंपरा की शुरूआत न हो।बरसात में पानी की निकासी के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है। डीएम ने कहा कार्य मे लापरवाही बरतने पर जल्द ही दो लेखपालों को निलंबित किया गया है। तथा सदर तहसील में भी कब्रिस्तान की जमीन को खाली करवाया है।सरकारी जमीनों पर कब्जा पूरी तरह हटवाया जाएगा।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसपी अजयपाल शर्मा ने बताया कि कावड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जायेंगे।

## सुभाषितम्

मैं हर कदम पर हारा हूँ, पर जन्मा केवल जीत के लिए हूँ।
- एमर्सन

## परीक्षा लीक घोटाले का जनक मध्य प्रदेश

मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए डीमैट और व्यापम घोटाला मध्य प्रदेश से शुरू हुआ था। जो अब पूरे देश में नेशनल टेस्ट एजेंसी (नीट) घोटाले के रूप में पहचान बना रहा है। 1.5 से 2 लाख करोड़ रुपए के प्रवेश परीक्षा घोटाले मे पिछले दो दशक में एक बड़ा माफिया नेटवर्क तैयार हो गया है। इसमें कोचिंग सेंटर के संचालक, मेडिकल कॉलेज के संचालक, प्रवेश परीक्षा संचालित करने वाली एजेंसी की मिली भगत से दो दशक में यह घोटाला साल दर साल बढ़ता ही जा रहा है। मध्य प्रदेश के डीमेट घोटाले के जनक के रूप में योगेश उपरीत की पहचान बनी थी। इन्होंने निजी मेडिकल कॉलेज की परीक्षाएं डीमेट के माध्यम से आयोजित कराईं थीं। ओएमआर शीट के माध्यम से प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती थी। जिन परीक्षार्थियों को मेडिकल कॉलेज में प्रवेश दिलाना होता था, उनको कहा जाता था, कि वो अपनी ओएमआर शीट को खाली छोड़ दें। बाद में पेंसिल से टिक करके उन्हें अच्छे नंबरों से वरीयता क्रम में प्रवेश दे दिया जाता था। डीमेट परीक्षा के माध्यम से निजी मेडिकल कॉलेजों के संचालक, मेडिकल में प्रवेश के नाम पर लाखों रुपए की वसूली करते थे। उन्हीं लोगों को मेडिकल में प्रवेश मिलता था, जो निजी मेडिकल कॉलेजों की मुंह मांगी रकम पहले जमा कर देते थे। इस बंदरबाँट में उस समय के राजनेता और अधिकारी शामिल थे। जब डीमैट घोटाला उजागर हुआ। उसके बाद व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा परीक्षा आयोजित की जाने लगी। इस परीक्षा में निजी और सरकारी सभी मेडिकल कॉलेज शामिल किये गए। मेडिकल में प्रवेश परीक्षा का यह गोरख धंधा बंद नहीं हुआ। व्यापम के परीक्षा नियंत्रक योगेश उपरीत को बनाया गया था। सरकार के संरक्षण और अधिकारियों की मिली भगत से मेडिकल प्रवेश में हजारों करोड़ रुपए का यह घोटाला व्यापम परीक्षा के माध्यम से बड़े पैमाने पर शुरू हुआ। जब व्यापम घोटाले का पदार्फाश हुआ। उसके बाद 50 से अधिक छात्रों, गवाहों, पत्रकारों और आरोपियों की इसमें आत्महत्या, दुर्घटना इत्यादि में मौत हुई। 5000 से अधिक लोगों को सीबीआई ने अभियुक्त बनाया। सैकड़ों आरोपी अभी भी फरार हैं। सीबीआई अभी वास्तविक अपराधियों को नहीं पकड़ पाई है। जिन लोगों ने पैसे देकर एडमिशन लेने की कोशिश की, जो साल्वर थे। उन्हीं के ऊपर सीबीआई ने शिकंजा कसा। सीबीआई ने मेडिकल कॉलेज के संचालकों को भी आरोपी बनाया। डीएमई को भी इस मामले में आरोपी बनाया गया था। सीबीआई की पकड़ से बड़ी मछलियाँ बची रहीं। बड़े-बड़े राजनेता जो इस मामले में दोषी थे उन्हें भी बचा लिया गया। व्यावसायिक परीक्षा मंडल का परीक्षा, घोटाला मध्य प्रदेश तक सीमित था। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा जो नीट की परीक्षा आयोजित की जाती हैं। इसके अंतर्गत देश के सभी सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश दिया जाता है। केंद्र सरकार की यह एक अधिकृत एजेंसी है। नीट परीक्षा के माध्यम से एम्स और सभी सरकारी मेडिकल कॉलेज के साथ-साथ निजी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश नीट परीक्षा के परिणाम से ही मिलता है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी का अध्यक्ष प्रदीप जोशी को बनाया गया है। वह भी मध्य प्रदेश से संबंध रखते हैं। भारतीय जनता पार्टी के एक पूर्व केंद्रीय नेता जो वर्तमान में मार्गदर्शक मंडल के सदस्य हैं, उनके भतीजे बताए जाते हैं। इनके कार्यकाल में नीट परीक्षा में सिक्योरिटी प्रेस, कोचिंग सेंटर के संचालक कुछ परीक्षा केंद्रों के संचालकों की मिली भगत सामने आ रही है। नीट प्रवेश परीक्षा के माध्यम से हर साल हजारों करोड़ रुपए की कमाई शिक्षा माफिया को हो रही है। 2024 में इस माफिया ने अति कर दी। सभी सरकारी मेडिकल कॉलेज की सीटों पर प्रवेश के लिए पैसे लेकर परीक्षा में बिठाया गया है। 100000 परीक्षार्थियों के नंबर 620 से 720 के आसपास आए हैं। जिसके कारण यह मामला अब तूल पकड़ गया है। मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश लेने के लिए जिन छात्र-छात्राओं द्वारा कोचिंग ली जाती थी। वहीं से मेडिकल में प्रवेश दिलाने के लिए सौदा तय करने की बात सामने आ रही है।

## चिंतन-मनन

## हर जीव में व्याप्त नारायण

वैदिक साहित्य से हम जानते हैं कि परम-पुरुष नारायण प्रत्येक जीव के बाहर तथा भीतर निवास करने वाले है। वे भौतिक तथा आध्यात्मिक दोनों जगतों में विद्यमान हैं। यद्यपि वे बहुत दूर हैं, फिर भी हमारे निकट हैं-आसीनो दूरं व्रजति शयानो याति सर्वतरू हम भौतिक इन्द्रियों से न तो उन्हें देख पाते हैं, न समझ पाते हैं अतएव वैदिक भाषा में कहा गया है कि उन्हें समझने में हमारा भौतिक मन तथा इन्द्रियां असमर्थ हैं। किन्तु जिसने, भक्ति में कृष्णभावनामृत का अभ्यास करते हुए, अपने मन-इन्द्रियों को शुद्ध कर लिया है, वह उन्हें निरन्तर देख सकता है। ब्रघ्संहिता के अनुसार परमेर के लिए जिस भक्त में प्रेम उपज चुका है, वह निरन्तर उनके दर्शन कर सकता है। और भगवद्गीता में कहा गया है कि उन्हें केवल भक्ति द्वारा देखा-समझा जा सकता है। भगवान सबके हृदय में परमात्मा रूप में स्थित हैं। तो क्या इसका अर्थ यह हुआ कि वे बंटे हुए हैं? नहीं। वास्तव में वे एक हैं। जैसे सूर्य मध्याह्न समय अपने स्थान पर रहता है, लेकिन यदि कोई पांच हजार मील की दूरी पर घूमे और पूछे कि सूर्य कहां है, तो सभी कहेंगे कि वह उसके सिर पर चमक रहा है। इस उदाहरण का अर्थ है कि यद्यपि भगवान अविभाजित हैं, लेकिन इस प्रकार स्थित हैं मानो विभाजित होंवैदिक साहित्य में यह भी कहा गया है कि अपनी सर्वशक्तिमत्ता द्वारा एक विष्णु सर्वत्र विद्यमान हैं। जिस तरह एक सूर्य की प्रतीति अनेक स्थानों में होती है। यद्यपि परमेर प्रत्येक जीव के पालनकर्ता हैं, किन्तु प्रलय के समय सबका भक्षण भी कर जाते हैं। सृष्टि रची जाती है, तो वे सबको मूल स्थिति से विकसित करते हैं और प्रलय के समय सबको निगल जाते हैं। वैदिक शास्त्र पुष्टि करते हैं कि वे समस्त जीवों के मूल तथा आश्रय-स्थल हैं। सृष्टि के बाद सारी वस्तुएं उनकी सर्वशक्तिमत्ता पर टिकी रहती हैं और प्रलय बाद सारी वस्तुएं पुनः उन्हीं में विश्राम पाने के लिए लौट आती हैं।

# जब इंसानियत गिरी तो छज्जा गिरने पर बवाल क्यूं?

-चैतन्य भट्ट



डुमना एयरपोर्ट का छज्जा क्या गिर गया ऐसी चिल्लपों मच गई मानो धरती फट गई हो और उसमें हजारों लोग समा गए हों ,अरे भाई छज्जा ही तो गिरा था कोई पूरा एयरपोर्ट तो धराशाई हो नहीं गया , और फिर ये सरकारी काम है इसमें थोड़ी बहुत ऊंच नीच तो चलती ही है क्योंकि जिस कंपनी ने इसका ठेका लिया था उसको और भी लोगों को भी खुश करना जरूरी था वरना फिर बिल कैसे पास होते, ठेका होता है निर्माण कार्य का लेकिन ठेका लेना पड़ता है सबको खुश करने का। दूसरी बात जब दिल्ली और राजकोट के एयरपोर्ट में छज्जे गिर रहे हैं तो ये तो जबलपुर है यहां अगर छज्जा गिर भी गया तो ऐसा कौन सा पहाड़ टूट गया, और अपना तो मानना ही है कि इसमें निर्माण करने वाली कंपनी का कोई दोष नहीं है दोषी है तो ऊपर वाला। अरे भाई इतना पानी बरसाने की जरूरत क्या थी कि वो गरीब छज्जा उस पानी को सहन ना कर पाए, धीरे-धीरे पानी बरसाते तो पानी निकलता रहता एकदम से धुआंधार बारिश कर दोगे तो वह बेचारा छज्जा कहां तक चलेगा? लेकिन ये छज्जा टूटने से एक फायदा जरूर हो गया एयरपोर्ट वालों को।अभी तक लोग बाग अपने आप को वीआईपी समझते हुए अपनी कारें सीधे पोर्च के नीचे ले जाते थे लेकिन जब से छज्जा गिरा है तब से हर कार वाला अपनी कार दो किलोमीटर दूर खड़ी करके पैदल पैदल एयरपोर्ट पहुंच रहा है क्योंकि उसको डर है कि इधर पोर्च के नीचे कार खड़ी करी और ऊपर से छज्जा धड़ाम हुआ। वहां जो वालंटियर खड़े रहते हैं उनका काम बहुत आसान हो गया, वरना बेचारे कार वालों को इधर से उधर करने में परेशान हो जाते थे अपना तो मानना है कि वहां अब ई रिक्शा और साइकिल रिक्शा शुरू हो जाने चाहिए जो कार से लेकर एयरपोर्ट तक यात्रियों को पहुंचा दें और वो भी छज्जे से कम से कम सौ मीटर दूर ही उनको छोड़ दें। सुना है छज्जे के गिरने की जांच करने के लिए मुंबई से भी टीम आई है, अपने यहां के नेता भी वहां पहुंच गए थे ये देखने के लिए कि आखिर छज्जा गिरा तो गिरा कैसे ? अरे भाई एयरपोर्ट का छज्जा गिर भी गया तो उसमें इतनी अचरज करने की आवश्यकता क्या है जो चीज बनी है वह कभी ना कभी तो गिरेगी और वही हुआ वो छज्जा बना था तो गिर गया। जो निरीक्षण करने आए थे वे कह रहे हैं कि कंपनी पर कार्यवाही करेंगे और भविष्य में ऐसा कुछ ना हो इसके लिए भी कुछ ना कुछ करेंगे लेकिन हुजूर भविष्य किसने देखा है अगर इस छज्जे का भविष्य पहले से ही जान लेते तो फिर ये नौबत ही क्यों ना होती अब जो गिर गया सो गिर गया अपना तो मानना है बीती ताहि बिचार दे आगे की सुधि ले और फिर सबसे इंपॉर्टेंट तो ये है कि जब पूरे समाज में इंसानियत ही गिर रही हो तो फिर छज्जा अगर गिर भी गया तो कौन सा गुनाह हो गया।

### अब चुकाओ इनकम टैक्स

अपने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पता नहीं क्या सूझा, लो घोषणा कर दी कि अब से सरकार के हर मंत्री का इनकम टैक्स जो अभी तक सरकार भरती आ रही थी वो उन्हें अपनी जेब से भरना होगा। मंत्री लोग भारी चिंता में है कि अब उन्हें अपनी जेब से पैसा निकालना पड़ेगा वरना अभी तक तो सरकारी पैसे पर ऐश चल रहे थे। उधर जनता भारी खुश है डॉक्टर मोहन यादव के निर्णय से क्योंकि जो बेचारा चपरासी बीस पच्चीस हजार कमाने वाला भी इनकम टैक्स दे रहा है तो लाखों कमाने वाले मंत्री गण इनकम टैक्स क्यों नहीं दे रहे थे। लेकिन मंत्रियों को ये निर्णय रास नहीं आ रहा लेकिन चूंकि निर्णय मुख्यमंत्री का है तो आप लाख ना नुकुर करते रहो पैसा तो चुकाना पड़ेगा। अभी तक कितना मजा था न इनकम टैक्स के वकील की जरूरत थी अपना रिटर्न भरने की, सब कुछ सरकार अपने आप कर देती थी ना इस बात की चिंता थी कि सरकारी इनकम टैक्स के स्लैब को बढ़ा रही है कि नहीं बढ़ा रही है। दस परसेंट लगे, बीस परसेंट लगे, या तीस परसेंट लगे अपने को क्या, सरकारी खजाने से तो जाने वाला है लेकिन अब मंत्रियों को भी सोचना पड़ेगा कि जो छूट है उसको कैसे एडजस्ट करें। मकान के लिए लोन लें, गाड़ी के लिए लोन लें, बीमा करवा लें,एनएससी ले लें, एस आई पी शुरू करवा दे यानी किस तरह से इनकम टैक्स में बचत हो सकती है यह सोचना पड़ेगा आगे से। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव को इस निर्णय के लिए धन्यवाद कि उन्होंने ये काम तो बेहतरीन किया और फिर जो जानकारी सामने आई है उसमें एक मंत्री को छोड़कर सब करोड़पति हैं तो जब सब करोड़पति है तो अपनी जेब से इनकम टैक्स देने में क्या दिक्कत है भाई लोग आप भी आम जनता के बीच से ही आते हो तो जब जनता टैक्स चुका रही है तो आप भी चुकाएं।

### पुलिस की शिकायत

एक आंकड़ा सामने आया है जिसमें बताया गया है कि सीएम हेल्पलाइन में सबसे ज्यादा शिकायतें पुलिस डिपार्टमेंट की हैं आंकड़ा कहता है कि हर दूसरे मिनट पर एक शिकायत पुलिस से संबंधित होती है जिसमें पुलिस थाने में अभद्रता, लेनदेन करके आरोपियों को बचाना, थाने में मारपीट जैसी शिकायतें हैं शिकायतों का क्या है जिसके मन की नहीं हुई उसने शिकायत कर दी और फिर पुलिस तो आजकल गरीब की लुगाई सब की भौजाई बन गई है पुलिस पर आरोप लगाना तो सबसे आसान काम है। चलो मान लिया कि पुलिस गड़बड़ी करती है लेकिन क्या दूसरे सरकारी डिपार्टमेंट दूध के धुले हैं आप किसी भी डिपार्टमेंट में चले जाओ वहां कौन सा लेनदेन नहीं हो रहा है आजकल लेनदेन करना तो जीवन का अंग बन गया है भ्रष्टाचार को शिष्टाचार तो हम लोगों ने कब से मान लिया है। दूसरी बात अगर पुलिस किसी अपराधी को पकड़ेगी तो दो चार लपोड़े तो मारना पड़ेंगे ना, ऐसा तो है नहीं कि उसको सोफे पर बैठाकर चाय पिला कर पोहा खिलाकर फिर उससे पूछे कि भाई साहब आपने चोरी की है क्या? आपने किसी को चाकू मारा है क्या? जाहिर है कि बिना लात खाए अपराधी कुछ बताने वाला तो है नहीं ,आप इसकी भी शिकायत करेंगे कि पुलिस ने मारपीट कर दी, मारपीट ना करे तो क्या करे वैसे ही पुलिस पर तमाम तरह के आरोप हैं कि वो अपराधों को नहीं रोक पा रही है भाईसाहब अपराधों को रोकने के लिए हाथ पैर चलाने पड़ते हैं अपराधियों पर जीन कसने के लिए पिटाई भी करना पड़ती है अब यह भी ना करें पुलिस तो करें तो करें क्या? ये आप ही बतला दें तो ज्यादा मुफीद होगा।

### सुपर हिट ऑफ द वीक

श्रीमानजी क्रिकेट मैच देख रहे थे उसी वक्त श्रीमती जी नई ड्रेस पहन कर आई और बोली
देखिए मैं कैसी लग रही हूं
श्रीमान जी ने ताली बजाई और बोले
छक्का
उसके बाद से श्रीमान जी अस्पताल में पड़े हैं।

# सीबीआई जांच, भैंस गई पानी में

-राजीव खण्डेलवाल

पेपर लीकेज की गंभीरता को समझने के लिए इसी तरह का कांड व्यापम की गंभीरता को समझ लीजिए। याद कीजिए! लगभग 10 साल से ज्यादा बीत चुके वर्ष 2013 में हुआ आजाद भारत के मध्य प्रदेश का विश्व व्यापी बहुचर्चित व्यापम (व्यावसायिक परीक्षा मंडल) कांड जिसमें लगभग 50 से अधिक छात्रों, गवाहों, पत्रकारों, आरोपियों की संदिग्ध मृत्यु, आत्महत्या, हत्या या दुर्घटना? द्वारा हुई थी। हजारों (5288) अभ्युक्तियों के खिलाफ सैकड़ों अपराधिक प्रकरण चल रहे हैं, जिनमें से सैंकडों आरोपी अभी भी फरार है। परंतु दुर्भाग्यवश मामला अंतिम परिणाम तक वास्तविक अपराधी षड्द्धत्रकारियों के विरुद्ध नहीं पहुंच पाया। ऐसा ही एक कांड नीट परीक्षा पेपर लीक कांड (वर्ष 2024) जिसके परिणाम 4 जून को आए, जिसकी छात्रों की दृष्टि से चिंता राष्ट्रव्यापी चर्चा का विषय बनी हुई है। मध्य प्रदेश के व्यापम कांड की तुलना नीट के परीक्षा से इसलिए भी की जा सकती है, क्योंकि नीट परीक्षा का संचालन करने वाली संस्था एनटीए के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप जोशी भी मध्य प्रदेश के ही हैं। आईये! इस नीट पेपर कांड की कुछ परतें खोलने का प्रयास करते हैं। एनटीए का गठन कब और क्यों? विभिन्न राज्यों में पेपर सेट करने की विभिन्न एजेंसीज होने से होने वाली अनेक गड़बड़ियां, अनियमितताएं तथा पेपर लीकेज के रोकथाम के लिए वर्ष 2017 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए एकल स्वायत्त स्वतंत्र एजेंसी का गठन करने की घोषणा की थी, ताकि प्रवेश परीक्षाओं को दोषमुक्त किया जा सके। परिणाम स्वरूप 1 मार्च 2018 को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) (राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी) अस्तित्व में आयी। एनटीए के गठन से लेकर अभी तक के प्रमुख पेपर लीक प्रकरण। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के गठन के बाद से ही दुर्भाग्यवश तकरीबन हर साल परीक्षा में गड़बड़ी और धांधली के आरोप लगे हैं। यानी एनटीए अकड़ी मकड़ी दूधमदार, नजर उतर गई पल्लेपार कराने वाली एजेंसी मात्र बन कर रह गयी है। पिछले 5 सालों में एनटीए की लगभग 60 परीक्षाओं में से लगभग 12 परीक्षाओ में पेपर लीक या अन्य गड़बड़ियों पायी गई। साल 2019 में जेईई मेंन्स के दौरान छात्रों को सर्वर में खराबी होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। साथ ही कुछ जगहों पर छात्रों ने प्रश्न पत्र में देरी की भी शिकायत की थी। नीट अंडरग्रेजुएट मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम 2020 में एनटीए पर गंभीर सवाल खड़े हुए थे। परीक्षा को कई बार स्थगित करना पड़ा था। साल 2021 में जेईई मेन्स के एग्जाम में कुछ गलत प्रश्न को लेकर भी हंगामा देखने को मिला था। 2021 में ही नीट परीक्षा में राजस्थान के भांकरोटा में सॉल्वर गैंग द्वारा गड़बड़ी करने का मामला सामने आया था। विभिन्न केंद्रीय, राज्य, प्राइवेट और डीम्ड यूनिवर्सिटी में प्रवेश के लिए आयोजित कॉमन यूनिवर्सिटएंट्रेंस टेस्ट में साल 2022 में गड़बड़ी की शिकायतें हुई थीं। सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्थान से आई थी। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, बिहार, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, असम, अरुणाचल प्रदेश पश्चिम बंगाल और जम्मू कश्मीर..ये देश के वो 16 राज्य हैं, जहां पिछले 5 सालों में 41 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए जिससे लगभग 1 करोड़ 70 लाख छात्र प्रभावित हुए। यानी परीक्षा में पेपर लीक की महामारी देशभर में फैली हुई है, क्योंकि कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत एक है। इस हमाम में सब नंगे हैं वरना ऊंट की चोरी निहुरे निहुरे तो हो नहीं सकती।

*शून्य त्रुटि परीक्षा के लिए प्रतिबद्ध सरकार की नाक के नीचे गड़बड़ियां। 18 जून को हुई यूजीसी-नीट की परीक्षा भी रद्द की जा चुकी , थीं । तथापि कारण जनसाधारण को बतलाए नहीं गए हैं। इस तरह एनटीए की स्थापना के 6 सालों में सिर्फ 2 बार, साल 2018 और 2023 में पेपरलीक और गड़बड़ी की शिकायत नहीं आई? मतलब शिक्षा क्षेत्र के विकास की स्थिति नहीं मिली? अब यह बात बिल्कुल स्पष्ट हो चुकी है कि नीट परीक्षा में ग्रेस मार्क से लेकर ओएमआर शीट व फायनल स्कोर कार्ड में अंतर, 67 उम्मीदवार को 720 में से 720 अंक, एक ही सेंटर से 6 उम्मीदवारों को नम्बर वन ऑल इंडिया रैंकिंग, ग्रेस मार्क सहित 718-719 अंक संभव नहीं, सिलेबस व आंसर के हिसाब अलग-अलग आंसर गलत प्रश्नपत्र का बंटना, अंतिम तिथि 9 मार्च तक रजिस्ट्रेशन के बाद फिर अचानक 8 अप्रैल को रजिस्ट्रेशन खोलना, नियत तिथी 13 जून के पूर्व ही 4 जून जिस दिन लोकसभा चुनाव के परिणाम आ रहे थे, परिणाम घोषित कर देना, आदि आदि गड़बडियां, धांधलीयां सामने आ चुकी हैं। गड़बडियों की भयानकता व व्यापकता इतनी विशाल पैमाने पर हुई है कि विभिन्न राज्यों के लगभग 20 हजार छात्रो ने उच्चतम न्यायालय एवं विभिन्न उच्च न्यायालयों में नीट के विरूद्ध याचिका दायर की है। उत्तर प्रदेश के विधायक बंदीराम जो पूर्व में पेपर लीक के मामले में दो बार जेल जा चुके है, का नाम फिर से इस पेपर लीक कांड में सुर्खियों में आया है। सीबीआई ने पहली दो महत्वपूर्ण गिरफ्तारियां मनीष प्रकाश एवं आशुतोष की पटना से की हैं। नैतिक जिम्मेदारी स्वीकारी! परंतु मात्र संकेतात्मक? अंततः शिक्षा मंत्री को इन अनियमितताओं व गड़बडियों को देखते हुए नैतिक जिम्मेदारी वह भी मात्र शब्दों के द्वारा कार्य रूप में नहीं? स्वीकार करना पड़ा। एनटीए को क्लीन चिट देने में की गई जल्दबाजी को भी स्वीकारा। मगर अब भी लगता नहीं कि शुतुरमुर्ग ने रेत में से सर निकाल लिया। अंततः इस गड़बड़ी को रोकने एवं पारदर्शिता लाने के लिए 7 सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति आईएसआरओ के पूर्व चेयरमेन के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में गठित की गई है। परिणाम स्वरूप एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को हटा दिया गया। यद्धपि उनके खिलाफ न तो कोई आरोप लगाया गया है और न ही अभी तक कोई जांच बैठाई गई है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने पेपर लीक को रोकने के लिए उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अध्यादेश 2024 लाने को मंजूरी दे दी है, जिसमें उम्र कैद तक की सजा का प्रावधान है। साथ ही मध्य प्रदेश में भी पेपर लीक व अन्य गड़बड़ियों को रोकने के लिए सरकार एक अध्यादेश ला रही है, जिसमें एक करोड रुपए तक जुमार्ने एवं 10 साल तक की सजा का प्रावधान रखा गया है। हालत यह है कि जैसे बंदरिया मरे बच्चे को भी सीने से चिपकाए रहती है, इतना सब होने के बावजूद एनटीए की उपयोगिता पर तथा उसकी विश्वसनीयता खत्म होने के लिए कौन जिम्मेदार है, कोई सार्थक प्रश्नवाचक चिन्ह नहीं उठ रहा है?

राष्ट्रीय चिंता एवं चिंतन कब? उपरोक्त फायदे के साथ परीक्षा लीक का एक बड़ा महत्वपूर्ण नुकसान जरूर जेहन में आता है कि यह राष्ट्रीय चिंता एवं चिंतन का विषय होना चाहिए?

# वैदिक काल में शिक्षा आज की शिक्षा से कहीं बेहतर थी

- संजय गोस्वामी

वैदिक काल (लगभग 1700-900 ई.पू.) से भारत में शिक्षा की शुरूआत मान सकते हैं। वैदिक शिक्षा शब्द का प्रयोग इस अवधि में प्रयुक्त शिक्षण पद्धति के अर्थ में किया जाता है। एक व्यापक अर्थ में इस शब्द का प्रयोग उस शिक्षा पद्धति के लिए किया जाता है जो पूर्व वैदिक काल में प्रारंभ हुई और लगभग 550 ई. (गुप्त साम्राज्य के पतन तक) विकसित होती रही। इसे ब्राह्मण शिक्षा-पद्धति , शिक्षा की हिंदू प्रणाली और शिक्षा की गुरुकुल प्रणाली भी कहा जाता है। भारतवर्ष मैं रहने वाली सर्वप्रथम जाति आर्य थी और वैदिक संस्कृति आर्यों की अपनी संस्कृति थी `वैदिक-संस्कृति सत्य, सनातन है और वेद को अनादि अथवा ईश्वरीय माना गया है , क्योंकि मनुष्य और उसकी सभ्यता के बारे में सबसे प्राचीन इतिहास भी इसी संस्कृति की देन है` जिसमें ऋषियों द्धारा मानव समाज को ब्यवस्थित तरीके से चलाने के लिये मर्यादित आचरण की ब्यवस्था दी गयीं वैदिक शिक्षा-प्रणाली की खास विशेषता थी गुरुकुल [ शाब्दिक अर्थ शिक्षक का घर ] की प्रणाली। छात्रों को शिक्षा के पूरे काल के लिए शिक्षक और उनके परिवार के साथ रहना आवश्यक था। कुछ गुरुकुल एकांत वन-क्षेत्रों में होते थे, लेकिन सिद्धांत एक ही था विद्यार्थियों को गुरु (शिक्षक) / गुरु और उनके परिवार के साथ रहना होता था। यह प्रणाली लगभग 2500 वर्षों तक यथावत चलती रही। पाठशालाओं तथा शिक्षण संस्थाओं का विकास बहुत बाद में हुआ। शिक्षा के उद्देश्य का पहला उल्लेख ऋग्वेद के 10 वें मंडल में पाया जाता है। इस मंडल के एक सूक्त में कहा गया है कि विद्या का उद्देश्य वेदों तथा कर्मकांड के ज्ञान के अतिरिक्त समाज में सम्मान प्राप्त करना, सभा-समिति में बोलने में सक्षम होना, उचित-अनुचित का बोध आदि है। इससे प्रतीत होता है की पूर्व वैदिक युग में शिक्षा के उद्देश्य व्यावहारिक थे। बाद में, उपनिषद काल में, ज्ञान का उद्देश्य अधिक सूक्ष्म हो गया। विद्या को दो भागों में बांटा गया झ्र परा विद्या और अपरा विद्या। अपरा विद्या में प्रायः समस्त पुस्तकीय तथा व्यावहारिक ज्ञान आ गया। केवल ब्रह्म विद्या को परा विद्या माना गया। परा विद्या श्रेष्ठ मानी गई क्योंकि उससे मोक्ष प्राप्त होता है। मोक्ष शिक्षा का अंतिम उद्देश्य हो गया। लेकिन यह लक्ष्य आदर्श ही रहा होगा, न की व्यावहारिक, क्योंकि मोक्ष सभी के लिए साध्य नहीं हो सकता। इतिहासकार ए.एस.अल्तेकर ने वैदिक शिक्षा के व्यावहारिक उद्देश्य बताये हैं जो निम्नलिखित हैंसत्यवादिता , संयम , व्यक्तिगत शील , सफाई , शांत स्वभाव और उदारता आदि अच्छे चरित्र के गुण किसी भी पेशे झ्र पुरोहित , शिक्षक , चिकित्सक , राजसेवक, व्यापारी या सैनिक - के लिए बुनियादी आवश्यकता के रूप में प्राचीन ग्रंथों में निर्धारित किये गए हैं। शिक्षा का उद्देश्य इन गुणों का विकास करना था। मनुस्मृति में कहा गया है कि निर्मल चरित्र का ब्राह्मण सभी वेदों का ज्ञान रखने वाले दुश्चरित्र ब्राह्मण से अच्छा होता है। शिक्षा आरम्भ करने के पूर्व उपनयन संस्कार होता था जिसमें भावी विद्यार्थी को नैतिक आचरण के नियमों का पालन करने का उपदेश दिया जाता था। इसी तरह शिक्षा के समापन पर भी गुरु उपदेश देता था। उदाहरण के लिए तैत्तिरीय उपनिषद से दीक्षांत भाषण एक अंश उद्धृत है : सच बोलो, धर्म का आचरण करो, वेदों का प्रतिदिन अभ्यास करो, माता पिता को देवतुल्य समझो, गुरु को देवतुल्य समझो। अतिथि को देवतुल्य समझो।

## आज का राशिफल

**मेष** आज दिन खुशनमा है और आप आप जनता के प्रिय बनेंगे। आपमें एक विशेष आकर्षण रहेगा।

**तुला** भाग्य का साथ मिल रहा है। यदि आप विद्यार्थी हैं तो आपकी शैक्षणिक दिशा में परिवर्तन होगा।

**वृषभ** आज लाभ का दिन है और कार्यक्षेत्र में आपको सफलता प्राप्त होगी और आपके सुख में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** आज दिन परेशानियों से भरा होगा। आमदनी में ज्यादा खर्च की स्थिति रहेगी।

**मिथुन** इस बात का पूरा ध्यान रखें कि आपकी कोई बात सामने वाले को बुरी ना लग जाए।

**धनु** आज करियर में सफलता मिलने के योग हैं। विद्या बुद्धि और ज्ञान में वृद्धि होगी।

**कर्क** आप अपने स्वभाव के प्रति गंभीर रहें और कड़ी मेहनत से ही आपको सफलता प्राप्त होगी।

**मकर** आज दिन लाभ से भरा होगा। आपको कहीं से रुका धन मिलने की संभावना है।

**सिंह** आज सुख समृद्धि में वृद्धि होगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपका अधिक समय धार्मिक कार्य में बीतेगा।

**कुंभ** भाग्य साथ देगा कारोबार में आपके शत प्रतिशत प्रयास सफल होंगे और आपके धन में वृद्धि होगी।

**कन्या** आज भाग्य की दृष्टि से दिन अच्छा रहेगा। शरीर में चला आ रहा कोई रोग दूर होगा। उसमें सुधार होगा।

**मीन** ननिहाल से भी मान सम्मान मिलेगा। आपको पत्नी पक्ष एवं पत्नी की ओर से पूर्ण सहयोग मिलेगा।

## विशेष

### आखिर जेल से छूट ही गए हेमंत सोरेन

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से आखिरकार जमानत मिल ही गई। 5 महीने सोरेन जेल में रहे। लोकसभा चुनाव में प्रचार नहीं कर पाए। झारखंड हाईकोर्ट ने जमानत का फैसला सुरक्षित रखा था। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में जो लिखा है। वह ईड़ी को शर्मसार करने के लिए काफी है। हाईकोर्ट ने कहा, जो आरोप लगाए गए थे। उससे सोरेन का कोई लेना-देना नहीं है। पीएमएलए का कोई मामला ही नहीं बनता है। मोदी सरकार के लिए यह एक खतरे की घंटी है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से जिस तरह से पीएमएलए कानून के तहत ईड़ी की गई कार्रवाई को अवैध बताया जा रहा है। इससे केंद्र सरकार का रुतबा घटेगा। विपक्षी दल के नेता, कारोबारी, सरकारी अधिकारी जो अभी केंद्र सरकार से डर रहे थे।

### मोदी में कुछ भी नया नही

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शपथ लिए हुए 20 दिन से ज्यादा का समय हो गया है। उनके मंत्रिमंडल में महत्वपूर्ण विभागों में वही पुराने चेहरे मंत्री बने हुए हैं। लोकसभा अध्यक्ष भी पुराने वाले चुन लिए गए। डिप्टी स्पीकर भी नहीं चुना गया। नेता प्रतिपक्ष का चेहरा इस बार जरूर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मंत्रिमंडल के तेवर पुराने वाले ही देखने को मिल रहे हैं। राष्ट्रपति का अभिभाषण भी शो-शो रहा। आगे क्या करेंगे इसका कोई उल्लेख नहीं। उल्टे आपातकाल और नीट को लेकर विपक्ष को उकसाने का काम जरूर सरकार ने किया है। उसके बाद यह कहा जा रहा है। मोदी 3.0 मे कुछ भी नहीं बदला, सब कुछ पुराना है।

## कार्टून कोना




### आज का इतिहास

1566: जाने माने भविष्यवक्ता नास्त्रेदमस का निधन. 1849: ब्रिटेन में कारखाना अधिनियम पारित हुआ, जिसमें 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को नौकरी देने पर प्रतिबंध का प्रावधान रखा. 1853: रूस ने तुर्की पर हमला किया, जिससे क्रीमिया युद्ध भड़क उठा. 1881: अमेरिका के राष्ट्रपति जेम्स गारफील्ड को वाशिंगटन में गोली मारकर घायल कर दिया गया उनकी मौत सितम्बर में हुई. 1972: भारत और पाकिस्तान ने शिमला समझौते पर हस्ताक्षर किए. 1976: उत्तर और दक्षिण वियतनाम एक हुए. 1983 कल्पक्कम परमाणु ऊर्जा संयंत्र के पहले एकांश ने काम शुरू किया. 1985: आंद्रेई ग्रेमिकी सोवियत संघ के राष्ट्रपति बने. 1990: मक्का में भगदड़ मची, एक हजार से अधिक हज यात्री मारे गए.

## दैनिक पंचांग

2 जुलाई 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.24 बजे से |
| चंद्र | मेष में | सिंह | 08.40 बजे से |
| मंगल | मेष में | कन्या | 10.52 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 13.03 बजे से |
| गुरु | वृष में | वृश्चिक | 15.17 ब.से |
| शुक्र | मिथुन में | धनु | 17.33 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मकर | 19.38 बजे से |
| राहु | मीन में | कुंभ | 21.25 बजे से |
| केतु | कन्या में | मीन | 22.58 बजे से |
| राहुकाल | | मेष | 00.28 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | वृष | 02.08 बजे स |
| बजे तक | | मिथुन | 04.06 बजे से |

**मंगलवार** 2024 वर्ष का 184 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ)
**पक्ष** कृष्ण **तिथि** एकादशी 08.43 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** भरणी 05.27 बजे तदनन्तर कृत्तिका 04.40 बजे प्रातः को समाप्त।
**योग** धृति 11.17 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 08.43 बजे तदनन्तर कौलव 19.55 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 01'
**सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872028
**जूलियन दिन** 2460493.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445 **महीना** जिल्हेज
**तारीख** 25 **विशेष** योगिनी एकादशी, मासिक कार्तिगाई।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore



## बारिश के दौरान बगीचा रहेगा एकदम हरा-भरा, इन बातों का रखें ध्यान

बालकनी में बैठ पकौड़े और चाय की चुस्कियों के साथ बारिश के मौसम का आनंद लेने का अलग ही मजा होता है। कई बार तो लोग मानसून के दौरान बाहर घूमने जाने का भी प्लान बना लेते हैं। छाता से लेकर रेनकोट हर चीज की व्यवस्था हम बारिश शुरू होने से पहले कर लेते हैं। लेकिन इस दौरान सबसे ज्यादा नुकसान छोटे और हल्के पौधों को पहुंचता है। वैसे तो बारिश का पानी प्राकृतिक रूप से पौधों की ग्रोथ करने में कारगर होते हैं। अगर बारिश के मौसम में ठीक से ख्याल रखा जाए तो हम अपने प्लांट को पूरे मौसम हरा-भरा रख सकते हैं। इस आर्टिकल में आज हम आपको उन छोटी-छोटी बातों के बारे में बताने जा रहे हैं,जिसकी मदद से आप इनकी केयर कर सकती हैं।

### इन तरीके से करें बारिश में गार्डन और पौधों की देखभाल

- बारिश शुरू होने से पहले पौधों के नीचे वाली पत्तियों को तोड़कर हटा दें।
- इस मौसम में पौधों के गमले के ऊपर तक 3 भाग मिट्टी और 1 भाग गोबर की खाद को मिक्स करके भरें। ऐसा इसलिए क्योंकि अगर आप गमले का ऊपरी हिस्से खाली छोड़ देंगे तो इसमें पानी भर जाएगा और पौधे सड़ जाएंगे।
- 1 हफ्ते के अंतराल में पौधों पर होममेड पेस्टिसाइड का छिड़काव करें। ऐसा करने से पौधों में कीड़े नहीं लगेंगे।
- ग्रोथ होने पर समय-समय पर पौधों की कटिंग करें। इससे प्लांट्स में नए पत्ते तेजी से ग्रो करेंगे।
- बारिश के कारण मिट्टी गीली रहती है। ऐसे में इसमें पानी तब ही डालें जब मिट्टी सूखने लगे।
- प्लाट्स में पानी भरने पर उसे निकाल दें। इसके अलावा पौधों को एक जगह से दूसरी जगह शिफ्ट करते रहें।
- अगर आप प्लांट्स को उठाकर दूसरी जगह नहीं रख सकते हैं तो इसके ऊपर शीट या पन्नी लगाएं।
- कई बार हम खुली जगह पर पौधे लगाते हैं जो बड़े होने के बाद घने हो जाते हैं। इस स्थिति में अपने हर एक प्लांट्स को अच्छे से चेक करें। सभी पौधों को बराबर पानी मिल रहा है या नहीं। इसके साथ किसी पौधे में कीड़े तो नहीं लग गए हैं।
- पॉट का इस्तेमाल करते समय यह जरूर चेक करें कि उसमें होल है या नहीं। होल को मिट्टी से ढके नहीं। एक्स्ट्रा पानी गमले से आसानी से निकल जाए इसके लिए होल के ऊपर ईट का छोटा टुकड़ा लगाकर मिट्टी भरें।
- अगर आपने पॉट को स्टैंड पर रखा है तो उसके नीचे लगी प्लेट को दूसरे दिन साफ करें।
- हल्के व बेल वाले पौधेको किसी लकड़ी या फिर स्टैंड के सहारे टिकाएं। इससे पौधे तेज हवा और पानी के झोंके से नहीं टूटेंगे।



# मानसून सीजन में अपने घर की ऐसे करें देखभाल

**मानसून का मौसम आ गया है और साथ ही लाया है ढेर सारी बारिश, ठंडी हवाएं और नमी। इस खूबसूरत मौसम का आनंद लेने के साथ-साथ, हमें अपने घरों का भी ध्यान रखना जरूरी है।**

बारिश के समय घर की सतह को निरंतर साफ और सूखी रखने के लिए नियमित तौर पर सफाई करनी चाहिए। छत, छत की नाली, बरामदे और छत के झरने को साफ करें। साथ ही पानी या बिजली की समस्याओं के लिए तैयार रहें। बारिश से पहले अपनी बिजली सप्लाई और पानी की जांच करें और उन्हें ठीक करवाएं। ऐसी ही घर में कई चीजें हैं, जिन्हें मानसून सीजन में देखभाल करने के लिए ये उपाय अपना सकते हैं। मानसून का मौसम आ गया है और साथ ही लाया है ढेर सारी बारिश, ठंडी हवाएं और नमी। इस खूबसूरत मौसम का आनंद लेने के साथ-साथ, हमें अपने घरों का भी ध्यान रखना जरूरी है। बारिश और नमी से होने वाले नुकसान से बचने के लिए ये सावधानियां बरतनी चाहिए।


### बिजली और बिजली केगैजेट्स की मरम्मत

बारिश के दौरान बिजली गिरने का खतरा ज्यादा होता है। इसलिए, सभी बिजली के गैजेट्स को पावर सॉकेट से निकालकर रखें। बाथरूम या किचन जैसे गीले इलाकों में बिजली के गैजेट्स का इस्तेमाल न करें। इस बात को भी सुनिश्चित कर लें कि आपके घर की बिजली व्यवस्था ठीक से ग्राउंड है। ज्यादा बारिश होने पर जरूरी न होने पर घर से बाहर न जाएं।

### पानी की सही उपलब्धि



बारिश के पानी को इकट्ठा करके आप इसका इस्तेमाल बाद में सिंचाई या घरेलू कामों के लिए कर सकते हैं। बारिश से पहले नालियों और गटरों की सफाई कर लें ताकि पानी जमा न हो और मच्छरों का प्रजनन न हो। घर में टपकते नल को ठीक करवा लें ताकि पानी बर्बाद न हो। बारिश के पानी से बचने के लिए जरूरी सामान और दस्तावेजों को पहली मंजिल पर रखें। वहीं, उन जगहों को ध्यान से देखें जहां जल स्रोत या नाली हो सकती है। अगर कोई जल जमाव हो, तो उसे समय पर साफ करवाएं ताकि पानी घर के अंदर न पहुंचे।



इसके साथ-साथ अपने घर के लिए डिजास्टर मैनेजमेंट स्कीम बनाएं और उसे परिवार के सदस्यों के साथ शेयर करें। डिजास्टर के मामले में सुरक्षित रहने के लिए जरूरी सामान और संसाधनों की व्यवस्था करें।


बारिश के अवधि में खिड़कियों और दरवाजों को सुखे रखने के लिए उन्हें ठीक से बंद करें। अगर कोई ड्रेनेज प्रॉब्लम हो, तो उसे जल्दी से सुधारवाएं।

### छत और दीवारों की मरम्मत

बारिश से पहले अपनी छत की अच्छी तरह से जांच कर लें और अगर कहीं भी दरारें या रिसाव हो तो उसे ठीक करवा लें। इसके साथ ही दीवारों में नमी से बचने के लिए, वेंटिलेशन पर ध्यान दें। खिड़कियां और दरवाजे खुले रखें, ताकि हवा का आवागमन हो सके। वहीं, अरग दीवारों का रंग उधड़ रहा है या फफोले पड़ रहे हैं, तो मानसून शुरू होने से पहले इनमें नया रंग करवा लें। उन जगहों को ध्यान से देखें जहां जलस्रोत या नाली हो सकती है। अगर कोई जल जमाव हो, तो उसे समय पर साफ करवाएं ताकि जल भवन के अंदर न पहुंचे। कीमती सामानों को नमी और पानी से बचाने के लिए एयर टाइट कंटेनर में रखें।

### किचन कैबिनेट की मरम्मत

बारिश के समय रसोई कैबिनेट को नियमित तौर से साफ और सूखे कपड़े से पोंछे। नम और गीले कपड़ों से उन्हें साफ करने से रसोई में मौजूद सामानों को किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हो सकता है। इसलिए, अगर आपके कैबिनेट लकड़ी के हैं, तो उन्हें बारिश के मौसम में नमी से बचाने के लिए मरम्मत करें। लकड़ी को नमी और फ्लूरिंग से बचाने के लिए सीलेंट लागाएं।





## लॉन्ग कुर्ती में दिखना है स्टनिंग तो पहले जान लें यह रूल्स

**जब भी एथनिक वियर की बात होती है तो सूट का नाम लिया जाता है। हालांकि, इन दिनों आपको मार्केट में केवल कंप्लीट सूट सेट ही नहीं मिलता, बल्कि अलग से कुर्तियां भी अवेलेबल हैं, जिन्हें कई तरह से स्टाइल किया जा सकता है।**

खासतौर से, लॉन्ग कुर्ती की मदद से आप ना केवल एथनिक लुक क्रिएट कर सकती हैं, बल्कि इंडो-वेस्टर्न स्टाइल को भी कैरी किया जा सकता है। इतना ही नहीं, आप केजुअल्स से लेकर आउटिंग यहां तक कि पार्टीज में भी इन लॉन्ग कुर्ती को स्टाइल कर सकती हैं। आमतौर पर देखने में आता है कि महिलाएं इन लॉन्ग कुर्तीज को केवल लेगिंग्स के साथ पेयर करती हैं, हालांकि, इन्हें अन्य भी कई तरीकों से कैरी किया जा सकता है। इतना ही नहीं, हर बार आप एक ही लॉन्ग कुर्ती को कई अलग-अलग तरीकों से कैरी करके एक न्यू लुक क्रिएट कर सकती हैं। 3 जींस के साथ करें स्टाइल यह लॉन्ग कुर्ती को स्टाइल करने का एक सिंपल लेकिन बेहतरीन आईडिया है। जींस के साथ हर टाइप की कुर्ती बेहद ही स्टाइलिश लगती है। भले ही वह फ्रंट ओपनिंग कुर्ती हो या फिर प्रिंटेड कुर्ती। आप चाहें तो इस लुक में स्टनिंग एसेसरीज कैरी करके एक स्टाइल स्टेटमेंट क्रिएट कर सकती हैं या फिर स्कार्फ को भी इस आउटफिट के साथ पेयर किया जा सकता है।

### श्रग में दिखेंगी स्टनिंग

अगर आप लॉन्ग कुर्ती को आउटिंग के दौरान कैरी कर रही हैं और अपने लुक से सबको इंप्रेस करना चाहती हैं तो ऐसे में आप इसके साथ श्रग कैरी कर सकती हैं। इस तरह आप अपने लुक में कलर ब्लॉकिंग कर सकती हैं। लॉन्ग कुर्ती विद श्रग स्टाइल में आप बॉटम वियर में लेगिंग्स से लेकर प्लाजो तक को पेयर कर सकती हैं। इसके साथ एक लॉन्ग पेंडेंट आपके लुक को खास बनाएगा।

### सिगरेट पैंट्स के साथ करें पेयर

अगर आप ऑफिस में लॉन्ग कुर्ती को स्टाइल करना चाहती हैं तो ऐसे में आप सिगरेट पैंट्स के साथ इसे पेयर कर सकती हैं। इसमें मैचिंग कलर से लेकर कॉन्ट्रास्टिंग कलर दोनों ही काफी अच्छे लगते हैं। वहीं फुटवियर में आप हील्स के अलावा जूतियां भी पेयर कर सकती हैं।

### शरारा के साथ करेंगी रॉक

यह लॉन्ग कुर्ती को स्टाइल करने का एक बेहतरीन आईडिया है। अगर आप पार्टी में लॉन्ग कुर्ती को पहनना चाहती हैं तो इसके साथ शरारा कैरी किया जा सकता है। यूं तो शरारा को कुर्ती के साथ मैचिंग कलर में सलेक्ट किया जा सकता है। लेकिन इसके अलावा, अगर आप चाहें तो व्हाइट या क्रीम कलर के शरारा को भी पेयर कर सकती हैं। इस लुक में चुनरी को भी कैरी किया जा सकता है। आप शरारा से मैचिंग चुनरी को पेयर करें। इसके साथ एसेसरीज में ब्रेसलेट काफी अच्छे लगते हैं।

### लॉन्ग कुर्ती विद लेयर्ड स्कर्ट

अगर आप लीक से हटकर लॉन्ग कुर्ती को स्टाइल करना चाहती हैं तो ऐसे में आप लेयर्ड स्कर्ट को अपने लुक का हिस्सा बनाएं। इसमें आप सॉलिड कलर्स को सलेक्ट कर सकती हैं। साथ ही कलर कॉन्ट्रास्टिंग करके अपने लुक को खास बना सकती हैं। खासतौर से, लॉन्ग स्ट्रेट कट कुर्ती के साथ फ्लेयर्ड स्कर्ट की पेयरिंग का ऑप्शन बेहद खास लगता है। इस लुक में आप ओकेजन के अनुसार एसेसरीज को सलेक्ट कर सकती हैं।



**किसी भी कपड़े में आपका लुक तभी अच्छा लगता है, जब वह रिंकल फ्री हों। अमूमन कपड़ों को रिंकल फ्री बनाने के लिए आयरन की मदद ली जाती है। हालांकि, पिछले कुछ समय से क्लॉथ स्टीमर के इस्तेमाल का चलन भी काफी बढ़ गया है। इसमें भाप की मदद से कपड़ों की सिलवटों को हटाया जाता है। चूंकि इन्हें इस्तेमाल करना काफी आसान होता है, इसलिए अधिकतर लोग क्लॉथ स्टीमर का इस्तेमाल करना पसंद करते हैं।**

# क्लॉथ स्टीमर का इस्तेमाल करते हुए नहीं करनी चाहिए ये पांच गलतियां

क्लॉथ स्टीमर पानी को गर्म करके भाप में बदल देते हैं और जब आप बटन दबाते हैं, तो भाप एक केंद्रित जेट में बाहर निकलती है। उस भाप से सिलवटें गायब हो जाती हैं। अमूमन क्लॉथ स्टीमर को इसलिए भी काफी पसंद किया जाता है, क्योंकि इससे ना केवल कपड़े, बल्कि परदों व फर्नीचर पर चढ़े हुए कपड़ों को भी आसानी से रिंकल फ्री बनाया जा सकता है। क्लॉथ स्टीमर बेहद ही यूजफुल होते हैं, लेकिन उन्हें सही तरह से इस्तेमाल करना बेहद जरूरी होता है। अमूमन क्लॉथ स्टीमर का इस्तेमाल करते समय लोग कुछ छोटी-छोटी गलतियां कर बैठते हैं, जिनसे आपको बचना चाहिए।

### बहुत जल्दी शुरू करना

अमूमन यह देखने में आता है कि जब लोग क्लॉथ स्टीमर का इस्तेमाल करते हैं तो उसका बटन दबाते ही तुरंत इस्तेमाल करना शुरू कर देता है। जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। क्लॉथ स्टीमर को गर्म होने और उपयोग के लिए तैयार होने में कुछ समय लगता है। इसे स्टार्ट करने के बाद भाप को कम से कम 30 सेकंड के लिए हवा में छोड़ें जब तक कि यह समान रूप से बाहर न आ जाए। इससे स्टीमर को किसी भी पानी के अवशेष को बाहर निकालने की अनुमति मिलती है, जो पिछली बार इस्तेमाल किए जाने के बाद से नोजल में अभी भी हो सकता है।

### हार्ड वॉटर का इस्तेमाल करना

अमूमन क्लॉथ स्टीमर का इस्तेमाल करते हुए उसमें पानी को डाला जाता है। हालांकि, इसमें कभी भी नल के पानी का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इसमें मिनरल्स होते हैं, जो समय के साथ क्लॉथ स्टीमर को काफी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए, मिनरल बिल्डअप को रोकने के लिए डिस्टिल्ड वाटरका उपयोग करें जो स्टीमर को क्लॉग नहीं करता है।

### एक ही जगह पर बहुत देर तक भाप देना

कई बार यह देखने में आता है कि लोग जब क्लॉथ स्टीमर का इस्तेमाल करते हैं, तो उसे एक ही जगह पर बहुत देर तक रखते हैं। जबकि आपको यह गलती नहीं करनी चाहिए। स्टीमर को बहुत देर तक एक ही जगह पर रखने से पानी के धब्बे पड़ सकते हैं या कपड़ा जल भी सकता है। इसलिए, स्टीमर को कपड़े पर लगातार घुमाते रहें।

### स्टीमर गलत तरीके से पकड़ना

क्लॉथ स्टीमर से आपको बेस्ट रिजल्ट मिले, इसके लिए आपको उन्हें सही तरह से पकड़ना और इस्तेमाल करना आना चाहिए। कभी भी स्टीमर की धातु की प्लेट को कपड़े के समानांतर न रखें, बल्कि इसे थोड़ा नीचे की ओर रखें। इससे भाप बेहतर तरीके से फैलती है और आपके कपड़ों पर बूंदों के गिरने का जोखिम कम होता है। साथ ही, प्लेट को बहुत दूर न पकड़ें।

### वॉटर टैंक को ओवरफिल करना

क्लॉथ स्टीमर को इस्तेमाल करते समय पानी की आवश्यकता होती है। लेकिन वाटर टैंक को ओवरफिल नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे लीकेज या पानी का रिसाव हो सकता है। हमेशा वाटर टैंक पर बताई गई फिल लाइन का पालन करें।



# जीएसटी के सात साल पूरे; अपीलीय न्यायाधिकरण से विवाद समाधान में आई तेजी, बढ़ा कर संग्रह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश में सात साल पहले लागू माल एवं सेवा कर (जीएसटी) से नियमों का अनुपालन आसान हुआ है। साथ ही, कर संग्रह बढ़ने के साथ राज्यों के राजस्व में भी वृद्धि हुईहै।हालांकि, फर्जी चालान और धोखे से पंजीकरण की घटनाएं करदाताओं के लिए अब भी बड़ी चुनौती बनी है।

जीएसटी देश में एक जुलाई, 2017 को लागू हुआ था। इसमें 17 करों व 13 उपकरों को समाहित कर प्रणाली को सरल बनाया गया। जीएसटी के तहत पंजीकरण के लिए कारोबार की सीमा वस्तुओं के लिए 40 लाख रुपये और सेवाओं के लिए 20 लाख रुपये तय की गई। वैट के तहत यह सीमा औसतन पांच लाख रुपये से ऊपर थी। जीएसटी प्रणाली ने राज्यों में 495 अलग-अलग प्रस्तुतियों (चालान,




फॉर्म, घोषणाएं आदि) को भी घटाकर सिर्फ 12 कर दिया है। खास बात है कि जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना से कारोबारियों के लिए विवाद समाधान प्रक्रिया आसान हुईहै और इसमें तेजी आईहै।

### जरूरी वस्तुएं सस्ती, बचत में इजाफा

जीएसटी के बाद कई जरूरी वस्तुओं पर कर दरें पहले की तुलना में घटी हैं। इससे आम लोगों पर न सिर्फ कर का बोझ घटा है बल्कि बचत बढ़ाने में भी मदद मिली है। हेयर ऑयल और साबुन जैसी आम वस्तुओं पर कर की दर को 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी किया गया। बिजली उपकरणों पर अब कर की दर 12 फीसदी है, जो जीएसटी से पहले 31.5 फीसदी लगता था। बिना ब्रांड वाले खाद्य पदार्थ, कुछ जीवन रक्षक दवाएं, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, सैनिटरी नैपकिन, श्रवण यंत्र के पुर्जे और कृषि सेवाओं आदि पर जीएसटी नहीं लगता है।

### कर के रूप में बढ़ी सरकार की कमाई, पंजीकरण में भी बढ़ोतरी

औसत मासिक राजस्व 2017-18 में करीब 90,000 करोड़ रुपये था, जो 2024-25 में बढ़कर 1.90 लाख करोड़ हो गया है। आंकड़ों के अनुसार, जीएसटी ने कर उछाल को 0.72 (जीएसटी से पहले) से बढ़ाकर 1.22 (2018-23) कर दिया है। मुआवजा खत्म होने के बावजूद राज्यों का कर उछाल 1.15 पर बना हुआ है। जीएसटी के बिना वित्त वर्ष 2018-19 से 2023-24 तक राज्यों का राजस्व 37.5 लाख करोड़ होता था। जीएसटी के बाद यह 46.56 लाख करोड़ रुपये है। सात वर्षों में पंजीकृत करदाताओं की संख्या 2017 के 65 लाख से बढ़कर 1.46 करोड़ पहुंच गईहै। 2023 में 1.98 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कर चोरी का पता लगाया गया।140 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### 30 के नीचे रेंग रहा मुकेश अंबानी की कंपनी आलोक इंडस्ट्रीज का शेयर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मुकेश अंबानी की शेयर बाजार में लिस्टेड कई ऐसी कंपनियां हैं जिसके शेयर की कीमत 30 रुपये से कम है। ऐसी ही एक कंपनी आलोक इंडस्ट्रीज है। टेक्सटाइल सेक्टर से जुड़ी कंपनी- आलोक इंडस्ट्रीज के शेयर की कीमत 27.92 रुपये है। इस शेयर के 52 हफ्ते का हाई 39.24 रुपये है। यह भाव जनवरी महीने में था। इसके बाद शेयर 25 से 35 रुपये के रेंज में रेंग रहा है। जुलाई 2023 में शेयर की कीमत 14.56 रुपये थी, जो 52 हफ्ते का लो लेवल है। आलोक इंडस्ट्रीज के निदेशक मंडल ने 28 जून, 2024 को हुई अपनी बैठक में 01 जुलाई 2024 से अनिल कुमार मुंगाड को कंपनी का मुख्य वित्तीय अधिकारी और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक नियुक्त किया है। 55 वर्ष के अनिल कुमार मुंगाड एक चार्टर्ड अकाउंटेंट रहे हैं। उनके पास वित्त और लेखा के क्षेत्र में 30 वर्षों का अनुभव है। वर्ष 2022 में सीईओ इनसाइट एशिया पत्रिका द्वारा उन्हें मलेशिया के शीर्ष 10 सीएफओ में नामित किया गया था। वह 2002 से रिलायंस ग्रुप से जुड़े हुए हैं। मार्च तिमाही के आलोक इंडस्ट्रीज के शेयरहोल्डिंग पैटर्न को देखें तो 75 फीसदी हिस्सेदारी प्रमोटर के पास है। कंपनी के प्रमोटर में मुकेश अंबानी की प्रमुख कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज है। इस कंपनी के पास कुल 1,98,65,33,333 शेयर या 40.01 फीसदी हिस्सेदारी है। वहीं, एक अन्य प्रमोटर जेएम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन है। इसके पास 1,73,73,11,844 शेयर या 34.99 हिस्सेदारी है। ये दोनों कंपनियां ज्वाइंट वेंचर में आलोक इंडस्ट्रीज का स्वामित्व रखती हैं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,822.83 अंक या 2.36 प्रतिशत चढ़ गया। हवीं, बीएसई सेंसेक्स जून में 7.14 प्रतिशत चढ़ा है। यह इसकी सबसे अच्छी मासिक वृद्धि है। बता दें कि गुरुवार को सेंसेक्स ने पहली बार 79,000 अंक के स्तर को पार किया।

### एक दिन में 1300 रुपये चढ़ गया यह शेयर, अब 3 बोनस शेयर बांटने का ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में कई मिड कैप स्टॉक हैं जिन्होंने एक साल की अवधि में ही चौंकाने वाला रिटर्न दे दिया है। ऐसा ही एक स्टॉक जीआरपी लिमिटेड का है। इस स्टॉक में बीते शुक्रवार को 6 फीसदी से ज्यादा की तेजी थी और भाव 13317.50 रुपये के स्तर तक पहुंच गया। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई भी है। इस शेयर की पिछली क्लोजिंग 12063.30 रुपये थी। इस लिहाज से एक ही दिन में शेयर करीब 1300 रुपये चढ़ गया। बता दें कि 10 जुलाई 2023 को शेयर की कीमत 3400 रुपये थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। जीआरपी लिमिटेड के बोर्ड की बैठक में कंपनी ने बोनस शेयर बांटने के लिए रिकॉर्ड डेट का ऐलान किया। शनिवार, 29 जून, 2024 को हुई इस बैठक में कंपनी ने 1 के बदले 3 बोनस शेयर बांटने की बात कही। हालांकि, यह इश्यू शेयरधारक अनुमोदन और अन्य आवश्यक नियामक/वैधानिक मंजूरी के अधीन है। बता दें कि जीआरपी लिमिटेड की स्थापना 1974 में हुई थी। यह टायर के रबर को बनाने के लिए मशहूर है। कंपनी के 7 मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स, 60 से ज्यादा देशों में मौजूदगी और 200 से ज्यादा ग्राहक हैं। इस कंपनी के 400 से ज्यादा सप्लायर हैं। मार्च तिमाही में इस कंपनी ने परिचालन से 138 करोड़ रुपये का तिमाही राजस्व दर्ज किया, जो कि साल-दर-साल आधार पर बढ़ोतरी को दिखाता है। वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट तुलना में 12 करोड़ रुपये

# 35 साल पुरानी कंपनी का आ रहा आईपीओ, करीब 75 देशों में फैला है कारोबार

**नईदिल्ली, एजेंसी। पिछले कुछ साल से लगातार कंपनियां आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए शेयर बाजार में एंट्री ले रही हैं। साल 2024 में भी यह सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में गुजरात की पैकेजिंग इक्युपमेंट मैन्युफैक्चरर कंपनी ममता मशीनरी लिमिटेड ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास आईपीओ के लिए शुरुआती दस्तावेज जमा कराए हैं।**

### शेयर बिक्री से नहीं होगी कमाई

आईपीओ दस्तावेजों के मसौदे (डीआरएचपी) के अनुसार गुजरात स्थित कंपनी का आईपीओ पूरी तरह से प्रवर्तकों द्वारा 73.82 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित है। ओएफएस के तहत शेयर बेचने वालों में महेंद्र पटेल, नयना पटेल, भगवती पटेल, ममता ग्रुप कॉरपोरेट सर्विसेज एलएलपी और ममता मैनेजमेंट सर्विसेज एलएलपी शामिल हैं। चूंकि यह ओएफएस है, इसलिए कंपनी को आईपीओ से कोई कमाई नहीं होगी। बीलाइन कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड इस इश्यू (बीआरएलएम) का एकमात्र बुक रनिंग लीड मैनेजर है।

ममता मशीनरी प्लास्टिक बैग और पाउच बनाने वाली मशीनें, पैकेजिंग मशीनें बनाती है और उनका निर्यात करती है। यह पैकेजिंग उद्योग के लिए संपूर्ण विनिर्माण समाधान प्रदान करती है। कंपनी अपनी मशीनें 'वेगा' और 'विन' ब्रांड नाम से बेचती है। मई, 2024 तक, कंपनी ने दुनिया के 75 देशों में 4,500 से अधिक मशीनें स्थापित की हैं। यह कंपनी साल 1989 से इंडस्ट्री में सक्रिय है। यह स्टेपर मोटर, ड्राइव और माइक्रोप्रोसेसर कंट्रोलर और पारंपरिक क्लच-ब्रेक, रैक-पिनियन असेंबली के बिना प्लास्टिक बैग बनाने वाली मशीनें पेश करने वाली पहली भारतीय कंपनी है।

### अगले सप्ताह आ रहे 3 नए आईपीओ

बता दें कि अगले सप्ताह तीन कंपनियां 2,700 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने के लिए अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) लॉन्च करने के लिए तैयार हैं। आने वाले सप्ताह में एमक्योर फार्मास्यूटिकल्स और बंसल वायर मेनबोर्ड सेगमेंट के आईपीओ होंगे तो एम्बे लेबोरेटरीज एकमात्र एसएमई इश्यू है। वहीं, शेयर बाजार में एलाइड ब्लेंडर्स और व्रज आयरन एंड स्टील सहित 11 आईपीओ की लिस्टिंग देखने को मिलेगी।

# 60 के शेयर वाले सरकारी बैंक का बड़ा ऐलान, 2000 करोड़ के इंतजाम का प्लान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक ने कारोबार वृद्धि के लिए योग्य संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिए चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में 2,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई है। बाजार परिस्थितियों के आधार पर, धन जुटाने का काम दूसरी तिमाही या तीसरी तिमाही में पूरा हो सकता है। इससे बैंक में सरकार की हिस्सेदारी कम करने में मदद मिलेगी। पंजाब एंड सिंध बैंक में भारत सरकार की 98.25 प्रतिशत हिस्सेदारी है।



बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) स्वरूप कुमार साहा ने कहा, निदेशक मंडल ने पहले ही मंजूरी दे दी है और मर्चेंट बैंकरों को अगस्त तक शामिल कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्यूआईपी से बैंक के पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। मार्च, 2024 के अंत में बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 17.10 प्रतिशत था।

**देनदारियों में बढ़ोतरी संभव :** स्वरूप कुमार साहा ने कहा कि बैंक को परिसंपत्ति बहीखाता में 12-14 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इसमें खुदरा, कृषि और एमएसएमई (आरएएम) में 15-18 प्रतिशत की वृद्धि देखी जानी चाहिए। जमा के मामले में उन्होंने कहा कि बैंक को चालू वित्त वर्ष के दौरान देनदारियों में आठ से 10 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है। साहा ने कहा कि बैंक ने संतुष्टि के स्तर को बेहतर बनाने के लिए कई ग्राहक-केंद्रित पहल की हैं। इसके तहत बैंक 50 चिन्हित शाखाओं को मॉडल या स्मार्ट शाखाओं में बदल रहा है। साहा ने कहा कि बैंक ने महिलाओं के लिए रुपे द्वारा संचालित पीएसबी पिंक डेबिट कार्ड भी पेश किया है, जिसके कई लाभ हैं।

# आलू के आढ़ती ने ऐसा किया कमाल, बन गए फ्रेंच फ्राइज किंग, दुनिया के 40 देशों में कर रहे हैं निर्यात

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मेहसाणा के हरेश करमचंदानी ने साल 2010 में एक सपना देखा था। यह सपना था आलू की प्रोसेसिंग कर वैल्यू एडेड आइटम्स बनाने का। आलू में वैल्यू एडिशन की चाह से इसी उद्योग में कदम रखे। उन्होंने इस दिशा में काम करना शुरू किया और महज पांच साल में उन्होंने फ्रेंच फाइज बनाने का अत्याधुनिक कारखाना अपने शहर के बाहर ही डाल दिया। फिर हुआ काम इसे बेचने का। आज की तारीख में उनकी कंपनी भारत में फ्रेंच फ्राइज बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी बन गई है। उनके प्रोडक्ट का निर्यात दुनिया के 40 से भी ज्यादा देशों में होती है। आज हम आपको बता रहे हैं उनके सफलता की कहानी।

हरेश करमचंदानी के दादा आसनदास करमचंदानी गुजरात के छोटे से शहर मेहसाणा में आलू और प्याज के आढ़ती थे। आजादी के बाद गुजरात तेजी से विकास पथ पर आरूढ़ हुआ। इसके साथ ही मेहसाणा की भी तकदीर बदली। लेकिन करमचंदानी परिवार आलू का ही काम करते रहे। इसी परिवार में जन्मे और पले बढ़े हरेश बचपन से ही आलू के कारोबार की बारीकी सीख रहे थे।

हरेश करमचंदानी का जन्म भले ही एक आढ़तिये के परिवार में हुआ था, लेकिन उनकी



पढ़ाई खांटी अंग्रेजी स्कूल में हुई। मेहसाणा में कोई इंग्लिश मेडियम स्कूल नहीं था, इसलिए हरेश का दाखिला राजस्थान के हिल स्टेशन कहलाने वाले माउंट आबू के फेमस सेंट मेरी स्कूल में कराया गया। इस वजह से उन्हें चार साल की उम्र में ही घर छोड़ कर हॉस्टल में आना पड़ा। इस स्कूल से 10वीं करने के बाद उनका दाखिला अहमदाबाद के सेंट जेवियर स्कूल में कराया गया। हाईयर सेकेंडरी की पढ़ाई पूरी के बाद उन्होंने अहमदाबाद के ही एचएल कॉलेज ऑफ कामर्स में बी. कॉम में दाखिला लिया। वहीं से उन्होंने मास्टर्स की डिग्री भी हासिल की।

### जुड़े पारिवारिक धंधे में

अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद हरेश साल 1999 में पारिवारिक धंधे से जुड़ गए। मतलब कि वह आलू का काम करने लगे। इस दौरान उन्होंने देखा कि भारत में आलू का परिदृष्य तेजी से बदल रहा है। आलू की नई नई किस्में खोजी जा रही है। उससे कुछ साल पहले ही केंद्र सरकार ने उदारीकरण का आगाज किया था। उसी समय आलू चिप्स और फ्रेंच फ्राइज बनाने के लिए भी विदेशी कंपनियां भारत आ रही थीं। एक अमेरिकी कंपनी ने तो यहां आलू की चिप्स बनाने के लिए विदेशी वेराइटी भारत लाई और भारतीय किसानों से इसकी कांट्रेक्ट फार्मिंग कराने लगी। इसी से हरेश को आलू के क्षेत्र में ही कुछ अनूठा करने की प्रेरणा मिली।

हरेश को लगा कि आलू की प्रोसेसिंग में कुछ करना चाहिए। फिर उन्होंने विदेशी बाजारों की स्टडी की। विदेशों के प्लांट और मशीनरी को देखा, उसे भारत लाने के विकल्प तलाशे। उसके बाद उन्होंने आलू की कुछ यूरोपीय किस्मों कों छांटा, जिसका उपयोग फ्रेंच फ्राइज बनाने में होता है। आलू का बीज कहां बनाया जाएगा, उसकी खेती कहां होगी, इन बातों का भी अध्ययन किया। और साल 2010 में औपचारिक रूप से हाई फन फूड्स की नींव पड़ गई।

फ्रेंच फ्राइज खाना तो मिनट भर का काम है। लेकिन इसे बनाते-बनाते पांच साल लग गए। हरेश बताते हैं कि पहले तो यूरोपीय वेराइटी के सीड्स को भारत लाकर उसे लैब में डेवलप किया गया। फिर उस सीड्स को पंजाब के खेतों में मल्टीप्लाई किया गया। फिर उन बीजों की खेती गुजरात के खेतों में की गई। इसके लिए किसानों से कांट्रेक्ट फार्मिंग की बात हुई। और साला 2015 आते आते उनका प्रोडक्शन शुरू हो गया।

### बन गए फ्रेंच फाइज किंग

जब उन्होंने फ्रेंच फ्राइज बनाने का काम शुरू किया तो उस समय भारत में कनाडा की एक कंपनी का इस सेक्टर में राज था। उस कंपनी का प्लांट भी गुजरात में ही है। हरेश ने साल 2015 में महज 50 करोड़ रुपये का माल बेचा। लेकिन जिस हिसाब से उन्होंने धंधे को फैलाया, वह काबिले तारीफ है। पिछले साल उन्होंने 1200 करोड़ रुपये का सामान बेचा। इस समय वह देश में फ्रेंच फ्राइज बनाने वाली और एक्सपोर्ट करने वाली हाई फन फूड्स सबसे बड़ी कंपनी है। आज की तारीख में वह कनाडाई कंपनी हाई फन से पीछे हो गई है। इस समय हाई फन फूड्स के प्रोडक्ट्स का निर्यात दुनिया के करीब 40 देशों में हो रहा है। इन देशों में भारत के आसपास के देश तो शामिल हैं ही, जापान, आस्ट्रेलिया और रूस जैसे देश भी शामिल हैं। अभी चार महीने पहले ही कंपनी ने अमेरिकी कंपनी वालमार्ट से एक्सपोर्ट का करार किया है। इसके साथ ही कंपनी की इंट्री अमेरिकी फूड प्रोडक्ट्स मार्केट में भी हो गई। अमेरिका और जापान के फूड मार्केट में इंट्री बेहद महत्व रखती है, क्योंकि वहां खाद्य पदार्थो के आयात की नियम-शर्ते बेहद सख्त हैं।

### 35 तरह के प्रोडक्ट्स बनाती है कंपनी

कंपनी की शुरुआत तो सिर्फ फ्रेंच फाइज बनाने से हुई थी। लेकिन आज कंपनी करीब 35 तरह के आलू और अन्य पदार्थों के फूड प्रोडक्ट्स बनाती है। इनमें आलू टिक्की, हैश ब्रॉउन, पोटेटो बॉल, फ्रोजन पिज्जा तक शामिल हैं। कंपनी पांच तरह के तो सिर्फ फ्रेंच फाइज बनाती है। हरेश का कहना है कि हर देश के लोगों का खानपान का व्यवहार और टेस्ट अलग अलग होता है। किसी को ज्यादा करारा माल चाहिए तो किसी को कम भुना हुआ। उन सबके टेस्ट का ध्यान रखा जाता है।

# भारत सबसे बड़ा विवाह स्थल, हर साल होती हैं एक करोड़ तक शादियां; जेफरीज की रिपोर्ट में दावा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत दुनिया का सबसे बड़ा विवाह स्थल है। यहां हर साल 80 लाख से एक करोड़ शादियां होती हैं, जबकि चीन में 70-80 लाख और अमेरिका में 20-25 लाख विवाह होते हैं। खास बात है कि आम देशवासी शिक्षा (स्नातक तक) की तुलना में विवाह समारोह पर दोगुना खर्च करते हैं। अमेरिकी जैसे देशों में यह खर्च शिक्षा की तुलना में आधे से भी कम है।

ब्रोकरेज फर्म जेफरीज की रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय विवाह उद्योग का आकार करीब 10 लाख करोड़ रुपये का है। यह अमेरिका के विवाह उद्योग का लगभग दोगुना है। हालांकि, चीन की तुलना में छोटा है। अमेरिका में विवाह उद्योग का आकार 5.84 लाख करोड़ रुपये (70 अरब डॉलर) का है, जबकि चीन में यह 14.2 लाख करोड़ (170 अरब डॉलर) का है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय शादी कई दिनों तक चलती हैं और साधारण से लेकर बेहद भव्य तक होती हैं। इसमें क्षेत्र, धर्म और आर्थिक पृष्ठभूमि की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

लाख करोड़ है भारतीय विवाह उद्योग का आकार, अमेरिका की तुलना में करीब दोगुना



भारत में एक शादी पर औसतन 12.50 लाख रुपये (15,000 डॉलर) खर्च होते हैं। यह रकम प्रति व्यक्ति या घरेलू आय का कई गुना है।

शादियों में होने वाले कुल खर्च में दुल्हन के आभूषणों की हिस्सेदारी आधे से अधिक होती है। लग्जरी सेगमेंट में दुल्हन के लहंगों में भारी जटिल काम शामिल होता है। कुछ मामलों में इन लहंगों का वजह 10 किलोग्राम तक भी हो सकता है। खर्चीली शादियों पर अंकुश लगाने के प्रयासों के बावजूद विदेशी स्थानों पर होने वाली आलीशान शादियां भारतीय वैभव को प्रदर्शित करती रहती हैं। जेफरीज ने कहा, भारत में शादियां भव्य होती हैं। इनमें कई तरह के समारोह और खर्च होते हैं। शादियों के सीजन में आभूषण समेत कई उद्योगों में बिक्री बढ़ जाती है। शादियों के सीजन में आभूषण और परिधान जैसी श्रेणियों में खपत बढ़ती है। अप्रत्यक्ष रूप से ऑटो और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को लाभ मिलता है।

# एनर्जी कंपनी ने ताबड़तोड़ बांटे लोन, 32 पर आया था आईपीओ, अब 250 तक जाएगा भाव!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वैसे तो एनर्जी सेक्टर की कंपनी भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (इरेडा) के शेयर बिकवाली मोड में थे लेकिन इसने अपने आईपीओ वाले निवेशकों को तगड़ा मुनाफा दिया है। अब कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज को जून तिमाही के अपने बिजनेस अपडेट के बारे में बताया है। इरेडा के मुताबिक जून तिमाही के दौरान सालाना आधार पर लोन सेंक्शन 9,136 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। एक साल पहले की इसी अवधि में यह आंकड़ा 1,893 करोड़ रुपये पर था। लोन डिस्बर्समेंट की बात करें तो 67.6 प्रतिशत बढ़ गया है। यह एक साल पहले के 3,174 करोड़ रुपये से 5,320 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है।

आपको बता दें कि इरेडा ने नवंबर 2023 में 32 शेयर के इश्यू प्राइस पर आईपीओ को लॉन्च किया था। लिस्टिंग के तीन महीने के भीतर इरेडा के शेयर ने 214 प्रति शेयर की रिकॉर्ड ऊंचाई को टच किया। इस साल अब तक यह शेयर लगभग 90 प्रतिशत बढ़ चुका है। बता दें कि शुक्रवार को इरेडा के शेयर 190.45 रुपये पर बंद हुए। एक दिन पहले के मुकाबले 1.47 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। शेयर



बाजार के एक्सपर्ट राजेश सातपुते का मानना है कि इरेडा के शेयर एक बार फिर से 215 के स्तर तक जा सकते हैं। सीएनबीसी आवाज के साथ बातचीत में सतपुते ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इरेडा 200 से 215 के बीच एक सीमा में रहेगा और अगले कुछ महीनों में 250 की ओर बढ़ जाएगा। सतपुते का आउटलुक प्रभुदास लीलाधर की वैशाली पारेख के समान है। इस साल 31 मई को पारेख ने कहा कि इरेडा के शेयर को 155 पर मजबूत समर्थन है और अगर यह 195 को पार कर जाता है तो 230 तक भाव जा सकता है। हाल ही में इरेडा ने बॉन्ड के जरिये 1,500 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इस बॉन्ड को 2.65 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। बॉन्ड का साइज 500 करोड़ रुपये का था जबकि अधिक सब्सक्रिप्शन आने पर 1,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त बोली रखने का विकल्प रखा गया था। यह फंड 10 साल और दो महीने की अवधि के लिए 7.44 प्रतिशत की वार्षिक ब्याज दर पर जुटाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में फुटपाथ से टकराकर पलटा वाहन, 7 लोगों की मौत व घायल



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के कराची में एक तेज रफ्तार वाहन के फुटपाथ से टकराकर पलट जाने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह दुर्घटना सिंध प्रांत में उस समय हुई जब एक ट्रेलर ने यू-टर्न लिया और पीछे से आ रहा कोस्टर (एक प्रकार का वाहन) उससे टकरा गया और पलट गया। पाकिस्तान के दैनिक समाचारपत्र डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने बताया कि ट्रेलर का चालक भाग गया, जबकि कोस्टर का चालक इस हादसे में घायल हो गया। समाचार पत्र द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक इस दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों सहित सात लोगों की मौत हो गई। आपातकालीन प्रतिक्रिया दल ने घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की। मृतकों के शवों को आगे की कानूनी प्रक्रियाओं के लिए सिविल अस्पताल कराची में स्थानांतरित कर दिया गया है। इस बीच, सिंध प्रांत के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है।

### नाइजीरिया में महिला आत्मघाती हमलावरों ने शादी समारोह व अंतिम संस्कार कार्यक्रम में किए अटैक, 18 लोगों की मौत



**अबुजा, एजेंसी।** उत्तरी नाइजीरिया में महिला आत्मघाती हमलावरों ने एक विवाह समारोह, अंतिम संस्कार कार्यक्रम और एक अस्पताल को निशाना बनाकर समन्वित हमले किए जिनमें कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य लोग घायल हो गए। स्थानीय प्राधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। बोर्नो राज्य में हुए इन हमलों की जिम्मेदारी अभी तक किसी ने नहीं ली है। यह राज्य बोको हराम के उग्रवाद से बुरी तरह प्रभावित हुआ है। चरमपंथी समूह आत्मघाती बम विस्फोटों में पहले भी महिलाओं और लड़कियों का इस्तेमाल कर चुका है जिससे यह संदेह पैदा होता है कि इनमें से कुछ हमलावर उन स्कूली बच्चों समेत हजारों लोगों में से हैं जिन्हें आतंकवादियों ने पिछले कुछ सालों में अगवा किया है। बोर्नो राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के महानिदेशक बार्किंडो सैदु ने संवाददाताओं को बताया कि एक आत्मघाती हमलावर ने उत्तरपूर्वी शहर ग्वोजा में एक विवाह समारोह के दौरान विस्फोट किया। सैदु ने कहा, कुछ ही मिनट बाद जनरल अस्पताल के पास एक और धमाका हुआ और अंतिम संस्कार के दौरान तीसरा हमला हुआ। उन्होंने बताया कि मृतकों में बच्चे और गर्भवती महिलाएं भी शामिल हैं। सैदु ने कहा कि कम से कम 30 अन्य घायल हुए हैं। नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला टीनुबू ने एक बयान में इन हमलों को आतंक की हताशाजनक हरकत बताया है। बोको हराम की एक शाखा इस्लामिक स्टेट समूह से संबद्ध है और यह नाइजीरिया में इस्लामिक राज्य स्थापित करना चाहता है। अधिकारियों ने शहर में कर्फ्यू लगा दिया है।

### कैंसर से लड़ाई के बीच किंग चार्ल्स की नई तस्वीर आई सामने, शाही सैन्य पोशाक में दिखे ब्रिटेन के राजा

**लंदन, एजेंसी।** कैंसर से जूझ रहे ब्रिटेन के किंग चार्ल्स की नई तस्वीर सामने आई है। ब्रिटेन के शाही परिवार ने यह तस्वीर जारी की है, जिसमें किंग चार्ल्स शाही सैन्य पोशाक में दिख रहे हैं। किंग चार्ल्स की यह तस्वीर सशस्त्र सेना दिवस के मौके पर जारी की गई है। तस्वीर में राजा को फील्ड मार्शल की आधिकारिक पोशाक में बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं, जिसमें किंग चार्ल्स के पदक, तलवार भी दिख रही है। किंग चार्ल्स की इस तस्वीर का विमोचन रानी कैमिला ने सशस्त्र बलों के सदस्यों को श्रद्धांजलि देते हुए किया। इस दौरान अपने वीडियो संदेश में रानी कैमिला ने सशस्त्र बलों को प्रेरणा, आश्वासन और गर्व स्त्रोत बताया। जून के अंतिम शनिवार को मनाए जाने वाले सशस्त्र सेना दिवस के अवसर पर सैन्य कर्मियों और सैन्य कर्मियों के परिवारों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की जाती है। 2000 के दशक से सशस्त्र सेना दिवस मनाया जा रहा है। किंग चार्ल्स की जिस तस्वीर को जारी किया गया, उसे ह्यूगो बर्नांड द्वारा खींची गई। ह्यूगो बर्नांड शाही परिवार की तस्वीरें लेने के लिए जाने जाते हैं। किंग चार्ल्स ब्रिटेन की सेना में फील्ड मार्शल है, जो कि ब्रिटिश सेना की सबसे ऊंची रैंक मानी जाती है।

### ब्रिटेन में एक महिला जेल अधिकारी पर लगा दुराचार का आरोप

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में एक वीडियो वायरल होने के बाद एक महिला जेल अधिकारी पर दुराचार का आरोप लगाया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में महिला जेल अधिकारी को एचएमपी वैंड्सवर्थ में एक कैदी के साथ यौन संबंध बनाते हुए देखा गया। महिला जेल अधिकारी की पहचान 30 वर्षीय लिंडा डी सूसा अब्रू के तौर पर की गई है। उसे आज उक्सब्रिज मजिस्ट्रेट कोर्ट के समक्ष पेश किया जाएगा। इस वीडियो में आरोपी को यौन संबंध बनाने से पहले पूरी वर्दी में देखा गया था।

# रूस ने यूक्रेन से जंग में उतार दीं मोटरसाइकिलें, नाटो भी रह गया हैरान

**मास्को, एजेंसी।** करीब ढ़ाई साल से ज्यादा समय से चल रहा रूस-यूक्रेन युद्ध अब एक नए रूप में पहुंच गया है। यूक्रेन द्वारा पूर्वी यूक्रेन में लगातार रूसी सैनिकों को ड्रोन और रॉकेटों के जरिए निशाना बनाया जा रहा था। जिसके कारण रूस को सैनिकों और बख्तरबंद वाहनों के रूप में काफी नुकसान का सामना करना पड़ रहा था। अब रूसी सेना ने खुले मैदानों में हमला करने के लिए एक नई तकनीकि का इजाद कर लिया है। यूक्रेनी सेना के लेफ्टिनेंट मिखाइलो होबित्सकी ने एक हमले का जिक्र करते हुए बताया , पहले तो एकदम से धूल का गुबार उठा और फिर उसमें से मोटरसाईकिलों पर सवार रूसी सैनिक तेज रफ्तार में धूल उड़ाते, शोर करते सामने आए और चारों तरफ फैल कर उन्होंने यूक्रेनी मोर्चे को चारों तरफ से घेर लिया और गोलीबारी शुरू कर दी। मिखाइलो ने कहा कि इस तरह के हमले पहले से ही खतरनाक हो चुकी लड़ाई को और भी ज्यादा खतरनाक और उग्र बना दिया है।

न्यूयॉर्क टाइम्स में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा कि पिछले महीनों में जितने भी हमले यूक्रेनी सैनिकों या मोर्चों पर हुए हैं उन में इन मोटरसाइकिल, बग्गी वाली गाड़ी के हमलें सबसे ज्यादा घातक रहे हैं, क्योंकि यह रूसी सैनिकों को लगातार तेजी के साथ खुले





मैदान में चलने के लिए मदद करते हैं और उनके जिग-जैग तरीके से चलने के कारण ड्रोन या फिर किसी और तरह का हमला करना मुश्किल होता है। जबकि इसके मुकाबले बख्तरबंद गाड़ियों पर हमला करना आसान होता है क्योंकि वे तेजी से नहीं निकल सकती और एक सीधी दिशा में गति करती हैं। रिपोर्ट के अनुसार यूक्रेनी सेना के तोपखाने के कमांडर कैप्टन यारोस्लाव ने कहा, हम हर मीटर पर युद्ध लड़ रहे हैं, हम पिछले महीने रूस की सीमा में रॉकेट दाग रहे थे। रूस की सेना एक आक्रमक सेना है और जैसे-जैसे युद्ध आगे बढ़ रहा है इसके लाभ में भी वृद्धि हुई है। रूसी सेना की सबसे बड़ी मजबूती यह है कि वह पूर्वी यूक्रेन के डोनबास क्षेत्र में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण आपूर्ति लाइनों और कस्बों के करीब है, जिससे उसे आपूर्ति की कोई कमी नहीं है। रूस ने मई 2023 में बखमुत शहर पर कब्जा कर लिया था, तब से वह एक साल में तीन मील तक आगे बढ़ गया है, रूस अब चासिव नहर के पास रूका हुआ है और यहां पर भी लगातार हमले कर रहा है। एक यूक्रेनी अधिकारी ने बताया कि रूसी सेना की तरफ से तेजी के साथ बमबारी की जाती है।

### दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के सैन्य अभ्यास के जवाब में उत्तर कोरिया ने दागे दो बैलिस्टिक मिसाइल

**सोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा है कि उत्तर कोरिया ने सोमवार को पूर्व की दिशा में दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। कहा गया है कि दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के संयुक्त सैन्य अभ्यास के जवाब में ये कार्रवाई की गई है। दक्षिण कोरिया के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने कहा कि दक्षिण ह्वांगहे प्रांत के जंगयोन क्षेत्र से सोमवार सुबह करीब 5:05 बजे उत्तर-पूर्वी दिशा में एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई। इसके तुरंत बाद सुबह करीब 5:15 बजे एक और बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई। पहली मिसाइल छोटी दूरी क्र थी। योनहाप समाचार एजेंसी ने इस बारे में और जानकारी नहीं दी कि मिसाइलें कितनी दूर तक गई। जेसीएस ने मीडिया को बताया, हमारी सेना उत्तर कोरियाई बैलिस्टिक मिसाइल डेटा को अमेरिका और जापानी अधिकारियों के साथ साझा करेगी, हम स्थिति पर नजर बनाये हुए हैं। इससे पहले रविवार को उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के सैन्य अभ्यास की निंदा करते हुए कहा था कि देश इसके खिलाफ आक्रामक और भारी जवाबी कार्रवाई करेगा।

## पड़ोसी देश के गाने सुन रहा था, किम जोंग उन ने सरेआम दे दी मौत की सजा



**प्योंगयांग, एजेंसी।** उत्तर कोरिया का तानाशाह अपने अजीब और क्रूर फैसलों के लिए जाना जाता है। अब यहां एक 22 साल के युवक को सरेआम मौत के घाट उतार दिया गया। उसका गुनाह सिर्फ यह था कि वह पड़ोसी देश साउथ कोरिया के गाने सुन रहा था। उसपर आरोप था कि उसने के-पॉप संगीत और फिल्में देखकर उत्तर कोरिया के कानून को तोड़ा है। द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण ह्वांगी प्रांत के रहने वाले शख्स को दक्षिण कोरिया के 70 गाने सुनने और तीन फिल्में देखने का गुनहगार बताया गया और उसको मौत की सजा दे दी गई। उत्तर कोरिया में रियक्शनरी आइडियोलॉजी ऐंड कल्चर कानून 2020 के तहत यह अपराध है। पूर्व शासक किम जोंग इल के शासनकाल में ही दक्षिण कोरियाई संगीत पर बैन लगाया गया था। वहीं कि जोंग उन के शासन में कानून और कठोर कर दिए गए। के-पॉप और के-ड्रांमा दक्षिण कोरियाई फिल्मों और संगीत का एक रूप हैं जिन्हें दुनियाभर में पसंद किया जाता है। रिपोर्ट में उत्तर कोरिया के ही लोगों को कोट किया गया। एक शख्स ने कहा, आखिर हम ऐसा जीवन क्यों जी रहे हैं। उत्तर कोरिया में जीने से अच्छा तो मर जाना है। जानकारी के मुताबिक उत्तर कोरिया में अधिकारी अकसर किसी का भी फोन चेक करते हैं और पता करते हैं उसमें किस तरह का संगीत है। रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर कोरिया में दुल्हनों का सफेद ड्रेस पहनना, दूल्हे का दुल्हन का साथ ले जाना, धूप का चश्मा लगाना या फिर शराब पीने के लिए कांच का गिलास इस्तेमाल करना भी अपराध है और इसके लिए कड़ी सजा दी जाती है।

## फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैंक्रों की पार्टी की हार की संभावना, मरीन ले पेन ने बड़ी बढ़त बनाई

**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस के ससंदीय चुनाव के पहले दौर में फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रों की पार्टी पीछे हो गई है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक मरीन ले पेन की दक्षिणपंथी नेशनल रैली (आरएन) पार्टी ने बढ़त बना ली है। जिसके कारण मैंक्रों की पार्टी तीसरे स्थान पर खिसक गई है। आरएन के नेतृत्व वाले दक्षिणपंती गठबंधन को 34 फीसदी वोट आईपीएसओएस के शुरुआती अनुमानों के मुताबिक नेशनल रैली (आरएन) के नेतृत्व वाला धुर दक्षिणपंथी गठबंधन 34 फीसदी वोट के साथ पहले स्थान पर है, जबकि वामपंथी गठबंधन 28.1 फीसदी वोट के साथ दूसरे स्थान पर है, वहीं मैंक्रों की पार्टी 20.3 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर चल रही है। एग्जिट पोल में किसी को भी बहुमत नहीं सीएनएन रिपोर्ट के मुताबिक एग्जिट पोल में अगले रविवार को दूसरे दौर के मतदान के बाद 577 सीटों वाली नेशनल असेंबली में आरएन 230 से 280 सीटें जीत सकती है, जो कि पूर्ण बहुमत के लिए जरूरी 289 सीटों से कम है। वहीं वामपंथी गठबंधन न्यू पॉपुलर फ्रंट (एनएफपी) को 125 से 165 सीटों का अनुमान, जबकि मैंक्रों के एन्सेम्बल और उसके सहयोगी 70 से 100 सीटें जीत सकते हैं। इस महीने की शुरुआत में छह जून को यूरोपीय संसद के लिए चुनाव हुए थे।

# रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का आरोप- सीमा पर आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहा अफगान तालिबान

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने रविवार को अफगानिस्तान में तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि बार-बार अनुरोध के बावजूद तालिबान सरकार पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है। बीबीसी उर्दू के साथ एक इंटरव्यू में आसिफ ने कहा, पाकिस्तान ने आतंकवादियों को पश्चिमी सीमा की ओर भेजने के लिए 10 अरब रुपये देने की पेशकश की थी और अफगान सरकार से सहयोग की उम्मीद की थी। लेकिन अफगान सरकार आतंकवादियो के खिलाफ कार्रवाई करने को तैयार नहीं थी। पाकिस्तान ने बार-बार अफगानिस्तान की सरकार से कहा है कि वह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और अन्य आतंकवादी समूहों को अपनी धरती का इस्तेमाल न करने दे। हालांकि, काबुल भी बार-बार इस दावे को खारिज करता रहा है कि पाकिस्तान के खिलाफ उसकी जमीन का इस्तेमाल हो रहा है। आसिफ ने कहा कि सरकार ने पश्चिमी सीमा क्षेत्रों में आतंकवादियों को स्थानांतरित करने के लिए 10 अरब रुपये की पेशकश की थी। लेकिन उसे डर था कि आतंकवादी वहां से भी पाकिस्तानी की सीमा में लौट सकते हैं। पिछले हफ्ते वॉयस ऑफ अमेरिका को दिए इंटरव्य में आसिफ ने कहा था कि सैन्य अभियान अज्म-ए-इस्तेकाम के तहत पाकिस्तान सीमा पार अफगानिस्तान में आतंकवादी



ठिकानों को निशाना बना सकता है। उन्होंने टीटीपी के साथ बातचीत की संभावना को भी खारिज कर दिया था। इस साल मार्च में पाकिस्तानी वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने अफगानिस्तान के अंदर खोस्त और पक्तिका के सीमावर्ती क्षेत्रों में आतंकवादियों के खिलाफ हवाई हमले किए थे।

इन हवाई हमलों के तुरंत बाद आसिफ ने कहा था कि पाकिस्तान अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को बताना चाहता है कि हम पाकिस्तान में इस तरह के आतंकवादी हमलों जारी नहीं रहने दे सकते। इस्लामाबाद ने यह कार्रवाई तब की थी जब पाकिस्तानी बलों पर एक घातक आतंकी हमला हुआ। इस हमले में एक लेफ्टिनेंट कर्नल और एक कैप्टन सहित सात सैनिक मारे गए। अगस्त 2021 में अमेरिका के जाने के बाद तालिबान ने अफगानिस्तान में सरकार बना ली। इसके बाद से पाकिस्तान में आतंकवाद की घटनाओं में भारी बढ़ोतरी हुई। इससे इस्लामाबाद की उम्मीदें टूट गईं कि अफगानिस्तान में दोस्ताना सरकार आतंकवाद से निपटने में उसकी मदद करेगी। एक थिंक टैंक सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज की सालाना रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान में 2023 में 789 आतंकवादी हमले हुए। आतंकवाद रोधी अभियानों में 1524 लोगों की मौत हुई। जबकि 1463 लोग घायल हुए।

## नेपाल में मुस्लिमों ने हिन्दुओं के गांव का नाम बदल कर रख दिया 'इस्लाम नगर', हिंदू युवकों को भी पीटा

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के रौतहट जिले में साम्प्रदायिक तनाव की घटना सामने आई है। यहां एक सप्ताह पहले मुस्लिमों ने एक गांव का नाम इस्लाम नगर रखकर इससे बोर्ड लगवा दिया। हिन्दुओं को इसका पता चला तो वे भड़क गए और इस बोर्ड को उखाड़ फेंका। इसके बाद मुस्लिमों ने हिन्दू समुदाय के कुछ युवाओं की पिटाई कर दी। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घटना 23 जून की बताई जा रही है। मामला रौतहट जिले के गरुडा नगरपालिका वॉर्ड नंबर 6 का है। यहाँ के गाँव पोठियाही में सप्ताह भर पहले मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक चौराहे पर इस्लाम नगर का बोर्ड लगा दिया। यह बोर्ड बाकायदा हरे रंग में रंगा गया था। बोर्ड के ऊपर अरबी और उर्दू भाषा में कई शब्द लिख दिए गए थे। बोर्ड के ऊपर दोनों तरफ इस्लामी इबादतगाहों की तस्वीरें भी छाप दी गई थीं। यहाँ पर खड़े होकर एक मुस्लिम बुजुर्ग ने एक सेल्फी भी ली थी, बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। कहा जा रहा है कि स्थानीय मुस्लिम इस जगह को अपनी तरफ से इस्लाम नगर कह कर बुलाने भी लगे थे। घटना के दिन मौके





पर पहुँचकर मुस्लिमों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। हिंदू पक्ष ने नेपाल प्रशासन पर मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाया है। नेपाल के संगठन 'हिन्दू सम्राट सेना' के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश यादव ने बताया कि पोठियाही गाँव में मुस्लिमों के महज 10 घर हैं, जो कि गाँव की कुल आबादी का महज 4% है। इसके बावजूद इन्होंने पूरे पोठियाही गाँव के नाम को बदलने की साजिश रच डाली । 23 जून को हिन्दू सम्राट सेना के सदस्यों ने स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर इस्लाम नगर वाले इस बोर्ड को उखाड़ दिया। उन्होंने कहा कि उस दौरान मुस्लिम पक्ष के लोग खामोश रहे, लेकिन अंदर ही अंदर वो हिंसा फैलाने की साजिश रच रहे थे। 25 जून की रात को तीन हिन्दू युवक चौराहे से गुजर रहे थे। इस दौरान उनको लगभग एक दर्जन मुस्लिमों ने घेर लिया और उन पर इस्लाम नगर वाला बोर्ड उखाड़ने का आरोप लगाकर पहले गंदी-गंदी गालियाँ दी गईं और बाद में उनकी पिटाई कर दी । इस हमले में हिंदू समुदाय के युवक बुरी तरह घायल हो गए। हिंसक भीड़ को चाँद दीवान, रफीक, सिराजुल और मंजूर आदि लोग लीड कर रहे थे। इस हमले की जानकारी मिलते ही आसपास के हिन्दू नाराज हो गए। हिन्दुओं ने एकजुट होकर इस हमले का विरोध किया। इस बीच मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर प्रशासनिक अधिकारी पहुँच गए। हिंदू पक्ष का आरोप है कि पुलिस ने हमला करने वाले मुस्लिमों पर कोई कार्रवाई नहीं की। इतना ही नहीं, उन मुस्लिम परिवारों को ही पुलिस ने बजाय सुरक्षा दे दी, जिन्होंने हमला किया था। नेपाल प्रशासन इस घटना को आपसी विवाद बताकर मामले पर पर्दा डालने की कोशिश कर रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले में कोई साम्प्रदायिक एंगल नहीं है।

## चीन का मृत सागर बना दुनिया के लिए अजूबा

**बीजिंग, एजेंसी।** युंचेंग साल्ट लेक एक बहुरंगी नज़ारा है। ये रंग बढ़ते तापमान के कारण होते हैं, जिससे शैवाल की वृद्धि होती है, जो जीवंत रंगों की मनमोहक श्रृंखला का निर्माण करते हैं। चीन वर्तमान में अपने सांस्कृतिक महत्व के कारण यूनेस्को का दर्जा हासिल करने की कोशिश कर रहा है। युंचेंग साल्ट लेक चीन के शांक्सी प्रांत के जिनान बेसिन में स्थित है, जो 132 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है, जिसका इतिहास 4000 से अधिक वर्षों का है। मध्य पूर्व में मृत सागर के समान नमक की मात्रा के साथ, लोग इसके पानी में नहीं डूबेंगे। इसलिए इसे चीन का मृत सागर के रूप में जाना जाता है।

साल्ट लेक दक्षिण में हरे-भरे और ऊंचे झोंगटियाओ पर्वत, उत्तर में एमी मिंगटियाओ पहाड़ी, पूर्व में सुशुई याओताई और पश्चिम में प्राचीन पीली नदी क्रॉसिंग से घिरा हुआ है। हजारों हेक्टेयर में फैली यह झील बहुत बड़ी है, जो रीड वेटलैंड्स से घिरी हुई है और जलपक्षियों और प्रवासी पक्षियों के झुंडों के लिए आवास का काम करती है। चीन का मृत सागर युंचेंग साल्ट लेक दर्शनीय क्षेत्र साल्ट लेक के मध्य क्षेत्र में स्थित है। यह एक राष्ट्रीय 4 दर्शनीय क्षेत्र है, जो संस्कृति, पारिस्थितिकी, हरियाली और स्वास्थ्य संरक्षण को एकीकृत करता है। अद्वितीय संसाधनों पर भरोसा करते हुए, दर्शनीय स्थल मृत सागर में तैरना, काली मिट्टी स्वास्थ्य संरक्षण, गर्म पानी के झरने, खनिज नमक फिजियोथेरेपी और फेफड़ों की सफाई के लिए नमक धुंध की विशेषता वाली एक पर्यटन परियोजना बनाने का प्रयास करता है। आधुनिक स्वास्थ्य



संरक्षण की नई अवधारणा के संयोजन में, दर्शनीय स्थल ने चीन में काली मिट्टी के सौंदर्य प्रसाधनों की एकमात्र श्रृंखला का शोध और विकास किया है, साथ ही मृत सागर नमक नक्काशी, खनिज नमक फिजियोथेरेपी बैग के विशिष्ट पर्यटन स्मृति चिन्ह भी हैं, जिनमें उच्च सजावटी मूल्य और स्वास्थ्य संरक्षण कार्य दोनों हैं। चीन के मृत सागर में स्थित युनचेंग साल्ट लेक, चीनी नमक संस्कृति को जानने-समझने की एक जगह है, यह अवकाश और छुट्टी मनाने के लिए एक अच्छी जगह है, स्वास्थ्य और स्वास्थ्य लाभ के लिए धरती पर एक स्वर्ग है, और एक आदर्श जीवन का अनुभव करने के लिए एक पर्यटक स्थल है। मेडिकल स्पा थेरेपी साल्ट लेक की गहरी परत से 2121 मीटर की गहराई में भूतापीय खनिज पानी से बनाई जाती है। यह गर्म पानी के झरने और नमकीन पानी के स्वास्थ्य देखभाल के सार को जोड़ती है। मृत सागर में नियमित रूप से गर्म पानी के झरने का स्पा उच्च रक्तचाप, हाइपरलिपिडिमिया और अन्य जिद्दी बीमारियों से राहत दिलाने में मदद कर सकता है।

# भारतीय मूल के डॉ. संपत फिर चुने गए रिपब्लिकन पार्टी के प्रतिनिधि, राष्ट्रपति चुनाव में होगी अहम भूमिका

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में भारतीय मूल के डॉ. संपत शिवांगी को एक बार फिर रिपब्लिकन पार्टी का प्रतिनिधि चुना गया है। उन्हें जुलाई में मिल्वौकी में होने वाले रिपब्लिकन नेशनल कन्वेन्शन के लिए के लिए प्रतिनिधि के रूप में चुना गया है। बता दें कि इस सम्मेलन में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए औपचारिक रूप से नामित किया जाएगा।

**जुलाई में इस दिन होगा आरएनसी :** 78 वर्षीय ट्रंप राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी की ओर से मैदान में हैं। भारतीय मूल के अमेरिकी समुदाय के प्रभावशाली नेता डॉ. शिवांगी को छठी बार सम्मेलन में राष्ट्रीय प्रतिनिधि चुना गया है। उन्होंने कहा, खबर साझा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। यह मेरे लिए सम्मान की बात है कि मुझे 13 जुलाई से 19 जुलाई तक मिल्वौकी में होने वाले आगामी रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में एक आधिकारिक प्रतिनिधि के रूप में चुना गया है।

विस्कोन्सिन के मिल्वौकी में चार दिवसीय रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन (आरएनसी) पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप को पार्टी का उम्मीदवार घोषित करेगा। नामांकन प्रक्रिया देश भर से रिपब्लिकन प्रतिनिधियों द्वारा पूरी की जाएगी। बता दें, रिपब्लिकन पार्टी की आजीवन सदस्य और रिपब्लिकन इंडियन काउंसिल व रिपब्लिकन इंडियन नेशनल काउंसिल की संस्थापक सदस्य डॉ. शिवांगी को लगातार छह बार आरएनसी प्रतिनिधि के रूप में चुना गया है। उन्होंने कहा, यह छठी बार होगा जब मैं रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में राष्ट्रीय प्रतिनिधि के रूप में काम करूंगा, ताकि राष्ट्रपति



चुनाव लड़ने के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार को नामित कर सकूं।

**इससे पहले भी चुने गए रिपब्लिकन के प्रतिनिधि :** भारतीय-अमेरिकी डॉ. संपत को पहली बार 2004 में न्यूयॉर्क शहर में रिपब्लिकन सम्मेलन में एक प्रतिनिधि के रूप में राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश को नामित करने के लिए चुना गया था। 2008 में, उन्हें जॉन मैककेन और 2012 में टाम्पा में मिट रोमनी को नामित करने के लिए मिनियापोलिस में एक रिपब्लिकन प्रतिनिधि के रूप में चुना गया था। अब फिर से मिल्वौकी में 2024 में डोनाल्ड ट्रंप को नामित करने के लिए उन्हें चुना गया है। उन्होंने कहा, ट्रंप को दोबारा नामित करने और अगले चार वर्ष के लिए दोबारा निर्वाचित करने के लिहाज से इस ऐतिहासिक सम्मेलन का हिस्सा बनना बेहद सम्मान की बात है। मुझे लगता है कि यह एक भारतीय अमेरिकी के लिए राष्ट्रीय स्तर पर समुदाय का प्रतिनिधित्व करने का एक अनूठा अवसर है। बता दें, डॉ. संपत शिवांगी इंडियन अमेरिकन फोरम फॉर पॉलिटिकल एजुकेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, जो सबसे पुराने भारतीय अमेरिकी संघों में से एक है। पिछले तीन दशकों में उन्होंने अमेरिकी सीनेटरों और सांसदों के साथ अपने व्यापक संपर्कों के माध्यम से भारत की ओर से अमेरिकी सदन में कई विधेयकों के लिए आवाज उठाई है।

# अपना सिर ऊंचा रखें

## एबी डिविलियर्स ने बढ़ाया दक्षिण अफ्रीकी टीम का हौसला



**जोहान्सबर्ग, एजेंसी।** आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 में भारत के खिलाफ हार के बाद दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने रविवार को सोशल मीडिया पर प्रोटियाज टीम को सांत्वना दी। अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या की तिकड़ी की बेहतरीन गेंदबाजी और विराट कोहली और अक्षर पटेल की शानदार पारियों ने विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 7 रन से हराकर आईसीसी ट्रॉफी का सूखा खत्म किया। प्रोटियाज टीम को एक बार फिर आईसीसी खिताब जीतने में निराशा हुई है। इस बीच, भारत ने 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अपना पहला आईसीसी खिताब जीतकर अपने 11 साल लंबे आईसीसी ट्रॉफी सूखे को समाप्त कर दिया है। भारत पहली टीम है जिसने खिताब पर अविजित कब्जा किया है।

# आईपीएल को भी बाय-बाय कहेंगे रोहित शर्मा?

## टी-20 फॉर्मेट से संन्यास के बाद तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली।** चैम्पियनन बनने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए रोहित से आईपीएल में उनके भविष्य के बारे में पूछा गया. इस पर उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि वह फिलहाल आईपीएल में अभी खेलना जारी रखेंगे. रोहित ने मीडिया से बात करते हुए कहा– मैंने इस समय टी–20 से संन्यास लेने के बारे में नहीं सोचा था, लेकिन जिस तरह की स्थिति आ गई है, मुझे लगा कि मेरे लिए टी–20 को अलविदा कहने के लिए यह बिल्कुल सही सिचुएशन है और हां, मैं 100 फीसदी आईपीएल खेलूंगा.

रोहित शर्मा ने भारत को 2024 का टी20 वर्ल्ड कप खिताब दिलाने के बाद टी20 क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान किया था. रोहित से पहले मैच के तुरंत बाद विराट कोहली ने संन्यास लिया था, बाद में इस फॉर्मेट से संन्यास लेने वालों की लिस्ट में रवींद्र जडेजा भी शामिल हुए थे. 2007 में टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने वाले



रोहित को अब तक आयोजित हर टी20 वर्ल्ड कप में खेलने वाले एकमात्र भारतीय क्रिकेटर होने का अनूठा गौरव प्राप्त है. रोहित ने हाल में हुए टी20 वर्ल्ड कप के 8 मैचों में 257 रन बनाए, जो भारतीय खिलाड़ी के लिहाज से सबसे ज्यादा रहे.

रोहित कप्तानी से हटे तो पंड्या हुए ट्रोल

रोहित शर्मा आईपीएल में 5 बार मुंबई इंडियंस को चैम्पियन बना चुके हैं. इस बार यानी आईपीएल 2024 में रोहित हार्दिक पंड्या के अंडर खेलते हुए नजर आए थे. जिसके बाद हार्दिक को सोशल मीडिया से लेकर मैदान तक काफी आलोचना झेलनी पड़ी थी. मुंबई का प्रदर्शन भी हार्दिक की कप्तानी में फुस्स था.

आईपीएल 2025 की मेगा–नीलामी के करीब आते ही मुंबई इंडियंस के साथ रोहित का भविष्य अनिश्चित है. यह आईपीएल 2024 के लिए नेतृत्व में बदलाव के बाद हुआ है. स्ध्ढ ने गुजरात टाइटन्स से हार्दिक पंड्या को खरीदकर और रोहित की जगह उन्हें कप्तानी दी तो फैन्स चौंक गए.

## खिलाड़ियों की रवानगी से पहले विदाई समारोह में मांडविया बोले-

# भारत की पदक तालिका में होगा सुधार

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय दल में करीब 120 एथलीट शामिल हैं, जिनमें भाला फेंक में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा, 16 सदस्यीय पुरुष हॉकी टीम और रिकॉर्ड 21 निशानेबाज शामिल हैं। पेरिस ओलंपिक की शुरुआत 26 जुलाई से होगी। इससे पहले रविवार को पेरिस जाने वाले एथलीटों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने आगामी टूर्नामेंट में भारतीय दल द्वारा नया मानदंड स्थापित करने की उम्मीद जताई गई। इस बात पर जोर दिया गया कि हाल के वर्षों में सरकार के लिए खेल प्राथमिकता रहे हैं। इस विदाई समारोह में एथलीटों, भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में खेलों से पहले एथलीटों के समर्थन में सरकार की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के बारे में बताया गया।

मांडविया ने पेरिस जाने वाले एथलीटों की औपचारिक विदाई और किट के अनावरण के दौरान कहा, मुझे विश्वास है कि यह दल खेलों में भारत के




विकास को बनाए रखेगा। हमने 2016 रियो में दो पदकों से बढ़कर तोक्यो में सात पदक हासिल किए। नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक से भारत तालिका में 67वें से 48वें (स्थान) पर पहुंच गया। मुझे उम्मीद है कि हमारे एथलीट हमें इस बार पदक तालिका में और भी ऊपर ले जाएंगे। पेरिस जाने वाले भारतीय दल की तीन किट (औपचारिक पोशाक, खेल पोशाक, और यात्रा पोशाक) का अनावरण किया गया। मांडविया ने आगे कहा, यह कार्यक्रम सिर्फ किट और औपचारिक पोशाक के अनावरण के बारे में नहीं है, बल्कि उन अरबों भारतीयों के सपनों और आकांक्षाओं का प्रतीक है जो एथलीटों के पीछे एकजुट हैं। आईओए प्रमुख उषा ने कहा कि पेरिस में एथलीटों को सर्वश्रेष्ठ सहायता प्रणाली प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा, हमने डॉ. दिनशॉ पारदीवाला के नेतृत्व में एक मजबूत टीम इकट्ठी की है। इसमें खेल चिकित्सा विशेषज्ञ, कल्याण विशेषज्ञ, पोषण विशेषज्ञ, फिजियोथेरेपिस्ट और एक नींद वैज्ञानिक शामिल हैं। भारतीय दल में करीब 120 एथलीट शामिल हैं, जिनमें भाला फेंक में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा, 16 सदस्यीय पुरुष हॉकी टीम और रिकॉर्ड 21 निशानेबाज शामिल हैं। उषा ने आगे कहा, पहली बार, आईओए एथलीटों और कोचिंग और सहयोगी स्टाफ को भागीदारी भत्ता भी देगा। मुझे विश्वास है कि भारत किसी भी ओलंपिक के मुकाबले पेरिस में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ वापस आएगा।

# टी-20 विश्व कप का खिताब जीतने के पीछे देश की दुआएं और अपनों का प्यार: शमी

**अमरोहा, एजेंसी।** भारत के आईसीसी टी20 विश्व कप जीतने के बाद से देश में खुशी का माहौल है। टीम इंडिया को जीत की बधाई देते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर एवं तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने इसे अभूतपूर्व क्षण बताया है। उन्होंने टीम इंडिया और देशवासियों को जीत की बधाई देते हुए कहा कि 13 साल के इंतजार के बाद भारतीय टीम ने विश्वकप का कोई खिताब अपने नाम किया है। यह सब देश की दुआओं और टीम की मेहनत से हुआ है। यह टीम इंडिया के लिए अभूतपूर्व क्षण है। एक समय ऐसा



लगा था कि भारतीय टीम के हाथ से टॉफी फिसल जाएगी। लेकिन इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने न केवल मैच में वापसी की बल्कि टी–20 का विश्व चैंपियन भी बने। उन्होंने कहा कि क्रिकेट के किसी भी फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा एक खिलाड़ी के लिए बहुत भावुक पल होता है। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा ने टी–20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। सभी खिलाड़ियों ने क्रिकेट और देश के लिए बड़ा योगदान दिया है। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा, पीएम मोदी चुनाव में अमरोहा आए थे। उन्होंने मेरा नाम लिया, यह मेरे और मेरे गांव के लिए बड़ी बात है। दरअसल मोहम्मद शमी अमरोहा के गांव सहसपुर अलीनगर के रहने वाले हैं। टीम इंडिया की जीत के बाद उनके गांव में भी खुशी का माहौल है।

# दिनेश कार्तिक की आईपीएल में वापसी

## संन्यास लेने के 30 दिन बाद मिली बड़ी जिम्मेदारी...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुने अपना बैटिंग कोच और मेंटर नियुक्त किया है। इस बारे में एक सोशल मीडिया पोस्ट में आरसीबी की ओर से जानकारी दी गई। कार्तिक ने क्रिकेट के हर फॉर्मेट के साथ इंड?यन प्रीम?यर लीग से संन्यास लेने का आध?कारिक ऐलान इसी साल 1 जून को किया था। आरसीबी ने अपने पोस्ट में ल?खा, हमारे कीपर का हर मायने में स्वागत है, दिनेश कार्तिक, एक नए अवतार में आरसीबी में वापस। छ्य आरसीबी मेंस टीम के बैटिंग कोच और मेंटर होंगे। आप क्रिकेट से इस शख्स निकाल सकते हैं, लेकिन शख्स से क्रिकेट को नहीं। उन्हें ढेर सारा प्यार दें, 12वें मैन आर्मी।

### करियर में 2 आईसीसी ट्रॉफी जीती

दिनेश कार्तिक भारत के साथ 2 आईसीसी ट्रॉफी जीत चुके है। इसमें 2007 टी-20 वर्ल्ड कप और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी शामिल है। कार्तिक ने भारत के लिए 26 टेस्ट, 94 वनडे और 60 टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले हैं। कार्तिक ने आईसीसी ट्रॉफी के साथ ही साल 2010 और 2018 में भारत के साथ एशिया कप भी जीता है।

कार्तिक ने साल 2022 में भारत के लिए बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप में अपना आखिरी इंटरनेशनल मुकाबला खेला था।

**कार्तिक ने एक आईपीएल ट्रॉफी जीती–** कार्तिक अब तक सभी आईपीएल सीजन खेलने वाले कुछ खिलाड़ियों में शामिल है। उन्होंने इस लीग में 257 मैच खेले और 26.32 की औसत से 4,842 रन बनाए। कार्तिक ने आरसीबी के अलावा



कोलकाता नाइट राइडर्स, मुंबई इंडियंस, दिल्ली डेयरडेविल्स, गुजरात लायंस और किंग्स इलेवन पंजाब के लिए भी खेला।? उन्होंने इकलौती आईपीएल ट्रॉफी साल 2013 में मुंबई इंडियंस में रहते जीती थी।

**दिनेश कार्तिक ने बर्थडे पर संन्यास का ऐलान किया–** कार्तिक इसी साल 1 जून को ही 39 साल के हुए हैं, इस मौके पर उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए रिटायरमेंट अनाउंस किया।

# जो हो गया उसे छोड़ो, गलतियों से सीखो

- मजबूत होकर वापसी करो- सिंधु का ओलंपिक मंत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक में अब एक महीने से भी कम समय रह गया है, इसलिए उम्मीदें अपने चरम पर हैं और प्रशंसकों को उम्मीद है कि दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु इस चतुष्कोणीय ओलंपिक में पदकों की हैट्रिक पूरी करेंगी। लेकिन, सिंधु की पेरिस यात्रा कठिन रही है क्योंकि चोट के कारण लंबी छुट्टी से वापस आने के बाद वह पिछले साल कोई भी खिताब जीतने में असफल रहीं। इस बीच, उन्होंने अपने दक्षिण कोरियाई कोच पार्क ताए–सांग से नाता तोड़ लिया और मलेशिया के हाफ़िज़ हाशिम को नियुक्त किया, लेकिन वांछित परिणाम प्राप्त करने में विफल रहने के कारण छह महीने बाद ही वह अलग हो गईं। निराशाजनक नतीजों की श्रृंखला के कारण सिंधु विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 से भी बाहर हो गईं। उन्होंने धीरे–धीरे गति पकड़ी और रेस टू पेरिस रैंकिंग सूची में 12वें स्थान पर रहने के बाद लगातार तीसरे



ओलंपिक के लिए स्थान पक्का कर लिया।

पेरिस गेम्स के लिए टिकट हासिल करने के बाद, सिंधु ने लगभग एक साल में अपना पहला फाइनल खेला जब वह पिछले महीने मलेशिया मास्टर्स के शिखर मुकाबले में पहुंची जहां वह चीन की वांग झी यी से खिताब हार गईं। भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा एक मीडिया बातचीत में, जब सिंधु से पूछा गया कि जब वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर नहीं थीं, तब उन्होंने उस चुनौतीपूर्ण चरण का सामना कैसे किया, तो उन्होंने कहा कि गलतियों से सीखना, जो हुआ उसे छोड़ना और मजबूत होकर वापस आना卐 महत्वपूर्ण है।

देखिए, आप जानते हैं, मुझे लगता है कि ऐसे मैच होते हैं जहां कभी–कभी आप आगे रह सकते हैं और कभी–कभी आप हार भी सकते हैं। मलेशियाई मास्टर्स में मेरे साथ ऐसा हुआ था। ऐसा नहीं है कि मैं अच्छी स्थिति में नहीं थी, लेकिन मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ खेला और कभी–कभी आप नेतृत्व कर रहे होते हैं और ऐसा होता है और यह ठीक है, मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है। सिंधु ने एक सवाल के जवाब में कहा, मेरे लिए जब मैं कोई मैच हार जाती हूं या जब आपके सामने कोई और प्रतियोगिता आने वाली होती है, तो मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि आप अपनी गलतियों से सीखें और मजबूत होकर वापस आएं और जो हो गया उसे छोड़ दें और सिर्फ अगले टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित करें। मेरा मतलब है, हर कोई एक–दूसरे के खेल को जानता है। बात सिर्फ इतनी है कि उस दिन, जो अच्छा खेलता है और सर्वश्रेष्ठ देता है वह विजेता होता है। इसलिए, मलेशिया मास्टर्स में जो हुआ है, मुझे पता है कि यह थोड़ा दुखद है कि मैं वह जीत हासिल कर सकती थी। मैं 11–3 से आगे थी, यह सिर्फ उन 11 अंकों की बात है और मैं चैंपियनशिप जीत सकती थी लेकिन मुझे लगा कि यह मेरा दिन नहीं था क्योंकि मैंने सब कुछ किया और यह काम नहीं आया, लेकिन, यह ठीक है, मैंने जीत हासिल की, कुछ गलतियों से बहुत कुछ सीखा..।

# कौन होगा भारत का अगला टी-20 कप्तान

## पंड्या की दावेदारी सबसे मजबूत, पंत, सूर्या और बुमराह भी रेस में

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 29 जून को भारत ने दूसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप जीता...चैंपियन बनते ही टीम के 3 दिग्गजों ने टी-20 इंटरनेशनल को अलविदा कह दिया, इनमें विराट कोहली और रवींद्र जडेजा के साथ कप्तान रोहित शर्मा भी रहे। अब हमें अगला टी-20 वर्ल्ड कप कौन सा कप्तान जिताएगा...क्या वह फाइनल चेंजिंग कैच पकड़ने वाले सूर्यकुमार यादव होंगे। खतरनाक साबित हो रहे क्लासन और मिलर को पवेलियन भेजने वाले हार्दिक पंड्या होंगे, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट जसप्रीत बुमराह या फिर मौत को मात देकर वर्ल्ड चैंपियन बनने वाले मिरेकल मैन ॠषभ पंत होंगे।



## गाजीपुर के राजकुमार पाल का भारतीय हॉकी ओलंपिक टीम में चयन

# पेरिस में होने वाले ओलंपिक में लेंगे भाग

**गाजीपुर, एजेंसी।** गाजीपुर की सैदपुर के करमपुर गांव के रहने वाले राजकुमार पाल का चयन भारतीय हाकी ओलंपिक टीम के लिए किया गया। राजकुमार पाल गाजीपुर के पहले हाकी खिलाड़ी हैं जिनका चयन ओलंपिक टीम में हुआ है। पेरिस में होने वाले ओलंपिक में 16 सदस्यीय टीम में राजकुमार मिडफील्डर के तौर पर खेलेंगे। राजकुमार पाल ने करमपुर के मेघ बरन सिंह स्टेडियम में 8 साल की उम्र से ही हॉकी खेलना शुरू किया था। पिछले चार सालों से वह नेशनल टीम का हिस्सा है और बेहतरीन खेल की वजह से अब ओलंपिक टीम में चयन हुआ है। इससे पहले वह कई अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं, उन्होंने 2020 में बेल्जियम के खिलाफ अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। राजकुमार फिलहाल बेंगलुरु में ट्रेनिंग कैंप अटेंड कर रहे हैं और ओलंपिक की तैयारी कर रहे हैं। 8 जुलाई को वह



हॉलैंड जायेंगे और वहां कुछ प्रैक्टिस मैच खेलेंगे और फिर पेरिस के लिए रवाना होंगे। मेघबरन सिंह स्टेडियम के प्रबंधक अनिकेत सिंह ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि मेघबरन सिंह स्टेडियम के दो खिलाड़ियों राजकुमार पाल और ललित उपाध्याय का चयन ओलंपिक के लिये हुआ है। ललित उपाध्याय पिछले ओलंपिक में भी कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम का हिस्सा रहे हैं, वह मूल रूप से वाराणसी के रहने वाले हैं लेकिन उन्होंने अपने करियर की शुरुआत इसी स्टेडियम से की थी। उन्होंने कहा कि गाजीपुर को राजकुमार पाल के रूप में पहला ओलंपियन मिल गया है और इसका श्रेय इस स्टेडियम के संस्थापक स्वर्गीय तेजबहादुर सिंह को जाता है। एक एक्सीडेंट में राजकुमार के पिता का निधन हो गया था, वह तीन भाई हैं। उनके दोनों बड़े भाई जोखन पाल और राजू पाल भी इस स्टेडियम के ही खिलाड़ी रहे हैं और फिलहाल स्पोर्ट्स कोटे से सरकारी नौकरी कर रहे हैं.

# अंतिम ग्रुप मैच में इंडोनेशिया ने भारत को 1-4 से हराया

## क्वार्टर फाइनल में मलयेशिया से होगा सामना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप के तहत रविवार को खेले गए मुकाबले में इंडोनेशिया ने भारत को 1-4 से हरा दिया। इसी के साथ भारत ग्रुप सी में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। अब भारत का चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में उसका सामना मलयेशिया से होगा।



नॉकआउट चरण के लिए पहले ही क्वालिफाई कर चुके भारत ने इंडोनेशिया के खिलाफ अंतिम ग्रुप मैच के लिए अपनी पूरी लाइन-अप बदल दी। उन्होंने लड़कियों के एकल में तन्वी शर्मा को आराम दिया और नए मिश्रित और पुरुष युगल को उतारा। वंश देव और श्रावणी वालेकर की मिश्रित युगल जोड़ी ने तौफिक अदर्या और क्लेयरिन मुलिया से पहला मैच 14-21, 16-21 से गंवा दिया। ध्रुव नेगी एक घंटे से ज्यादा समय तक चले मैच में ब्यूनो ओकटोरा से 14-21, 21-11, 11-21 से हार गए। भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू को लड़कों के युगल में एंसेलमस प्रसेत्या और पुलुंग रामाधन से 17-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा जिससे भारत यह मुकाबला गंवा बैठा। नव्या कांडेरी ने मुटियारा पुष्पितसारी पर 21-19, 21-19 से जीत दर्ज की।

# मैं कॉमेडी जॉनर को एक्सप्लोर करना चाहता था, इसलिए बैड न्यूज को किया हां: विक्की कौशल

विक्की कौशल अपनी अपकमिंग कॉमेडी ड्रामा फिल्म बैड न्यूज को लेकर चर्चा में हैं। इसमें वो तृप्ति डिमरी और एमी विर्क के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आने वाले हैं। इसमें कॉमेडी के साथ-साथ रोमांस का भी तड़का देखने को मिलेगा। फिल्म को करने के पीछे की वजह बताते हुए एक्टर ने कहा है कि उन्होंने इस मूवी के लिए इसलिए हामी भरी, क्योंकि वह कॉमेडी जॉनर को एक्सप्लोर करना चाहते थे। वह ऐसा कुछ करना चाहते थे, जो उन्होंने पहले नहीं किया है। एक्टर ने कॉमेडी फिल्म की शूटिंग के एक्सपीरियंस को शेयर किया। उन्होंने कहा कि इस जॉनर में पहली बार काम करने के बावजूद उन्हें इसमें काफी सहजता महसूस हुई। विक्की ने कहा, मेरे लिए इस फिल्म की शूटिंग घर पर होने जैसा था। आनंद तिवारी और करण जौहर के साथ काम करना काफी अच्छा रहा, साथ ही स्क्रिप्ट भी बहुत अच्छी थी। फिल्म का कॉन्सेप्ट मुझे नया लगा और इसमें कॉमेडी भरपूर है, हालांकि मैंने बतौर एक्टर कॉमेडी जॉनर को ज्यादा एक्सप्लोर नहीं किया है। फिल्म डायरेक्टर आनंद तिवारी के बारे में बात करते हुए विक्की ने कहा, एक बेहतरीन एक्टर होने के अलावा, वह एक शानदार डायरेक्टर भी हैं, खासकर जब कॉमेडी की बात आती है, तो उनसे बेहतर एक्टर कोई नहीं हैं।

एक्टर ने आगे कहा, मेरे लिए यह कुछ नया भी था। सीन में जिस तरह की एनर्जी दिखाने की जरूरत होती है, वह मुझे सेट से मिली। मैं एक फैमिली के साथ काम कर रहा था, जो मायने काफी रखता है, क्योंकि मैंने कॉमेडी जॉनर में न के बराबर काम किया है और बहुत सी चीजें मेरे लिए नई थीं। इसलिए, बिना ज्यादा सोचे-समझे, मैंने इनके सामने सरेंडर कर दिया। फिल्म का डायरेक्शन आनंद तिवारी ने किया है। वहीं स्क्रिप्ट तरुम डुडेजा और इशिता मोइत्रा ने मिलकर लिखी है। यह अमेजन प्राइम और करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा लियो मीडिया कलेक्टिव के सहयोग से प्रस्तुत की जा रही है। फिल्म में विक्की कौशल के अलावा तृप्ति डिमरी और एमी विर्क भी हैं। वहीं नेहा धूपिया भी अहम रोल में हैं। फिल्म का ट्रेलर हाल ही में रिलीज किया गया। ट्रेलर से पता चलता है कि फिल्म में तृप्ति ने सलोनी नाम की लड़की का किरदार निभाया है, जो प्रेग्नेंट है, लेकिन बच्चे का बाप कौन है, इसको लेकर कन्फ्यूजन में हैं। जब यह बात वह विक्की कौशल को बताती हैं, तो वह काफी खुश होते है कि वह पापा बनने वाले हैं। इसी बीच विक्की को पता चलता है कि तृप्ति का एमी विर्क के साथ भी रिलेशन है।



करीना ने अपनी

## पहली फिल्म 'रिफ्यूजी' के 24 साल पूरे होने का मनाया जश्न



बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान ने रविवार को अपने करियर की पहली फिल्म 'रिफ्यूजी' के 24 साल पूरे होने का जश्न मनाया। इस फिल्म से अपना डेब्यू करने वाले अभिषेक बच्चन इसमें मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का निर्देशन जेपी दत्ता ने किया था। फिल्म की 24वीं सालगिरह पर करीना और जेपी दत्ता की बेटी निधि दत्ता ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर खास पोस्ट किया।

करीना कपूर खान ने फिल्म का एक छोटा वीडियो शेयर किया। उन्होंने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा कि 24 साल हो गए खुद को और मेरे कैरेक्टर्स को खोजते हुए, बेस्ट अभी आने वाला है, लव यू ऑल। जेपी फिल्म्स की विरासत को आगे बढ़ाते हुए बॉर्डर 2 की निर्माता निधि दत्ता ने फिल्म के कुछ अनसीन फोटोज को पोस्ट किया। कैप्शन में उन्होंने अभिनेताओं के लिए एक प्यारा संदेश लिखा, जिसमें कहा गया कि इन दो सच्चे सितारों को रिफ्यूजी के 24 साल मुबारक, फिल्म से बहुत सारी यादें जुड़ी हैं। रिफ्यूजी में जैकी श्रॉफ, सुनील शेट्टी और अनुपम खेर भी थे। फिल्म में अभिषेक बच्चन की कहानी दिखाई गई है, जो लोगों को सरहद पार कर पाकिस्तान पहुंचाने का काम करता है। इसी से वह अपना जीवन यापन करता है। फिल्म में दिखाया गया है कि वह जब एक परिवार को सरहद पार कराता है तो उसकी मुलाकत नाजनीन अहमद (करीना कपूर) से होती है। दोनों को प्यार हो जाता है। वह हमेशा एक-दूसरे के साथ रहना चाहते हैं। मगर, भारत-पाकिस्तान के बीच खराब स्थिति उनके लिए कई सारी मुश्किलें पैदा कर देती हैं।



## अभिनय में नहीं आना चाहती थीं नरगिस

नरगिस फाखरी को हम हिंदी सिनेमा की अभिनेत्री के रूप में जानते हैं। वह अभिनेता रणबीर कपूर के साथ फिल्म रॉकस्टार में नजर आई थीं। फिल्म में हीर कौल का किरदार निभाकर वह रातों-रात मशहूर हो गईं। फिल्म का निर्देशन इम्तियाज अली ने किया था। इस फिल्म के बाद उन्हें कई और फिल्में मिलीं। इस दौरान उन्होंने कई अच्छे निर्देशकों के साथ काम किया। इसके बाद वह कुछ और फिल्मों में नजर आईं। अपने अभिनय करियर को लेकर अभिनेत्री ने हाल में ही एक चौंकाने वाला खुलासा किया है।

### एक ईमेल ने दिलाया बॉलीवुड में पहला ब्रेक

नरगिस ने हाल में ही एक इंटरव्यू के दौरान अभिनय और बॉलीवुड को लेकर एक दिलचस्प खुलासा किया है। उन्होंने कहा है कि वह अभिनय की दुनिया और बॉलीवुड में कभी आना नहीं चाहती थीं, लेकिन एक ईमेल ने उनके करियर की दिशा इस तरफ मोड़ दी। अभिनय के इस सफर को उन्होंने अप्रत्याशित रोमांच बताते हुए कहा कि यह सब एक ईमेल से शुरू हुआ था, जिसका जवाब देने के फैसले ने उन्हें बॉलीवुड में पहला बड़ा ब्रेक दिलाया। उन्होंने अपने करियर को लेकर कहा कि जो भी हुआ वह पूरी तरह से उनकी किस्मत थी।



## विजय सेतुपति हमेशा से ही बनना चाहते थे एक्टर

हाल में रिलीज हुई फिल्म महाराजा के लिए तारीफ बटोरने वाले तमिल स्टार विजय सेतुपति ने कहा कि वह एक अकाउंटेंट थे, मगर शुरू से ही एक अभिनेता बनने की चाहत रखते थे। एक अकाउंटेंट के रूप में शुरुआत करने वाले विजय सेतुपति एक अभिनेता बनना चाहते थे। इसी सपने को पूरा करने के लिए वह शुरुआत में एक थिएटर कंपनी में शामिल हो गए, जहां केवल अकाउंटेंट की ही जगह थी। उन्होंने कहा कि मैंने सोचा कि अगर मैं अकाउंटेंट के तौर पर काम करूं तो मैं हर दिन कलाकारों को देख सकता हूं। मैं उनके साथ रह सकता हूं। मैं उनसे बात कर सकता हूं। मैं समझ सकता हूं कि अभिनय क्या है। यह सब कुछ मेरा सबक था। यहां तक कि लंच में उनके साथ होना मेरे लिए एक क्लास थी।

अभिनेताओं के साथ रहना हमेशा कुछ सिखाता था। अभिनेता ने अपने बच्चों के साथ अपने संबंधों के बारे में भी बातें की। उन्होंने कहा कि मैं एक बेटा और एक बेटी का पिता हूं। मैं अपनी बेटी से बहुत प्यार करता हूं। अगर वह मुझ पर हावी होती है, तो मुझे हमेशा अच्छा लगता है। मैं उसे अम्मा (मां) और अपने बेटे को अप्पा (पिता) कहता हूं। अभिनेता ने अपने बच्चों के साथ खुलकर बात करने पर जोर दिया। एक्टर ने कहा कि उन्होंने हमेशा बच्चों से अपने काम के बारे में भी बातें की है। उन्होंने वैरायटी से कहा कि जब भी मैं किसी फिल्म की शूटिंग के लिए जाता हूं, और कोई दिलचस्प सीन होता है तो मैं अपने बच्चों के साथ हमेशा शेयर करता हूं। सेतुपति कहते हैं कि उन्हें अपने विषय के चुनाव के लिए जिम्मेदारी का अहसास है और वे अपने बच्चों के सुझावों को गंभीरता से लेते हैं। एक्टर ने आगे कहा कि मैं खुद को कभी पिता के रूप में पेश नहीं करता, बल्कि मैं कभी-कभी खुद बच्चा बन जाता हूं।

## मोनाली ठाकुर के साथ कॉन्सर्ट में बदसलूकी

मोनाली ठाकुर एक जानी-मानी सिंगर हैं और कई हिट गाने गा चुकी हैं, जिनमें ये मोह मोह के धागे, सवार लूं और जरा जरा टच मी जैसे गाने शामिल हैं। हाल ही में सिंगर के साथ एक कॉन्सर्ट में बदसलूकी हुई, जिससे मोनाली ठाकुर भड़क गईं और गुस्से में आकर उन्होंने कॉन्सर्ट बीच में रोक दिया और बदसलूकी करने वाले शख्स को खूब लताड़ा। रिपोर्ट के अनुसार, मोनाली ठाकुर शनिवार, 29 जून को भोपाल की सेज यूनिवर्सिटी में परफॉर्म करने पहुंची थीं।



यहां कॉन्सर्ट में कॉलेज के बच्चे थे और भारी भीड़ थी। लेकिन तभी मोनाली ने अचानक कॉन्सर्ट रोक दिया। फिर उन्होंने अपनी टीम से कुछ कहा और भड़क गईं। सिंगर ने भीड़ में खड़े एक शख्स की ओर इशारा करते हुए बताया कि उसने उनके प्राइवेट पार्ट पर कमेंट किया। कुछ लोग भीड़ में छुपकर कमेंट करते हैं। फिर मोनाली ने शख्स से कहा कि आप काफी यंग हैं और इस तरह की बात किसी के लिए भी नहीं कहनी चाहिए।

वह इस मुद्दे पर आवाज उठानी थी और इसलिए उन्हें मौका मिला तो बात की। इसके बाद जब मामला शांत हुआ तो मोनाली ठाकुर का कॉन्सर्ट दोबारा शुरू हुआ और सिंगर ने फिर गाना शुरू किया। वहीं उस शख्स ने सफाई दी कि उसने सिर्फ मोनाली के डांस मूव्स पर कमेंट किया था और कुछ भी आपत्तिजनक नहीं कहा था।



## अदा खान ने बताई टीवी इंडस्ट्री की कड़वी सच्चाई

नागिन सीरियल से सुर्खियां बटोरने वाली एक्ट्रेस अदा खान अपनी खूबसूरती को लेकर चर्चा में रहती हैं। उनके लाखों चाहने वाले हैं लेकिन लंबे समय से एक्ट्रेस छोटे पर्दे पर भी दिखी नहीं हैं। उन्होंने हाल ही में इंडस्ट्री की कड़वी सच्चाई के बारे में बात की है।

तकरीबन डेढ़ दशक से छोटे पर्दे के दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाने में कामयाब अदा खान ने टेलिविजन पर कई भूमिकाएं की हैं, मगर नागिन की शेषा की भूमिका ने उन्हें एक अलग तरह की शोहरत दिलाई है। कुछ अरसा पहले वे वेब सीरीज रात्रि के यात्री के सीजन 2 में भी नजर आईं थीं। मगर इन दिनों अदा भूमिकाओं को लेकर चूजी हो गई हैं। उनका कहना है, मनोरंजन जगत काफी विकसित और बदल गया है। आज टीवी और फिल्मों के साथ-साथ ओटीटी के कई प्लैटफॉर्म आ गए हैं, मगर इन विभिन्न प्लैटफॉर्म्स के कारण कॉम्पटीशन बढ़ गया है। यहां तक कि टीवी उद्योग ने भी काफी प्रगति की है, लेकिन प्रतिस्पर्धा कई गुना बढ़ गई है। ऐसे में सही भूमिकाएं ढूंढना निश्चित रूप से चुनौतीपूर्ण है और खास तौर पर ऐसी भूमिकाएं जो आप करना चाहते हैं। फिर ये भी तो देखने वाली बात है कि रोजाना हमारी फील्ड में नए चेहरे आ रहे हैं।

## तमन्ना ने की विराट कोहली की दिल खोलकर तारीफ

### कभी थे क्रिकेटर संग अफेयर के चर्चे




भारतीय टीम शनिवार को साउथ अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप फाइनल 2024 की विनर बन गई। भारत के जीत हासिल करते ही पूरा देश खुशी से झूम उठा।आम लोगों से लेकर अमिताभ बच्चन, सलमान खान, रणवीर सिंह, वरुण धवन, अनुष्का शर्मा जैसे सेलेब्स टीम इंडिया को बधाई देते नजर आए। इसी बीच अब एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर विराट कोहली, रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ को बधाई देते हुए टीम इंडिया की जीत का जश्न मनाया है। उनका ये पोस्ट लोगों का खूब ध्यान खींच रहा है। तमन्ना भाटिया ने मैच की तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा- हम जीत गए! क्या खूबसूरत मैच था, यह जरूरी था! वो क्रेजी ओवर, विराट की पारी, 30 गेंदों में 30 रन वाला मोमेंट, स्काई का वो कैच, बुमराह का वो ओवर, हार्दिक का वो आखिरी ओवर!!! और दिग्गज विराट, रोहित और राहुल द्रविड़ सर! बधाई हो चैंपियंस हम जीत गए। बता दें, इससे पहले तमन्ना भाटिया कभी विराट कोहली संग अफेयर की खबरों को लेकर भी चर्चा में रह चुकी हैं। साल 2012 में तमन्ना और विराट को लेकर डेटिंग की खबरें आई थीं।

## तब्बू ने अजय के साथ अपने रिश्ते पर की बात



बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और तब्बू इन दिनों अपनी आगामी फिल्म औरों में कहां दम था को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। दोनों सितारे फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। दोनों ने पहली बार साल 1994 की फिल्म विजयपथ में पहली बार स्क्रीन साझा की थी। इसके बाद इन्हें हकीकत, दृश्यम, दे दे प्यार दे, दृश्यम 2 और भोला जैसी फिल्मों में साथ देखा गया है। तब्बू ने हाल ही में अजय के साथ अपनी ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन रिश्ते के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि कैसे वे दो बिल्कुल अलग लोग हैं, जो कुछ चीजें एक जैसी पसंद करते हैं। तब्बू ने अजय देवगन के साथ कई प्रोजेक्ट्स में काम करने पर एक बातचीत में कहा, हम लोग एक दूसरे से बहुत अलग हैं, लेकिन हम कई चीजों में एक जैसी पसंद साझा करते हैं, जो किसी भी चीज से परे है। मुझे लगता है कि यह इस बात को लेकर है कि हम एक दूसरे के लिए क्या साझा करते हैं और हम एक-दूसरे के लिए क्या महसूस करते हैं। चाहे आप दोस्त के रूप में कितने भी करीबी क्यों न हों, स्क्रीन शेयर करना उससे बहुत अलग है, जो आप कैमरे के पीछे साझा करते हैं। कुछ चीजों में हमारी पसंद एक जैसी है और कुछ में पूरी तरह से अलग है। हो सकता है कि हम हर बात पर सहमत न हों।

## गोपीचंद की आगामी फिल्म में एक्शन अवतार में नजर आएंगे सनी देओल



मसाला फिल्मों के सफल निर्देशक गोपीचंद मालिनेनी की आगामी फिल्म एसडीजीएम का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। साउथ फिल्मों के निर्देशक की इस फिल्म को लेकर पूरे भारत में उत्साह देखने को मिल रहा है। फिल्म की घोषणा होने के बाद से दर्शक इस फिल्म से जुड़ी हर बड़ी-छोटी जानकारी पर लगातार निगाहें टिकाए हुए हैं। फिल्म में हिंदी फिल्मों के मशहूर अभिनेता सनी देओल नजर आने वाले है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू भी हो चुकी है, जिसकी जानकारी निर्माताओं द्वारा हाल में ही दी गई थी।

फिल्म को लेकर अफवाहों का बाजार काफी गर्म है, जिसको लेकर निर्देशक ने बीते दिनों बात भी की थी। अब फिल्म को लेकर एक और नई जानकारी सामने आई है। इस फिल्म के निर्देशक और अभिनेता की जोड़ी काफी दिलचस्प है। गोपीचंद मास फिल्मों के सफल निर्देशक हैं। वहीं, सनी देओल मास तथा एक्शन फिल्मों के जाने-माने अभिनेता हैं। ऐसे में दर्शकों को पर्दे पर पैसा वसूल मनोरंजक फिल्म देखने को मिल सकती है। जैसे-जैसे फिल्म की शूटिंग आगे बढ़ रही है, फिल्म को लेकर नए-नए दावे किए जा रहे हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म में निर्देशक सनी देओल को पहले से काफी अलग और बड़े अवतार में पेश करने वाले हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इस फिल्म में सनी देओल के कुछ मशहूर डायलॉग्स को फिर से पर्दे पर जिंदा किया जाएगा। भारतीय सिनेमा में सनी देओल शुरुआती कुछ एक्शन अभिनेताओं में से एक हैं। वह उन अभिनेताओं में शामिल हैं, जिन्होंने भारत में एक्शन फिल्म की दर्शकों के बीच स्वीकार्यता बढ़ाई है।

भारतीय फिल्मों के इतिहास में अमिताभ बच्चन को एक्शन हीरो के तौर पर सबसे पहले पुख्ता पहचान मिली थी, लेकिन सनी देओल भी बाद में दर्शकों द्वारा बतौर एक्शन हीरो काफी पसंद किए गए। पिछले साल ही सनी ने गदर 2 फिल्म के साथ वापसी की थी। इस फिल्म में उनका वही चिरपरिचित एक्शन अवतार नजर आया था, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया था। गोपीचंद अपनी फिल्मों में एक्शन काफी अच्छे से दिखाते हैं, ऐसे में उनकी फिल्म में सनी देओल को एक बार फिर एक्शन अवतार में देखना दर्शको के लिए काफी दिलचस्प होने वाला है। बात करें एसडीजीएम की तो इसमें मुख्य अभिनेत्री के तौर पर सैयामी खेर और रेजिना कैसेंड्रा को चुना गया है। टॉलीवुड के प्रमुख प्रोडक्शन हाउस मैत्री मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्ट्री इस फिल्म का निर्माण बड़े पैमाने पर कर रहे हैं। थमन एस फिल्म के लिए संगीत तैयार कर रहे हैं।

-साभार एजेंसी